Seventeenth Series, Vol. XVIII No. 25 | Tuesday, April 5, 2022
Chaitra 15, 1944 (Saka)

LOK SABHA DEBATES

(Original Version)

Eighth Session
(Seventeenth Lok Sabha)

सत्यमेव जयते

(Vol. XVIII contains Nos.21 to 27)

LOK SABHA SECRETARIAT
NEW DELHI

EDITORIAL BOARD

Utpal Kumar Singh
Secretary-General
Lok Sabha

Suman Arora
Joint Secretary

Mahavir Singh
Director

Narad Prasad Kimothi
Sunita Arora
Joint Director

Meenakshi Rawat
Editor

© 2022 Lok Sabha Secretariat

None of the material may be copied, reproduced, distributed, republished, downloaded, displayed, posted or transmitted in any form or by any means, including but not limited to, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise, without the prior permission of Lok Sabha Secretariat. However, the material can be displayed, copied, distributed and downloaded for personal, non-commercial use only, provided the material is not modified and all copyright and other proprietary notices contained in the material are retained.

C O N T E N T S

Seventeenth Series, Vol. XVIII, Eighth Session, 2022/1944 (Saka)

No. 25, Tuesday, April 05, 2022/Chaitra 15, 1944 (Saka)

S U B J E C T	P A G E S
ORAL ANSWERS TO QUESTIONS	
*Starred Question Nos. 461 to 465	12-24
WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS	
Starred Question Nos. 466 to 480	25-99
Unstarred Question Nos. 5291 to 5520	100-738

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

PAPERS LAID ON THE TABLE 739-763

PUBLIC ACCOUNTS COMMITTEE

48th to 50th Reports 764

COMMITTEE ON ABSENCE OF MEMBERS FROM SITTINGS OF THE HOUSE

7th Report 765

STANDING COMMITTEE ON LABOUR, TEXTILES AND SKILL DEVELOPMENT

33rd Report 766

STATEMENT BY MINISTER

Status of implementation of the recommendations contained in the 16th Report of the Standing Committee on Rural Development and Panchayati Raj on 'Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin (PMAY-G)' pertaining to the Department of Rural Development, Ministry of Rural Development

Shri Arjun Ram Meghwal 767

WEAPONS OF MASS DESTRUCTION AND THEIR DELIVERY SYSTEMS (PROHIBITION OF UNLAWFUL ACTIVITIES) AMENDMENT BILL, 2022 768

MATTERS UNDER RULE 377 773-800

(i) Need to set up world class sports infrastructure in Ambala Parliamentary Constituecy, Haryana

Shri Rattan Lal Kataria 773-774

(ii) Need to equip airstrip at Mohammadabad in Farrukhabad Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh with modern facilities and start flights services from there

Shri Mukesh Rajput 775

(iii) Need to restore attachment of coaches from Kotdwara, Uttarakhand with Mussoorie Express

Shri Tirath Singh Rawat 776

(iv) Regarding construction of under bridge/overbridge in Raipur Parliamentary Constituency, Chhattisgarh

Shri Sunil Kumar Soni 777

(v) Regarding conversion of railway line into broadgauge in Wardha Parliamentary Constituency, Maharashtra

Shri Ramdas Tadas 778

(vi) Need to provide houses under Pradhan Mantri Awas Yojana to all the eligible families in Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat

Shri Naranbhai Kachhadiya 779

(vii) Regarding holding Youth Programmes in Uttar Pradesh

Dr. Sanghamitra Maurya 780

(viii) Regarding setting up of a Steel plant in Bastar, Chhattisgarh

Shri Mohan Mandavi 781

(ix) Regarding measures to reduce Maternal Mortality Rate

Shri Jagdambika Pal 782

(x) Need to construct houses under PM Awas Yojana on National Textiles Mills Lands in Uttar Pradesh

Shri Satyadev Pachauri 783-784

(xi) Regarding cessation of reservation benefits to people belonging to Scheduled Tribes after their conversion to other religions

Dr. Dhal Singh Bisen 785

(xii) Need to provide funds for construction of canal in Madha Parliamentary Constituency, Maharashtra

Shri Ranjeetsinha Hindurao Nimbalkar 786

(xiii) Regarding setting up of a National Sports University in Mumbai, Maharashtra

Shri Gopal Shetty 787

(xiv) Regarding severe shortage of supply of fertilizers

Shri Ravneet Singh 788

(xv) Regarding implementation of Pradhan Mantri Matsya Sampada Yojana and Model Fishing village in Kanyakumari Parliamentary Constituency

Shri Vijaykumar *alias* Vijay Vasanth 789

(xvi) Regarding inclusion of Thiruvangad Sri Ramaswamy Temple in the PRASAD Scheme

Shri K. Muraleedharan 790

(xvii) Regarding saving small and medium railway contractors

Shri A. Ganeshamurthi 791-792

(xviii) Regarding portal of PM Awas Yojana (Rural)

Shri C. N. Annadurai 793

(xix) Regarding increase in NDRF funds for Andhra Pradesh

Shri Bellana Chandra Sekhar 794

(xx) Regarding exempting railway catering services from GST

Shri Vinayak Bhaurao Raut 795

(xxi) Regarding inclusion of Gopalganj district, Bihar under Pradhan Mantri Gramin Digital Saksharta Abhiyan

Dr. Alok Kumar Suman 796

(xxii) Regarding disinvestment of LIC

Kumari Chandrani Murmu 797

(xxiii) Regarding old Pension Scheme

Shri N.K. Premachandran 798

(xxiv) Regarding submission of report of the Committee for demarcation of new boundaries of the Bodoland Territorial Region

Shri Naba Kumar Sarania 799

(xxv) Regarding Par-Narmada-Tapi river linking project

Shrimati Raksha Nikhil Khadse 800

DISCUSSION UNDER RULE 193

Situation in Ukrain 802-949

Shri N.K. Premachandran 802-813

Shri Manish Tewari 814-821

Shri Brijendra Singh 822-830

Dr. T. Sumathy(A)Thamizhachi Thangapandian 831-837

Shri Sudip Bandyopadhyay 838-841

Shri Hardeep Singh Puri 842-850

Shri Pinaki Misra 851-856

Dr. Shashi Tharoor 857-866

Dr. Farooq Abdullah 867-869

Shri Shyam Singh Yadav 870-874

Shrimati Supriya Sadanand Sule 875-881

Shri Kiren Rijiju 882-887

Dr. M. P. Abdussamad Samadani 888-890

Shri Magunta Sreenivasulu Reddy 891-893

Shri K. Subbarayan 894-895

Dr. Shrikant Eknath Shinde 896-901

Shri Jyotiraditya M. Scindia 902-908

Shri Thomas Chazhikadan 909-911

Dr. Thol Thirumaavalavan	912-913
Prof. Sougata Ray	914-916
Shri Bhartruhari Mahtab	917-919
Shri Ritesh Pandey	920-922
Dr. Nishikant Dubey	923-927
Shri Jayadev Galla	928-932
Shri Rebati Tripura	933-934
Shri S. C. Udasi	935-936
Shri Adhir Ranjan Chowdhury	937-941
Gen. (Retd.) Dr V. K . Singh	942-949
CONSTITUTION (SCHEDULED CASTES AND SCHEDULED TRIBES) ORDERS (AMENDMENT) BILL, 2022	950-1014
Motion to Consider	950
Shri Arjun Munda	950-951, 1008-1014
Shri Kodikunnil Suresh	952-956
Shri Sunil Kumar Singh	957-964
Dr. DNV Senthilkumar S.	965-968
Shrimati Pratima Mondal	969-971
Shri N. Reddeppa	972-974
Shrimati Aparajita Sarangi	975-977
Dr. Alok Kumar Suman	978-979
Shri Bhartruhari Mahtab	980-982
Shri Rajendra Dhedya Gavit	983-984

Shrimati Sangeeta Azad	985-986
Shri Bidyut Baran Mahato	987-989
Shri Vijay Kumar Hansdak	990-992
Shri P. Ravindhranath	993-995
Shri K. Navaskani	996-997
Dr. K. Jayakumar	998-1000
Dr. Thol Thirumaavalavan	1001-1002
Dr. Nishikant Dubey	1003-1006
Shri S.S. Ahluwalia	1007
Clauses 2,3 and 1	1014
Motion to Pass	1014

***ANNEXURE – I**

Member-wise Index to Starred Questions	916
Member-wise Index to Unstarred Questions	917-922

***ANNEXURE – II**

Ministry-wise Index to Starred Questions	923
Ministry-wise Index to Unstarred Questions	924

* Available in Master copy of Debate, placed in Library.

OFFICERS OF LOK SABHA

THE SPEAKER

Shri Om Birla

PANEL OF CHAIRPERSONS

Shrimati Rama Devi

Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki

Shri Rajendra Agrawal

Shri Kodikunnil Suresh

Shri A. Raja

Shri P.V. Midhun Reddy

Shri Bhartruhari Mahtab

Shri N.K. Premachandran

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

SECRETARY GENERAL

Shri Utpal Kumar Singh

LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

Tuesday, April 05, 2022/Chaitra 15, 1944 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[**HON. SPEAKER** *in the Chair*]

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Question No. 461 - Shri Arvind Sawant

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): अध्यक्ष महोदय, प्राइस राइज पर चर्चा होनी चाहिए ।

…(व्यवधान)

11.01 hrs

At this stage, Shri T. N. Prathapan, Dr. Kalanidhi Veeraswamy, Shri Hibi Eden and some other hon. Members came and sat/stood on the floor near the Table.

…(व्यवधान)

11.02 hrs

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न संख्या 461, श्री अरविंद सावंत।

प्रश्न 461 के साथ प्रश्न 465 भी क्लब कर लेते हैं।

(Q. 461 & 465)

श्री अरविंद सावंत : अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं पैनडेमिक के समय में इस योजना के तहत इतना अच्छा काम हो रहा है। लेकिन पैनडेमिक के समय में ये सारी इंडस्ट्रीज बहुत परेशान थीं, ट्रांसपोटेशन नहीं था, रेल नहीं थी । ...(व्यवधान) ऐसी स्थिति में ये कंपनियां स्थगित हुई थीं या काम नहीं कर पाई, प्रोडक्शन नहीं कर पाईं, प्रोसेस नहीं कर पाईं। क्या सरकार उनको कुछ मदद देने के लिए सोच रही है, अगर मदद दी है तो महाराष्ट्र को कितनी मदद दी है? ...(व्यवधान)

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को हृदय से धन्यवाद देना चाहता हूं और आपके माध्यम से उनको और सदन को बताना चाहता हूं कि पैनडमिक के समय में लगातार फूड इंडस्ट्री चालू रही हैं। 15 अप्रैल, 2022 को एक सर्कुलर निकला था और देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगातार जारी रहा है। ...(व्यवधान)

मैं उनसे कहूंगा कि किसी भी प्रकार की शिकायत या जरूरत रही है,...(व्यवधान) मंत्रालय लगातार ऑनलाइन उन समस्याओं का समाधान करती रही है। मैं आपके माध्यम से बताना चाहूंगा कि सप्लाई चेन निर्बाध रूप से कोरोना के दौरान भी जारी रही है। ...(व्यवधान)

इसके साथ, मैं एक और निवेदन करूंगा कि चाहे किसान हो या व्यापारी किसान रेल के माध्यम से लगातार सप्लाई चेन जारी रही है, ...(व्यवधान) इसलिए इसमें कहीं कोई व्यवधान नहीं है। यदि किसी इंडस्ट्री के बारे में विशेष तौर से कहेंगे तो मैं जरूर उसकी जानकारी दूंगा।

श्री अरविंद सावंत: माननीय अध्यक्ष जी, फूड इंडस्ट्री सबसे ज्यादा महाराष्ट्र आकर्षित करता है। …(व्यवधान) आज भी महाराष्ट्र में फूड प्रोसेसिंग में सबसे ज्यादा इन्वेस्टमेंट सरकार की है, मैं उसकी सराहना करता हूं।

लेकिन एक बात ध्यान देनी चाहिए कि इसमें फिशरीज भी है, उसके बारे में कोई उल्लेख नहीं है, नारियल भी है। क्या सरकार उसे भी इस योजना में शामिल करके न्याय देने की बात करेगी? …(व्यवधान)

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल : माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि समुद्री उत्पाद है। वर्ष 2017 से 2021 तक 595 अमेरिकी बिलियन डॉलर का एक्सपोर्ट हुआ है और लगातार प्रति वर्ष होता रहा है। …(व्यवधान) समुद्री उत्पाद हो, मांस, डेयरी और कोको प्रोडक्ट्स हो, महाराष्ट्र ने लगातार अनाज से लेकर समुद्री उत्पाद मांस, डेयरी, कोको तेल हो, सभी का निर्यात किया है। यह स्कीम महाराष्ट्र में जारी है और महाराष्ट्र पहले पांच राज्यों में शामिल है जो इस क्षेत्र में निर्यात करता है और बेहतर काम कर रहा है। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन जी।

…(व्यवधान)

श्री संजय जाधव जी।

श्री संजय जाधव: अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय से एक सवाल पूछना चाहता हूं। मंत्री महोदय ने जवाब दिया है कि खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय वर्ष 2016-17 से महाराष्ट्र सहित पूरे देश में प्रधानमंत्री सम्पदा योजना, पीएमकेएसवाई को करने हेतु तथा संशोधन स्वीकृत करने हेतु, वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु, सम्पदा पोर्टल पर समय-समय पर अभिरूचि की ईओआई के माध्यम से प्रस्ताव किया है। …(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि वर्ष 2016-17 के बाद कितने प्रस्ताव महाराष्ट्र सरकार से आए हैं? इसकी जानकारी दीजिए। अभी तक आपके पास 2358 प्रस्ताव देश भर से आए हैं, जिसमें से 441 महाराष्ट्र से आए हैं। इनमें से कितने प्रस्तावों को अभी तक मंजूरी दी गई है। …(व्यवधान)

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल: माननीय अध्यक्ष जी, किसान संपदा योजना सबसे लोकप्रिय योजनाओं में से है। मैं आपके माध्यम से महाराष्ट्र के तमाम जनप्रतिनिधियों और माननीय सदन को बताना चाहता हूं कि मेगा फूड पार्क किसान सम्पदा योजना का बड़ा कम्पोनेंट है और यहां तीन परियोजनाओं में से दो परियोजनाएं पूरी हो गई हैं। …(व्यवधान) कोल्ड चेन में 62 और एपीसी में 12 हैं, इनमें से तीन पूरी हुई हैं। फारवर्ड बैकवर्ड लिंकेज की 11 स्कीम्स हैं, इनमें से आठ पूरी हो गई हैं और फारवर्ड लिंकेज में 26 स्कीम्स में से 20 पूरी हो गई हैं। ऑपरेशन ग्रीन के तहत जो योजनाएं वहां चल रही हैं, मुझे लगता है कि किसान सम्पदा योजना के जितने कम्पोनेंट हैं, उन सभी कम्पोनेंट्स में महाराष्ट्र सरकार ने अपना काम किया है। देश भर में 68 योजनाएं हैं, जिनमें से 12 पूरी कर दी गई हैं और महाराष्ट्र में तीन हैं। …(व्यवधान)

श्री विनायक भाउराव राऊत : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि फूड प्रोसेसिंग यूनिट एक महत्वपूर्ण योजना है, लेकिन दुर्भाग्य से पिछले तीन वर्षों में पूरे देश में 2358 प्रोजेक्ट्स आए और इनमें महाराष्ट्र के सिर्फ 72 हैं।

मेगा फूड पार्क योजना पूरी तरह से असफल हुई, इसलिए हम लोगों ने मांग की थी कि मेगा फूड की जगह मीडियम फूड पार्क प्रोसेसिंग यूनिट को मंजूरी दें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को फायदा हो सके। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, आज तक 72 प्रपोजल्स महाराष्ट्र से आए हैं। मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि उनमें से कितने कार्यान्वित हुए हैं? मैंगो, ग्रेप्स और फिशिंग यूनिट में ऐसे कितने फूड प्रोसेसिंग प्लांट मंजूर किए गए हैं, क्या आप इसकी जानकारी दे सकते हैं? …(व्यवधान)

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल: माननीय अध्यक्ष जी, महाराष्ट्र में तीन मेगा फूड पार्क्स हैं, जिनमें से दो पूरे हुए हैं। एक का काम अभी प्रचालित है, इसलिए मंत्रालय इसे कम्पलीट में नहीं मानता है।

महोदय, दूसरी बात जो माननीय सदस्य ने कही है, मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद दूंगा कि 137 प्रतिशत बजट बढ़ाया है। पीएलआई स्कीम, जिसमें फिशिंग, मटरोला चीज़ है, एक ही स्कीम के लिए 1100 करोड़ रुपये का प्रावधान है। इसे पहली बार लिया गया है। …(व्यवधान)

महोदय, किसान सम्पदा योजना में पैसा बढ़ाया गया है। आप जिस यूनिट स्कीम की बात कर रहे हैं, वह लगातार चालू है। फूड प्रोसेसिंग मंत्रालय में जिस प्रकार से माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में फोकस हुआ है और जिस प्रकार से दुनिया में भारतीय खाद्यपान के प्रति रुचि बढ़ी है, मार्केट, ब्रांडिंग और पैरामीटर्स को लेकर जो समस्या थी, उन दोनों का समाधान इस समय कर लिया गया है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य अगर और विस्तार से जानकारी चाहते हैं तो मैं उनको सूची पहुंचा दूंगा।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: श्री ई. टी. मोहम्मद बशीर

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न संख्या 462, श्रीमती केशरी देवी पटेल।

(Q. 462)

श्रीमती केशरी देवी पटेल : माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि कीटनाशकों, रसायनों और उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से कितनी भूमि बंजर हुई है? बंजर भूमि को पुन: उपजाऊ बनाने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं? क्या इसका कोई आंकड़ा या ब्यौरा है? …(व्यवधान)

श्री कैलाश चौधरी: माननीय अध्यक्ष जी, कृपया प्रश्न एक बार फिर पूछें, मुझे आवाज़ नहीं आई। …(व्यवधान)

श्रीमती केशरी देवी पटेल: माननीय अध्यक्ष जी, पिछले कुछ वर्षों से बहुत अधिक मात्रा में कीटनाशकों, उर्वरकों का उपयोग हो रहा है। इससे जमीन तो क्षतिग्रस्त हो ही रही है, लोगों को जान भी गंवानी पड़ रही है। क्या कोई ऐसी एजेंसी है जो सुनिश्चित करे कि ग्रामीण क्षेत्र में बिकने वाले रसायन, उर्वरक मानक के अनुरूप हैं या नहीं? जो लोग मानक के अनुरूप जमीन विरक्त कर रहे हैं और जान से क्षति पहुंचाने वाले कीटनाशकों की बिक्री करने वालों पर रोक लगाने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं? …(व्यवधान)

श्री कैलाश चौधरी : अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार इसके लिए निश्चित रूप से गंभीर है। जिस तरह से पेस्टिसाइड्स का उपयोग हो रहा है और जहां अधिक उपयोग होता है या कोई फर्जी पेस्टिसाइड है, तो उसके लिए नेशनल इंसेक्टिसाइड एक्ट बना हुआ है। …(व्यवधान) उसके अंदर जो इंस्पेक्टर होते हैं, वे वहां जाकर छापा मारते हैं। इसके अंदर यह भी प्रावधान है कि जो रसायनिक उर्वरक होती है, उसको कंट्रोल करने के लिए एक सेंट्रल इंसेक्टिसाइड बोर्ड भी बना हुआ है। उसमें एक पैरामीटर तय किया जाता है कि किसान को कौन-सा पेस्टिसाइड उपयोग करना है। …(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मुझे बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सबसे पहले जो जमीन बंजर हो रही है, उसको कम करने के लिए प्रयास किए जाने पर जोर दिया है।…(व्यवधान) इसके लिए सॉयल हेल्थ कार्ड भी वितरीत किए गए हैं। अभी तक 22

करोड़ सॉयल हेल्थ कार्ड वितरीत किए जा चुके हैं। इसके साथ ही, फर्टिलाइजर को बैलेंस रूप में डालने के लिए किसानों को अवेयर किया जाता है। यह काम आरकेवीवाई योजना के तहत भी किया जाता है। इसके साथ ही एग्री क्लीनिक की भी व्यवस्था की गई है। गांवों में टेस्टिंग लैब्स भी स्थापित की गई हैं।

इसमें प्राकृतिक और ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में सरकार काम कर रही है, ताकि जमीन की फर्टिलिटी भी बढ़े और जो जमीन बंजर हो रही है, उसको भी कम करने की दिशा में प्रयास किए जाएं। …(व्यवधान)

श्री मलूक नागर: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जिस तरह से सरकार की पॉलिसी है कि किसान की आय डबल हो और बढ़िया तरीके की विदेशी तकनीक लाकर नई तरह की खेती, नई तरह के फूल और नई तरह की सब्जियां पैदा की जाएं, तो माननीय मंत्री जी बताएं कि क्या पूरे देश में और खासकर उत्तर प्रदेश में डिस्ट्रिक्टवाइज या हर जिला मुख्यालय में किसानों को ट्रेंड करने के लिए प्रशिक्षण शिविर लागने की कोई योजना है, ताकि किसानों की आय डबल हो और नई तरह के फूल, नये तरीके की फसलें तथा नई तरह के फल पैदा हो सकें? …(व्यवधान)

श्री कैलाश चौधरी : अध्यक्ष महोदय, यह सही है कि नई तकनीक की खेती किसानों तक पहुंचे। इसके लिए भारत सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसमें एग्रीकल्चर प्रशिक्षण भी शामिल है। हमने ड्रोन टेक्नोलॉजी का उपयोग भी प्रारंभ किया है। हॉर्टिकल्चर में एयरोपोनिक और हाइड्रोपोनिक से किसान खेती करे, उस दिशा में भी हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। …(व्यवधान) हमारे जो कृषि विज्ञान केंद्र हैं, वे इसके लिए फील्ड डेमोंस्ट्रेशन करते हैं और 'आत्मा योजना' के तहत भी ट्रेनिंग देने का काम किया जाता है। आरकेवीवाई योजना के तहत राज्य सरकारें भी इस योजना के अंदर अपना प्रपोजल ले सकती हैं। निश्चित रूप से, पूरे देश के साथ उत्तर प्रदेश में एकछत्र के अंदर बहुत अच्छे इनिशिएटिव्स लिये गये हैं। उत्तर प्रदेश में नई तकनीक की खेती को

बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए रहे हैं। उसमें भारत सरकार की तरफ राज्य सरकार का भी पूरा सपोर्ट रहता है। …(व्यवधान)

श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल: अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार का फोकस 'जीरो बजट फॉर्मिंग' पर है। 'ईट ऑर्गेनिक और बी डॉयनामिक' का नारा भी सरकार ने दिया है। गंगा नदी के किनारे खेती करने वाले किसानों की आय दोगुनी करने के लिए एक गंगा ऑर्गेनिक फॉर्मिंग कलस्टर योजना की घोषणा बजट में की गई है। …(व्यवधान)

मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से प्रश्न है कि क्या सरकार गंगा की तरह मेरे जलगांव जिले में जो गिरना नदी है, वहां जल प्रदूषण बहुत है, उसके लिए सरकार द्वारा ऑर्गेनिक कॉरिडोर बनाने की कोई योजना है? …(व्यवधान)

श्री कैलाश चौधरी : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने बहुत अच्छा सवाल पूछा है। माननीय प्रधान मंत्री जी का विजन है कि प्राकृतिक खेती और ऑर्गेनिक क्षेत्र के अंदर रकबा बढ़े । इसके लिए स्कीम भी है।

इसके लिए जैविक खेती पोर्टल भी बनाया गया है, जिससे कई किसान जुड़े हुए हैं। 'नमामि गंगे' के तहत हमारा जो प्रोजेक्ट है, उसके अंदर किसानों के लिए लगभग 120 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट है। यह बात सही है कि अन्य नदियों के साथ इसको जोड़ने के लिए, जैसे इन्होंने गिरना नदी की बात की है। …(व्यवधान) मैं आपको बताना चाहता हूं कि इसके अंदर जो हमारी प्राकृतिक खेती है, उसको बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।…(व्यवधान) प्राकृतिक खेती के अंदर उसका क्षेत्र भी निश्चित रूप से बढ़ा है। देश भर में लगभग 38.19 हेक्टेयर में प्राकृतिक खेती होती है। उसमें परंपरागत कृषि विकास योजना है, इसके साथ ही हम प्राकृतिक कृषि पद्धति और भारतीय कृषि खेती को भी बढ़ावा दे रहे हैं।…(व्यवधान) लार्ज एरिया सर्टिफिकेशन के तहत पूरे देश में आर्गेनिक रकबे को बढ़ाने का काम किया जा रहा है।…(व्यवधान)

मैं आपको गिरना नदी के बारे में बताना चाहूंगा, इसके साथ ही साथ अगर पूरे देश में राज्य सरकारें अपनी तरफ से प्रपोजल बनाकर भेजती हैं कि हम अपने इस क्षेत्र को प्राकृतिक खेती या आर्गेनिक खेती के अंदर बढ़ाना चाहते हैं, तब राज्य सरकारें भारत सरकार को प्रपोजल्स भेजती हैं।…(व्यवधान) लार्ज एरिया सर्टिफिकेशन के तहत पूरे प्रदेश में ऐसी नदियां हैं, अगर राज्य सरकार उनका प्रपोजल बनाकर भेजेगी, तो निश्चित रूप से हम उसको स्वीकृति देने का पूरा प्रयास करेंगे।…(व्यवधान) सिर्फ नदियां ही नहीं, मैं सभी सांसदों और राज्य सरकारों से कहना चाहूंगा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। अगर कोई भी राज्य सरकार अपने यहां से प्रपोजल बनाकर भेजेगी, तो भारत सरकार उसकी परमीशन देगी।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न संख्या 463, श्री सुशील कुमार सिंह।

(Q. 463)

श्री सुशील कुमार सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं बिहार के औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र से चुनकर आया हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र में औरंगाबाद और गया दो जिले हैं।…(व्यवधान) ये दोनों जिलें नक्सल प्रभावित हैं, अत्यंत पिछड़े हुए हैं और प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना 'आकांक्षी जिलों' की सूची में भी शामिल हैं।…(व्यवधान) माननीय मंत्री जी ने जो जवाब दिया है, वह जवाब संतोषजनक है । अभी तक 40 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें 70 प्रतिशत यानी लगभग 28 लाख युवाओं को 28 फरवरी, 2022 तक नियोजित भी कर दिया गया है।…(व्यवधान)

महोदय, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि इसकी जो ईकाई है, वह एक ब्लॉक है । उसमें केवल 2,400 उद्यमों को ही सहायता दी जा सकती है, जिसके तहत अधिकतम बजट 597 लाख रुपये है।…(व्यवधान)

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि जो जिले नक्सल प्रभावित हैं, जो जिले प्रधानमंत्री जी के आकांक्षावान जिलों की सूची में हैं, जो देश और राज्य के औसत विकास तक पहुंचना चाहते हैं, जिन जिलों के युवा मुख्य धारा से न भटकें, वे बंदूक न थामें, बल्कि उनके हाथ में कोई काम हो, ऐसे जिलों में इस योजना के माध्यम से उन बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षित करके, क्या आपके पास उनको रोजगार या नियोजित करने की कोई योजना है? क्या आप ऐसा कुछ करना चाहते हैं?…(व्यवधान)

श्री गिरिराज सिंह : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो विषय रखा है, मैं वह जानता हूं। मैं भी बिहार राज्य से आता हूं। उनका जिला संवेदनशील है।…(व्यवधान) लेकिन मेरी मजबूरी है कि मैं राज्यों के माध्यम से काम करता हूं। राज्य ने 22 जिलों के बारे में दिया है।…(व्यवधान)

ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई), स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम, डीडीयू-जीकेवाई, प्रोजेक्ट उन्नति योजना और एनआरएलएम के माध्यम से हम एनआरईटीपी में करते हैं।….(व्यवधान) हमने इनके राज्य को भी यह देने का काम किया है । मैं

आग्रह करूंगा कि यदि राज्य से इनके जिले के प्रस्ताव आएंगे, तो हम उस पर विचार करेंगे।…(व्यवधान)

श्री सुशील कुमार सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि मेरे बिहार राज्य को स्वीकृत निधियां लगभग 6,704 लाख रुपये मिले हैं। उसमें जो केन्द्र का अंश है, वह लगभग 4,022 लाख रुपये है।…(व्यवधान) मैं इसके लिए संतोष व्यक्त करता हूँ, लेकिन मैं एक विशेष योजना की बात कर रहा हूँ। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूँ कि क्या किसी विशेष योजना को चलाकर, राज्य सरकार से प्रस्ताव मांगकर ग्रामीण क्षेत्र के युवा और युवतियों को एक विशेष योजना के तहत उनके घर में काम मिलेगा? इसके लिए सौर ऊर्जा चालित चरखा उनको देकर, उस चरखे से जो सूत कटे और उसकी जो मार्केटिंग हो, उसमें क्या सरकार सहायता करने की मंशा रखती है?

श्री गिरिराज सिंह: अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जिस विषय को उठाया है, मैं उसके बारे में बताना चाहता हूँ कि एनआरएलएम के तहत एक आजीविका मिशन है। आज पूरे देश में मोदी जी जब से सत्ता में आए हैं, चूँकि पहले एनआरएलएम में 2.35 करोड़ महिलाएं थीं और आज इसमें 8 करोड़ से ऊपर महिलाएं हैं। बिहार में भी सवा करोड़ महिलाएं हैं और हमने इसके तहत 5 लाख करोड़ बैंक से लिंकेज दिया है। मैं आग्रह करूंगा कि आप वहां के डिस्ट्रिक्ट एनआरएलएम से बात करें और बात करके प्रपोजल बनाएं, चाहे प्रपोजल सोलर चरखे के लिए बना दें या महिलाओं के लिए या अन्य रोजगार का बना दें। RSETI हर जिले में बैंक के द्वारा है। उन बैंकों में भी ग्रामीण युवकों को ट्रेनिंग दी जाती है।

SHRI KURUVA GORANTLA MADHAV : Mr. Speaker, Sir, I would like to know from the Minister whether the Government is aware of the negative role of middlemen on whom the rural entrepreneurs are dependent for marketing their products. … (*Interruptions*) How is the Government going to address this

problem or protect the rural entrepreneurs and nurture their capacity not just for production, but also for marketing their final products? … (*Interruptions*)

श्री गिरिराज सिंह: अध्यक्ष महोदय, मैंने पहले ही कहा है कि हम ग्रामीण युवकों के लिए RSETI बैंकों को पैसा देते हैं और इसमें 40 लाख युवकों ने ट्रेनिंग ली है। उसमें से 28 लाख युवकों को रोजगार मिला है। हमारी आजीविका मिशन के तहत जो बहनें हैं, उनको हम ट्रेनिंग देते हैं। उसमें हमने मार्केट लिंकेज को फ्लिपकार्ट के साथ जोड़ा है। हम डीडीयू जीकेवाई के तहत ट्रेनिंग देते हैं और रोजगार भी देने का काम करते हैं।

डॉ. सत्यपाल सिंह : अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं सबसे पहले माननीय मंत्री जी का बहुत-बहुत अभिनन्दन करता हूँ कि वे समर्पित भाव से यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मिशन को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। मेरा सवाल यह है कि आज से लगभग 50 वर्ष पहले गांव जिस प्रकार से आत्मनिर्भर होते थे, वहां लुहार होता था, बढ़ई होता था, कुम्हार होता था एवं सभी प्रकार के लोग होते थे, लेकिन वे सभी धीरे-धीरे वहां से पलायन करके शहरों की तरफ दौड़ रहे हैं। क्या गांव वाइज वहां पर भारत सरकार की तरफ से प्रदेशों को यह एडवाइजरी जारी की जा सकती है कि इन लोगों को आइडेंटिफाई करके, इन लोगों की इंटर्नशिप को बढ़ाया जाए और उनको सरकारी सहायता दिलवाई जाए?

श्री गिरिराज सिंह: अध्यक्ष महोदय, वैसे तो माननीय सदस्य के प्रश्न का वास्तविक प्रश्न से लेना-देना नहीं है, लेकिन माननीय सदस्य ने गांव की बात उठाई है। इस विभाग के द्वारा पूरे देश में 300 क्लस्टर रूर्बन बनाए जा रहे है। गांव में हर चीज की व्यवस्था हो इसलिए इसमें उन्हीं सब चीजों को रखा गया है। राज्य के सहयोग से ग्रामीण विकास मंत्रालय 300 रूर्बन क्लस्टर तैयार करने जा रहा है।

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न संख्या 464, श्री जगदम्बिका पाल।

(Q. 464)

श्री जगदम्बिका पाल: अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से बहुत महत्वपूर्ण सवाल करना चाहता हूँ, जो केवल सत्ता पक्ष से ही नहीं, बल्कि पूरे देश के किसानों से, देश के उपभोक्ताओं से तथा देश के मध्यम वर्ग से जुड़ा हुआ है। आज क्रूड ऑयल पर जिस तरह से इम्पोर्ट बिल बढ़ रहा है, जिस तरह से हमारी सरकार इसकी चिंता कर रही है, जिस तरह से पेट्रोलियम की कीमत बढ़ रही है तो मैंने इसके उपरांत मिथेनॉल के उत्पादन के संबंध में सवाल किया है।

मैं माननीय मंत्री जी को धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने जिस तरह से 4 दिसम्बर, 2021 को मीटिंग की, एक राउण्ड टेबल कांफ्रेंस हुई, जिसमें सभी प्रदेशों के मंत्री, सचिव आदि सारे लोग थे। उसमें इलेक्ट्रिकल मोबिलिटी, बायोगैस, मेथेनॉल और ऑटो सेक्टर पर बात हुई।…(व्यवधान) मैं यह जानना चाहता हूं कि यदि यह राउण्ड टेबल कांफ्रेंस हुई, उसके बाद हैदराबाद में एक पायलट प्रोजेक्ट – 0.25 मीट्रिक टन का लगाया गया। …(व्यवधान) उसको लगाने से अगर उसमें हाई एश इंडियन कोल से सिनगैस बन रही है और उस सिनगैस से मेथेनॉल बनाएंगे तो उस पायलट प्रोजेक्ट के बाद, उसका क्या परिणाम आया है? …(व्यवधान) अगर आप मानते हैं कि देश में मेथेनॉल एक अल्टरनेटिव फ्यूल है तो आगे उसके उत्पादन को बढ़ाने के लिए बीएचईएल कोई कार्रवाई करेगी? मैं आपके माध्यम से यही जानना चाहता हूं।…(व्यवधान)

डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय: महोदय, बहुत महत्वपूर्ण बात माननीय सदस्य ने कही है। जैसा कि उन्होंने खुद बताया है कि इसमें क्या-क्या पहलें की गई हैं।…(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से सदन को बताना चाहता हूं कि गैसोलीन पर, फ्यूल पर यह कार्रवाई बहुत पहले से चल रही थी। वर्ष 1992 से इस देश में गैसीफिकेशन पर काम चल रहा था, लेकिन मोदी सरकार ने जब वर्ष 2016 में दस वर्ष का ऑटोमोटिव मिशन प्लान बनाया और उस मिशन प्लान के तहत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, क्रूड ऑयल का आयात कम करना और मेथेनॉल के बारे में ये सारी पहलें हुई हैं। …(व्यवधान) उसी में हमारे डिपार्टमेंट की संस्था बीएचईएल ने एक क्रान्तिकारी कदम उठाया। सितम्बर, 2021 में इस प्रोजेक्ट को कमीशन किया और जनवरी में इसे लाँच किया। अभी यह पायलट प्रोजेक्ट के

रूप में प्रोसेस में है। …(व्यवधान) कुछ महीनों के बाद हम इसको कॉमर्शियल स्थिति में लाएंगे और निश्चित तौर से 15 प्रतिशत मेथेनॉल का प्रयोग होने से इस देश में क्रूड ऑयल का आयात कम होगा और हमारी वित्तीय बचत होगी। …(व्यवधान) इसके साथ-साथ, मैं आपके माध्यम से बताना चाहता हूं कि कई अन्य विभाग इस पर काम कर रहे हैं। हमारी सरकार की पहल पर, रसायन विभाग की वार्षिक रिपोर्ट, 2021-22 के अनुसार गत वर्ष देश में 4 लाख 74 हजार मीट्रिक टन मेथेनॉल का उत्पादन सम्पन्न हुआ है।…(व्यवधान) इसमें हमारी 6 इंडस्ट्रीज देश में काम कर रही हैं। …(व्यवधान) माननीय मोदी जी की अगुवाई में भारत सरकार इस पर बहुत सजग है, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को आश्वस्त करना चाहता हूं।…(व्यवधान)

[*]WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS
(Starred Question Nos. 466 to 480
Unstarred Question Nos. 5291 to 5520)
(Page No.36 to 738)

माननीय अध्यक्ष **:** सभा की कार्यवाही बारह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

11.28 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Twelve of the Clock.

---

[*] Available in Master copy of the Debate, placed in Library.

12.01 hrs

The Lok Sabha re-assembled at One Minute past Twelve of the Clock.

(Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

PAPERS LAID ON THE TABLE

माननीय सभापति : अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे।

आइटम नं. 2, श्री कृष्ण पाल जी।

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण पाल): सभापति महोदय, मैं कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उपधारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं:

(1) (एक) इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2020-2021 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2020-2021 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[Placed in Library, See No. LT 6972/17/22]

(2) (एक) हिन्दुस्तान केबल्स लिमिटेड, कोलकाता के वर्ष 2020-2021 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण।

(दो) हिन्दुस्तान केबल्स लिमिटेड, कोलकाता का वर्ष 2020-2021 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[Placed in Library, See No. LT 6973/17/22]

…(व्यवधान)

<u>12.02 hrs</u>

At this stage, Shri T. N. Prathapan, Shri Hibi Eden, Dr. Kalanidhi Veeraswamy and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): सभापति महोदय, साध्वी निरंजन ज्योति जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:

(1) वर्ष 2020-2021 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 के संबंध में वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 6974/17/22]

(2) (एक) राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास अभिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2020-2021 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास अभिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2020-2021 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) उपर्युक्त (2) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 6975/17/22]

…(व्यवधान)

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. संजीव कुमार बालियान): महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:

(1) पशुधन आयात अधिनियम, 1898 के अंतर्गत जारी निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सा.का.नि. 585(अ) जो 11 अगस्त, 1999 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जो देश में अश्व संबंधी आयातों के लिए स्वास्थ्य नयाचारों के बारे में है।

(दो) का.आ. 478(अ) जो 30 मई, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो एविएन इन्फ्लुएंजा के प्रस्फोट के समाचारों के कारण देश में घरेलू और जंगली पक्षियों तथा उनके उत्पादों के आयात का प्रतिषेध करने के बारे में है।

(तीन) का.आ. 670(अ) जो 16 जुलाई, 2001 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो एविएन इन्फ्लुएंजा के प्रस्फोट के समाचारों के कारण देश में घरेलू और जंगली पक्षियों तथा उनके उत्पादों के आयात का प्रतिषेध करने के बारे में है।

(चार) का.आ. 655(अ) जो 9 जुलाई, 2001 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो देश में पशुधन उत्पादों के आयात और अभिविहित प्रक्रिया के अनुसार स्वच्छताकारी आयात परमिट के विरूद्ध किये जाने वाले आयात पर प्रतिबंध के बारे में है।

(पांच) का.आ. 1043(अ) जो 17 अक्टूबर, 2001 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 9 जुलाई, 2001 की अधिसूचना सं. का.आ. 655(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(छह) का.आ. 770(अ) जो 6 जून, 2005 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 9 जुलाई, 2001 की अधिसूचना सं. का.आ. 655(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(सात) का.आ. 1044(अ) जो 25 जुलाई, 2005 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 9 जुलाई, 2001 की अधिसूचना सं. का.आ. 655(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(आठ) का.आ. 1841(अ) जो 29 दिसम्बर, 2005 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 9 जुलाई, 2001 की अधिसूचना सं. का.आ. 655(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(नौ) का.आ. 794(अ) जो 1 अप्रैल, 2008 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 9 जुलाई, 2001 की अधिसूचना सं. का.आ. 655(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(दस) का.आ. 1214(अ) जो 26 मई, 2008 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 9 जुलाई, 2001 की अधिसूचना सं. का.आ. 655(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(ग्यारह) का.आ. 1511(अ) जो 23 जून, 2008 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 9 जुलाई, 2001 की अधिसूचना सं. का.आ. 655(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(बारह) का.आ. 2303(अ) जो 29 सितम्बर, 2008 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 9 जुलाई, 2001 की अधिसूचना सं. का.आ. 655(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(तेरह) का.आ. 2595(अ) जो 4 नवम्बर, 2008 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 9 जुलाई, 2001 की अधिसूचना सं. का.आ. 655(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(चौदह) का.आ. 2745(अ) जो 26 नवम्बर, 2008 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 9 जुलाई, 2001 की अधिसूचना सं. का.आ. 655(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(पंद्रह) का.आ. 188(अ) जो 16 जनवरी, 2009 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 9 जुलाई, 2001 की अधिसूचना सं. का.आ. 655(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(सोलह) का.आ. 388(अ) जो 2 फरवरी, 2009 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 9 जुलाई, 2001 की अधिसूचना सं. का.आ. 655(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(सत्रह) का.आ. 802(अ) जो 23 मार्च, 2009 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 9 जुलाई, 2001 की अधिसूचना सं. का.आ. 655(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(अठारह) का.आ. 976अ) जो 20 अप्रैल, 2009 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 9 जुलाई, 2001 की अधिसूचना सं. का.आ. 655(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(उन्नीस) का.आ. 2148(अ) जो 21 अगस्त, 2009 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 9 जुलाई, 2001 की अधिसूचना सं. का.आ. 655(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(बीस) का.आ. 2463(अ) जो 26 सितम्बर, 2009 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 9 जुलाई, 2001 की अधिसूचना सं. का.आ. 655(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(इक्कीस) का.आ. 351(अ) जो 11 फरवरी, 2013 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 9 जुलाई, 2001 की अधिसूचना सं. का.आ. 655(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(बाईस) का.आ. 802(अ) जो 20 अगस्त, 2001 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो उन देशों से पशु और पशु उत्पादों के आयात पर प्रतिषेध के बारे में है, जहां संचरण योग्य स्पोंजीफॉर्म इंसेथैलोपैथी (टीएसई) समूह क बीमारियों से संबंध रखने वाली बीमारियां हैं।

(तेईस) का.आ. 522 जो 25 जुलाई, 2002 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो देश में अश्व संबंधी आयातों के लिए स्वास्थ्य पशु प्रमाण-पत्रों के बारे में है।

(चौबीस) का.आ. 126(अ) जो 28 जनवरी, 2004 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो एविएन इन्फ्लुएंजा के प्रस्फोट के समाचारों के कारण देश में घरेलू और जंगली पक्षियों तथा उनके उत्पादों के आयात का प्रतिषेध करने के बारे में है।

(पच्चीस) का.आ. 155(अ) जो 3 फरवरी, 2004 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो एविएन इन्फ्लुएंजा के प्रस्फोट के समाचारों के कारण देश में घरेलू और जंगली पक्षियों तथा उनके उत्पादों के आयात का प्रतिषेध करने के बारे में है।

(छब्बीस) का.आ. 800(अ) जो 7 जुलाई, 2004 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 3 फरवरी, 2004 की अधिसूचना सं. का.आ. 155(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(सत्ताईस) का.आ. 899(अ) जो 6 अगस्त, 2004 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो एविएन इन्फ्लुएंजा के प्रस्फोट के समाचारों के कारण देश में घरेलू और जंगली पक्षियों तथा उनके उत्पादों के आयात का प्रतिषेध करने के बारे में है।

(अट्ठाईस) का.आ. 175(अ) जो 7 फरवरी, 2005 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो एविएन इन्फ्लुएंजा के प्रस्फोट के समाचारों के कारण देश में घरेलू और जंगली पक्षियों तथा उनके उत्पादों के आयात का प्रतिषेध करने के बारे में है।

(उनतीस) का.आ. 1104(अ) जो 6 अगस्त, 2005 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो एविएन इन्फ्लुएंजा के प्रस्फोट के समाचारों के कारण देश में घरेलू और जंगली पक्षियों तथा उनके उत्पादों के आयात का प्रतिषेध करने के बारे में है।

(तीस) का.आ. 1112(अ) जो 9 अगस्त, 2005 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 6 अगस्त, 2005 की अधिसूचना सं. का.आ. 1104(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(इकतीस) पशु मूल के पालतू पशु खाद्य उत्पाद (भारत में आयात) आदेश, 2005 जो 29 दिसम्बर, 2005 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.आ. 1842(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(बत्तीस) का.आ. 10(अ) जो 4 जनवरी, 2006 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 29 दिसम्बर, 2005 की अधिसूचना सं. का.आ. 1842(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(तैतीस) का.आ. 160 (अ) जो 6 फरवरी, 2006 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो एविएन इन्फ्लुएंजा के प्रस्फोट के समाचारों के कारण देश में घरेलू और जंगली पक्षियों तथा उनके उत्पादों के आयात का प्रतिषेध करने के बारे में है।

(चौतीस) का.आ. 1256(अ) जो 3 अगस्त, 2006 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 6 फरवरी, 2006 की अधिसूचना सं. का.आ. 107(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(पैतीस) का.आ. 102 (अ) जो 2 फरवरी, 2007 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो एविएन इन्फ्लुएंजा के प्रस्फोट के समाचारों के कारण देश में घरेलू और जंगली पक्षियों तथा उनके उत्पादों के आयात का प्रतिषेध करने के बारे में है।

(छत्तीस) का.आ. 367(अ) जो 14 मार्च, 2007 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 2 फरवरी, 2007 की अधिसूचना सं. का.आ. 102(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(सैतीस) का.आ. 881(अ) जो 5 जून, 2007 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 2 फरवरी, 2007 की अधिसूचना सं. का.आ. 102(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(अड़तीस) का.आ. 1311 (अ) जो 1 अगस्त, 2007 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो एविएन इन्फ्लुएंजा के प्रस्फोट के समाचारों के कारण देश में घरेलू और जंगली पक्षियों तथा उनके उत्पादों के आयात का प्रतिषेध करने के बारे में है।

(उनतालीस) का.आ. 1859(अ) जो 1 नवम्बर, 2007 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 1 अगस्त, 2007 की अधिसूचना सं. का.आ. 1311(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(चालीस) का.आ. 1496(अ) जो 6 सितम्बर, 2007 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो देश में गोजातीय वीर्य के आयात को विनियमित करने के लिए प्रक्रिया और शर्तों के बारे में है।

(इकतालीस) का.आ. 1318(अ) जो 22 मई, 2009 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 6 सितम्बर, 2007 की अधिसूचना सं. का.आ. 1496(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(बयालीस) का.आ. 228 (अ) जो 1 फरवरी, 2008 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो एविएन इन्फ्लुएंजा के प्रस्फोट के समाचारों के कारण देश में घरेलू और जंगली पक्षियों, जीवित सुअरों तथा उनके उत्पादों के आयात का प्रतिषेध करने के बारे में है।

(तैतालीस) का.आ. 1218(अ) जो 26 मई, 2008 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 1 फरवरी, 2008 की अधिसूचना सं. का.आ. 228(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(चवालीस) पशु मूल के पालतू पशु खाद्य उत्पाद (भारत में आयात) आदेश, 2005 जो 5 मई, 2008 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.आ. 1086(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(पैतालीस) का.आ. 1500 (अ) जो 20 जून, 2008 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो अभिविहित शर्तों के अनुसार देश में विशिष्ट पैथोजन मुक्त अंडों (मुर्गी अंडे और बत्तख अंडे) के आयात के बारे में है।

(छ्यालीस) का.आ. 3485(अ) जो 17 जुलाई, 2018 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 20 जून, 2008 की अधिसूचना सं. का.आ. 1500(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(सैतालीस) का.आ. 2482 (अ) जो 20 अक्टूबर, 2008 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो भारत में लिटोपेनायूस वन्नामेई के आयात के लिए जलीय संघरौध के प्रचालन के तरीके का विनियमन करने वाले दिशा-निर्देशों के बारे में है।

(अड़तालीस) का.आ. 2213(अ) जो 1 सितम्बर, 2009 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 20 अक्टूबर, 2008 की अधिसूचना सं. का.आ. 2482(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(उनचास) का.आ. 783(अ) जो 25 अप्रैल, 2011 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 20 अक्टूबर, 2008 की अधिसूचना सं. का.आ. 2482(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(पचास) का.आ. 1392(अ) जो 20 जून, 2012 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 20 अक्टूबर, 2008 की अधिसूचना सं. का.आ. 2482(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(इक्यावन) का.आ. 2284(अ) जो 1 जुलाई, 2016 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 20 अक्टूबर, 2008 की अधिसूचना सं. का.आ. 2482(अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(बावन) का.आ. 419 (अ) जो 9 फरवरी, 2009 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो एविएन इन्फ्लुएंजा के प्रस्फोट के समाचारों के कारण देश में घरेलू और जंगली पक्षियों, जीवित सुअरों तथा उनके उत्पादों के आयात का प्रतिषेध करने के बारे में है।

(तिरपन) का.आ. 238(अ) जो 6 अप्रैल, 2009 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो देश में अश्व संबंधी आयातों के लिए पशु चिकित्सा प्रमाण-पत्र के बारे में है।

(चौवन) का.आ. 294(अ) जो 30 अप्रैल, 2009 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 6 अप्रैल, 2009 की अधिसूचना सं. का.आ. 238 (अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(पचपन) का.आ. 1825(अ) जो 24 जुलाई, 2009 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो देश में कच्चे, क्षारीय, अचारीय, नींबू मिश्रित और सूखी खालों और चमड़ों के आयात का विनियमन करने के लिए पशु चिकित्सा प्रमाण-पत्र के बारे में है।

(छप्पन) का.आ. 2208 (अ) जो 31 अगस्त, 2009 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो एविएन इन्फ्लुएंजा के प्रस्फोट के समाचारों के कारण देश में घरेलू और जंगली पक्षियों, जीवित सुअरों तथा उनके उत्पादों के आयात का प्रतिषेध करने के बारे में है।

(सत्तावन) का.आ. 616 (अ) जो 19 मार्च, 2010 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो एविएन इन्फ्लुएंजा के प्रस्फोट के समाचारों के कारण देश में घरेलू और जंगली पक्षियों, जीवित सुअरों तथा उनके उत्पादों के आयात का प्रतिषेध करने के बारे में है।

(अट्ठावन) का.आ. 389(अ) जो 7 मई, 2010 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो देश में अश्व संबंधी आयातों के लिए पशु चिकित्सा प्रमाण-पत्र के बारे में है।

(उनसठ) का.आ. 2976 (अ) जो 18 दिसम्बर, 2010 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो एविएन इन्फ्लुएंजा के प्रस्फोट के समाचारों के कारण देश में घरेलू और जंगली पक्षियों, जीवित सुअरों तथा उनके उत्पादों के आयात का प्रतिषेध करने के बारे में है।

(साठ) का.आ. 1663 (अ) जो 20 जुलाई, 2011 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो एविएन इन्फ्लुएंजा के प्रस्फोट के समाचारों के कारण देश में घरेलू और जंगली पक्षियों, जीवित सुअरों तथा उनके उत्पादों के आयात का प्रतिषेध करने के बारे में है।

(इकसठ) का.आ. 752(अ) जो 8 अक्टूबर, 2012 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो देश में अश्व संबंधी आयातों के लिए पशु चिकित्सा प्रमाण-पत्र के बारे में है।

(बासठ) का.आ. 185(अ) जो 21 मार्च, 2013 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 8 अक्टूबर, 2012 की अधिसूचना सं. का.आ. 752 (अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(तरेसठ) का.आ. 1495(अ) जो 11 जून, 2014 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो ''पशुधन'' के आयात के लिए प्रक्रिया, पशु चिकित्सा स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र में यथा विनिर्दिष्ट स्वच्छताकारी शर्तों को पूर्ण करने और जहां भी आवश्यक हो पशुधन के संघरौध, के बारे में है।

(चौसठ) का.आ. 4025(अ) जो 6 नवम्बर, 2020 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 11 जून, 2014 की अधिसूचना सं. का.आ. 1495 (अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(पैसठ) का.आ. 2825(अ) जो 14 जुलाई, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 11 जून, 2014 की अधिसूचना सं. का.आ. 1495 (अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(छियासठ) का.आ. 489(अ) जो 4 फरवरी, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 11 जून, 2014 की अधिसूचना सं. का.आ. 1495 (अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(सड़सठ) का.आ. 1496(अ) जो 11 जून, 2014 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो यह अधिसूचित करने के बारे में है कि ''पशुधन'' में सभी अश्वीय (गधे, घोड़े, घोड़ियां, जंगली गधे, खच्चरों सहित सभी जीवित अश्व चाहे उनका कोई उद्देश्य हो), गोजातीय (मवेशी, भैंसे, बैल या गोवंश की श्रेणी में आने वाले किसी पशु

सहित सभी गोजातीय पशु), बकरे, अंडज, सुअर, कुत्ते, बिल्लियां, एवियन (पोल्ट्री सहित किसी भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय विधि द्वारा आयात के लिए प्रतिषेधित किये गये पक्षियों के अलावा सभी एवियन प्रजातियां), प्रयोगशाला पशु (सभी प्रयोगशाला पशु जैसे चूहे, मूषक, खरगोश, गीनिया-पिग, हेम्स्टर और प्रयोगशाला में उपयोग किये जाने वाले अन्य कोई पशु) और जलीय पशु (जीवित मछलियां, जीवित परूषकवची और मोलस्का) शामिल हैं।

(अड़सठ) का.आ. 2666(अ) जो 17 अक्टूबर, 2014 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो ''पशुधन उत्पादों'' और ऐसे उत्पादों के आयात के लिए स्वच्छताकारी आयात परमिट जारी करने के लिए प्रक्रिया अधिसूचित करने के बारे में है।

(उनहत्तर) का.आ. 3356(अ) जो 11 दिसम्बर, 2015 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 17 अक्टूबर, 2014 की अधिसूचना सं. का.आ. 2666 (अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(सत्तर) का.आ. 2640(अ) जो 5 अगस्त, 2016 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 17 अक्टूबर, 2014 की अधिसूचना सं. का.आ. 2666 (अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(इकहत्तर) का.आ. 3112(अ) जो 1 अक्टूबर, 2016 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 17 अक्टूबर, 2014 की अधिसूचना सं. का.आ. 2666 (अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं तथा जिसका एक शुद्धि पत्र 29 अक्टूबर, 2016 की अधिसूचना सं. का.आ 3349(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(बयहत्तर) का.आ. 948(अ) जो 24 मार्च, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 17 अक्टूबर, 2014 की अधिसूचना सं. का.आ. 2666 (अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(तिहत्तर) का.आ. 2486(अ) जो 4 अगस्त, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 17 अक्टूबर, 2014 की अधिसूचना सं. का.आ. 2666 (अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(चौहत्तर) का.आ. 5758(अ) जो 16 नवम्बर, 2018 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 17 अक्टूबर, 2014 की अधिसूचना सं. का.आ. 2666 (अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(पिचहत्तर) का.आ. 2679(अ) जो 10 अगस्त, 2010 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 17 अक्टूबर, 2014 की अधिसूचना सं. का.आ. 2666 (अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(छिहत्तर) का.आ. 4559(अ) जो 10 दिसम्बर, 2020 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 17 अक्टूबर, 2014 की अधिसूचना सं. का.आ. 2666 (अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(सतत्तर) का.आ. 4953(अ) जो 2 दिसम्बर, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 17 अक्टूबर, 2014 की अधिसूचना सं. का.आ. 2666 (अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(अठहत्तर) का.आ. 2655 (अ) जो 28 सितम्बर, 2015 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो अभिविहित प्रक्रिया के अनुसार भारत में जीवित गोजातीय पशुओं के आयात के विनियमन के बारे में है।

(उनयासी) का.आ. 1355(अ) जो 25 मार्च, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 28 सितम्बर, 2015 की अधिसूचना सं. का.आ. 2655 (अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(अस्सी) का.आ. 2656 (अ) जो 28 सितम्बर, 2015 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो अभिविहित प्रक्रिया के अनुसार भारत में इन वीवो गोजातीय भ्रूणों के आयात के विनियमन के बारे में है।

(इक्यासी) का.आ. 2657 (अ) जो 28 सितम्बर, 2015 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो अभिविहित प्रक्रिया के अनुसार भारत में इन वीवो गोजातीय भ्रूणों के आयात के विनियमन के बारे में है।

(बयासी) का.आ. 2337 (अ) जो 8 जुलाई, 2016 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो स्वच्छताकारी और पादप स्वच्छताकारी उपायों और टेफोर पशुधन स्वास्थ्य पर विश्व व्यापार संगठन समझौते के अंतर्गत आवश्यकताओं को विचारित करते हुए पोल्ट्री और पोल्ट्री उत्पादों के आयात के बारे में है।

(तिरासी) का.आ. 2998(अ) जो 19 सितम्बर, 2016 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 8 जुलाई, 2016 की अधिसूचना सं. का.आ. 2337 (अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(चौरासी) का.आ. 510(अ) जो 17 फरवरी, 2017 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 8 जुलाई, 2016 की अधिसूचना सं. का.आ. 2337 (अ) में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(पचासी) का.आ. 4118 (अ) जो 14 नवम्बर, 2019 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो पशुधन स्वास्थ्य के लिए विश्व संगठन के पार्थिव पशुधन स्वास्थ्य संहिता में एवियन इंफ्लूएन्जा से संबंधित प्रावधानों और उत्पाद-विशिष्ट सिफारिशों के अनुसार पोल्ट्री और पोल्ट्री उत्पादों के आयात के बारे में है।

(छियासी) का.आ. 3926 (अ) जो 22 सितम्बर, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो भारत में आयातित कुत्ता और बिल्ली खाद्य उत्पादों (पशुधन मूल सामग्री वाले) के लिए पशु चिकित्सा स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र आवश्यकताओं को अधिसूचित करने के बारे में है।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 6976/17/22]

…(व्यवधान)

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानन्द राय): महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उपधारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) चंडीगढ़ औद्योगिक और पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, चंडीगढ़ के वर्ष 2019-2020 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण।

(दो) चंडीगढ़ औद्योगिक और पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, चंडीगढ़ के वर्ष 2019-2020 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

सर, मुझे लग रहा था कि विदेश नीति पर जितनी भी सरकारें रही हैं, उनकी नीतियां एक ही रही होंगी और उसी प्रकार से बात होगी, लेकिन मैंने जैसी डिबेट सुनी है, उससे लगा कि भारत की विदेश नीति सन् 1947 के बाद ही बनी और नेहरू जी ने ही उसका फाउंडेशन किया। उससे पहले कोई विदेश नीति ही नहीं थी और हमारे देश के नागरिक ऐसे ही रहते थे । इस क्राइसिस में मैं एक बहुत महत्वपूर्ण बात इस सदन की जानकारी में लाना चाहता हूँ। हमारे लोग पोलैंड गए, हमारे लोग रोमानिया गए, हमारे लोग मोल्दोवा गए और सभी सरकारों ने हमारी मदद की । हमने 'वसुधैव कुटुंबकम' की बात की । लेकिन हमारा वेद, पुराण और इतिहास कहता है कि "साई इतना दीजिए, जा में कुटुम समाय, मैं भी भूखा ना रहूँ, साधु ना भूखा जाए।"

सौगत बाबू जब बोल रहे थे तो मुझे लगा कि शायद वे सुभाष चन्द्र बोस की बात करेंगे, क्योंकि सन् 1939 के बाद भी उन्होंने एक विदेश नीति बनाई थी और जिसके कारण वे बाहर गए थे । इस क्राइसिस में हमने सबसे महत्वपूर्ण बात यह बोली कि जामनगर के जो राजा जाम साहब दिग्विजय सिंह जडेजा थे, जब द्वितीय विश्व युद्ध में पौलेंड के 5000 लोग सभी जगह पर शेल्टर खोज रहे थे, चूँकि पूरी दुनिया में सभी वसुधैव कुटुम्बकम की बात करते हैं, सभी ग्लोबलाइजेशन की बात करते हैं, दुनिया को एकत्रित करने की बात करते हैं, लेकिन जब उनको कोई शेल्टर देने के लिए तैयार नहीं था तो हमारे जामनगर के राजा ने पोलैंड के उन 5000 लोगों को गुजरात में शेल्टर दिया। यही कारण है कि जब गुजरात के माननीय नरेन्द्र मोदी जी प्रधान मंत्री बने तो उसी गुजराती कनेक्शन के कारण पोलैंड की सरकार ने हमारे विद्यार्थियों को, हमारे लोगों को समर्थन दिया । इसलिए विदेश नीति नेहरू जी से नहीं है । हम लोग पहले से कर रहे हैं। यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की घटना है। आपने यहां पर सन् 1942 की बात नहीं कही कि हमने पोलैंड के लोगों को कैसे

सपोर्ट किया और पोलैंड के लोगों ने इस क्राइसिस में हमारा कैसे साथ दिया। आप लोग तिब्बत की बात करते हैं। आपको पता है कि भारतीय जनता पार्टी का रेजोल्यूशन क्या है? हम पंचामृत पर चलते हैं। भारतीय जनता पार्टी ने जब वर्ष 2014-15 में सरकार बनाई थी तो भारतीय जनता पार्टी की नेशनलाइज एग्जीक्यूटिव टीम ने कहा कि अब हमारी विदेश नीति जो चलती है वह तो चलती है, लेकिन अब वह पंचामृत के आधार पर चलेगी। वह पंचामृत क्या है? पंचामृत का मतलब है कि हम सम्मान के साथ जीयेंगे। इससे पहले हमारे पासपोर्ट की क्या अहमियत थी, वह सबको पता है।

आज वह सम्मान प्रधान मंत्री जी ने दिया है। आज विदेश नीति संवाद से चलेगी। आज आप कह रहे हैं कि पुतिन से बात कर लीजिए, जेलेंस्की से बात कर लीजिए, इस वार को रोक दीजिए तो वह संवाद ही है, माननीय प्रधान मंत्री जी की इतनी ताकत है, इस देश की इतनी ताकत है कि वह इस लड़ाई में अपने को बचाने की कोशिश कर सकता है और लड़ाई को रोक भी सकता है।

हम समृद्धि की बात करते हैं। अभी रितेश पांडे जी बोल रहे थे कि क्लाइमेट चेंज का क्या होगा, धातुओं का दाम बढ़ गया तो इसका क्या होगा तथा हम किस तरह से अपना बिजनेस करेंगे। हमने पहली बार ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए साइन किया है। हमने क्या एफटीए साइन किया है कि हमारे लोग किस तरह से वहां पर नौकरी करेंगे, हमारे लोग वहां किस तरह से जाएंगे, इम्पोर्ट और एक्सपोर्ट का जो डेफिसिट है, वह कैसे भारत के पक्ष में आएगा तो यह सब समृद्धि की ही बात है।

18.00 hrs

चौथी बात हम सुरक्षा की करते हैं। बहुत बातें हुई कि तिब्बत आ गया, मिस्टर थरूर बोल रहे थे, वे विदेश मामलों के बड़े जानकार हैं। संयोग से उनके साथ कमेटी में काम करने का बहुत मौका मिलता है।

माननीय सभापति: यदि सभा की सहमति हो तो सदन का समय एक घण्टे अर्थात सात बजे तक के लिए बढ़ा दिया जाए।

अनेक माननीय सदस्य : जी, हां।

डॉ. निशिकांत दुबे : सर, वे बड़े विद्वान हैं और मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं। आईटी कमेटी में उनसे बहुत कुछ सीखते हैं, सीखकर ही पिछले दो-तीन साल से अपनी जिन्दगी बिता रहे हैं। लेकिन आप यह बताइए कि चीन हमारा पड़ोसी कैसे बना? इस देश में विदेश नीति के ऊपर चर्चा हो जानी चाहिए कि चीन को हमारा पड़ोसी किसने बनाया? आप यह कहते हैं कि आप हमेशा नेहरू को गाली देते हो, कांग्रेस को गाली देते हो। क्या करें? आपने ऐसे दुश्मन को हमारे माथे पर बैठा दिया, चीन को। चीन हमारा नेबर नहीं था। अंग्रेजों ने जाते-जाते तीन एग्रीमेंट्स तीन देशों के साथ किए थे। उसने कहा कि भूटान अलग देश होगा, नेपाल अलग देश होगा और तिब्बत अलग देश होगा। चूंकि बफर स्टेट की कल्पना थी, कहीं से भी हमारा बॉर्डर चीन के साथ नहीं लगता था। आपने जिस हिसाब से इस देश के साथ अन्याय किया, इस देश की विदेश नीति के साथ अन्याय किया। आपने इसे कभी पार्लियामेंट में डिसकस नहीं किया। हजारों लेटर्स हैं, जब चाइना तिब्बत पर एग्रेशन करने की कोशिश कर रहा था। दलाई लामा पंथ की स्थापना करने वाले भगवान अतीश दिपांकर हमारे विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर थे। हमारे गांव ने, विक्रमशिला ने दुनिया को पहला वाइस चांसलर दिया। भगवान अतीश दीपांकर ने दलाई लामा पंथ की स्थापना की, इसलिए उस फैमिली के साथ, उस ट्रेडिशन के साथ हमारा मतलब है। वे लोग 1950-51 से लगातार भारत सरकार से गुहार करते रहे और आपने अपने पंचशील के सिद्धांत के आधार पर, 'हिन्दी-चीनी भाई-भाई' के आधार पर चाइना को सिक्योरिटी काउंसिल की सदस्यता ही नहीं दिलवाई, आपने तिब्बत भी उसे दे दिया। आज आप हमसे हिसाब मांग रहे हैं कि चाइना ने अटैक कर दिया, चाइना ने ऐसा कर दिया। क्या आपको लगता है कि इस तरह की चर्चा होनी चाहिए? आपने अभी कहा कि हमने एब्सटेन कर दिया। वर्ष 1978 में अफगानिस्तान पर जब रूस ने अटैक

किया था, तब आपने क्या किया था? फिलीस्तीन और इज़रायल के बारे में सिक्योरिटी काउंसिल के सारे रिज्योल्यूशंस मैंने पढ़े हैं। शशि थरूर साहब, आप तो यूएन के अधिकारी रहे हैं।

डॉ. शशि थरूर : वर्ष 1978 में किसकी सरकार थी।

डॉ. निशिकांत दुबे : आप ही की सरकार थी, मोरार जी भाई की सरकार थी। वर्ष 1978 में वाजपेयी जी विदेश मंत्री थे, लेकिन मैं उसके आगे कह रहा हूं कि फिलीस्तीन और इज़रायल का क्या एक भी रिज्योल्यूशन ऐसा है, जिसमें आपने एब्सटेन नहीं किया हो?

सर, ये देश और सदन को गुमराह कर रहे हैं। चाहे 1962 का सवाल हो, चाहे 1965 का सवाल हो या 1971 का सवाल हो, हमेशा रूस ने हमारा साथ दिया। मैं उसकी विदेश नीति पर नहीं बोल रहा हूं, लेकिन इन्होंने कहा कि यूक्रेन उसका पार्ट था, इसीलिए आप उसके साथ हैं। शशि थरूर साहब, 1998 में जब भारत सरकार ने परमाणु विस्फोट किया, उस वक्त यूक्रेन ने किसके साथ वोट किया और रूस ने किसके साथ वोट किया, यह बात जरा सदन को बता दीजिए। जब यह बताएंगे, तब यह पता चलेगा कि जब पूरी दुनिया हमारे ऊपर बैन लगा रही थी, पूरी दुनिया में कोई हमें सपोर्ट करने को तैयार नहीं था, मैं किसी युद्ध की बात नहीं करता, यहां युद्ध के लिए बहुत सी बातें हुई हैं। दो महिलाएं हैं – सुमति जी और सुप्रिया जी, उन्होंने वार के बारे में बहुत बड़ी बात कही। मैं वार पर नहीं जाना चाहता हूं। अहिंसा परमो धर्म: - भारत सरकार और भारत की यह पुरानी ट्रेडिशन है। मैं वार पर नहीं जाना चाहता हूं, लेकिन जो देश लड़ाई लड़ रहे हैं, चाहे यूक्रेन लड़ाई लड़ रहा है या रूस लड़ाई लड़ रहा है, उनके जो वार हीरो हैं या उनके जो लोग उनको सपोर्ट करते हैं, कम से कम उनके बारे में सोचिए। हमारे यहां एक बड़ी अच्छी कविता लिखी गई है :

“मुझे तोड़ लेना वन माली, उस पथ पर देना फेंक,
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने जिस पथ जाएं वीर अनेक।”

यदि वार होती है, तो पूरा देश, एक-एक आदमी, चाहे वह सिविलियन हो या मिलिट्री का आदमी हो, उसको प्राइड होता है कि हमारा सैनिक वहां जा रहा है और हम उसे सपोर्ट करते हैं। इसलिए यूक्रेन के नागरिकों के प्रति और रूस के नागरिकों के प्रति, मुझे लगता है कि हमें सम्मान व्यक्त करना चाहिए और हमें इस तरह की बातें नहीं करनी चाहिए। मैं कहूंगा कि किसी राज्य के मुख्यमंत्री ने, माननीय प्रधानमंत्री जी ने और माननीय विदेश मंत्री जी ने **जो** काम किया है, वह न भूतो, न भविश्यति**:** है। इस देश में इससे पहले भी इवैक्युएशंस हुए। वर्ष 1990 में जब इराक से इवैक्युएशन हो रहा था, आपको पता है कि उस समय जो विदेश मंत्री थे **–** श्री आई. के. गुजराल**,** वह सबको पास देते थे और उस पास के आधार पर लोग यहां आते थे। पहली बार ऐसा हुआ, क्योंकि 20 लड़के हमारे यहां भी वापस आए, कि चाहे वह गरीब था या अमीर था, हिन्दू था या मुसलमान था, सिक्ख था या ईसाई था, माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत सरकार सबको एक आधार पर वापस लेकर आई**।**

हमने वर्ष 1990 का आई. के. गुजराल का मॉडल नहीं अपनाया। जितने भी इवैकुएशन हुए, यहां दिल्ली से मैसेज जाता था कि बड़े परिवार को लाना है, बड़े लोगों को लाना है। पहली बार ऐसा हुआ है, इसलिए इस प्रधान मंत्री के प्रति हम लोगों को सम्मान और विश्वास देना चाहिए। मैं अंत में यही कहूंगा कि यह देश बड़ा है, इस देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और यह माननीय मोदी जी के नेतृत्व में सुरक्षित है। माननीय मोदी जी 'सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे संतु निरामया' के सिद्धांत पर चलते हैं। इसलिए इसके बारे में बहुत राजनीति नहीं होनी चाहिए। इन्हीं शब्दों के साथ जय हिंद, जय भारत।

SHRI JAYADEV GALLA (GUNTUR): Hon. Chairperson, Sir, thank you for allowing me to take part in this discussion.

Sir, the way the Motion has been structured for discussion under Rule 193 clearly indicates the intention of the Government and the direction in which it wants to take the debate. The situation in Ukraine is not self-made like we are seeing in Sri Lanka today, but the heart-rending situation is the result of the pouncing of a double-headed eagle on a small prey.

Sir, I take this opportunity to express my sincere thanks and gratitude to Ukraine and its neighbouring countries like Romania, Hungary, Poland, Slovakia, Moldova and others who have extended exceptional support to `Operation Ganga' in bringing Indians safely back home from war-stricken Ukraine. I also thank our hon. Prime Minister for his guidance and Dr. Jaishankar ji for his exceptional leadership in times of crisis. I also extend thanks to Shri Jyotiraditya Scindia ji, Shri Kiren Rijiju, Shri Hardeep Singh Puri and General V K Singh whose presence in the ground has made a big difference in coordinating the evacuation and helping Indians stranded there.

Sir, Vladimir Putin's dream is becoming Ukraine's nightmare and Putin's threat of interference by the West, particularly the US or NATO member-countries saying four times that Russia is a powerful nuclear State clearly indicates to what extent Russia could go if there is interference. The threat of chemical war is also a major concern. Russia unfolded its hybrid war against Ukraine. It includes cyber-attacks on the Defence Ministry and two large Ukrainian banks. Flared and intensified clashes between Russian-trained

rebels from Luhansk and Donetsk and Ukrainian Armed Forces, recognising Donetsk and Luhansk military exercises in Belarus, carefully choreographed communication surrounding the announced troop withdrawal are all part of the toolkit. This narrative was mastered by Russia in the case of Ukraine.

Sir, its economy has been battered with Russia's warships passing through Ukraine and stopping gas supply through pipes resulting in transit charges to Ukraine leading to a deep fall in Ukrainian currency. Now, city after city in Ukraine is turning into rubble. The hybrid warfare sows the seeds of uncertainty which, in turn, frightens the potential investors thereby further weakening Ukraine.

As per the latest reports, Russian Forces have encircled Sherniyv, a city between Kyiv and the Russian border. Mariupol, Maltitol, Kharkiv etc. are under total control of Russian Forces. Russia is now planning to create a corridor between Crimea and areas held by the Russian backed separatist forces in Donetsk and Luhansk in the North-Eastern part of Ukraine for the reasons known to all of us. We must acknowledge what is happening today in Bucha is outrageous and inhuman.

Sir, the stand taken by India, be it at the UN Security Council or at QUAD Foreign Ministers' meeting at Melbourne in the second week of February or during discussions with the UK's Foreign Minister is welcome in my opinion. I fully endorse and appreciate the hon. External Affairs Minister's stand, which of course is the stand of India, that the group should focus on cooperation and collaboration, rather than confrontation. It is true that

confrontation can only escalate the situation which is not good for any country. While cooperation and collaboration will help douse the conflict between Russia and Ukraine and ensure long-term peace and stability in the region.

Sir, I agree that it is a tight-rope walk for India … (*Interruptions*) I have some very important points. But this is what the promise is all about. So, I suggest that we take everything into consideration before making a statement. With pressure mounting from the West led by the US, we have to make a very difficult strategic choice between principles and values on one side and pragmatism and interest on the other.

Sir, I am apprehensive that the Russia-China alliance and the East-West confrontation is narrowing down our diplomatic space and at times, I feel, whether the time has come where we need to move closer to the US and whether the QUAD Summit in May this year is one such opportunity for India. So, I wish that hon. Jaishankar ji will throw some light as to where India is moving.

Right from Nehru to Modi, we have been adopting a non-aligned approach. We have taken sides or worked closely with world powers only when national interest is involved. The examples are the 1962 and the 1971 Wars. But at the same time, Indian diplomacy has passed through rough weather when USSR invaded Hungary in 1956, Czechoslovakia in 1968, and Afghanistan in 1978.

But here, in the conflict between Russia and Ukraine, I do not see any national interest involved and hence, the stand taken by the Prime Minster and the Government of India is welcome. I am sure and confident that India will never kowtow to US or Russia or any other county for that matter.

Sir, we were in a bipolar world post-World War II. We moved into a unipolar world at the end of the cold war and now, another change in the world order is taking place. Where are we going to stand at the end of this? Is it going to be another bipolar or tripolar world with China and Russia or will it be a multipolar world where India also will be its own pole? That is something on which we are looking for an answer.

Sir, I have a few economic bullet points which I should address. More than 500 million dollars' worth of exporters payments are stuck in Russia due to sanctions. How are we going to handle this?

Ukraine is the third largest producer and exporter of maize which we need for our poultry sector. Ukraine and Russia are also top two exporters of sunflower oil which we import. Along with sunflower oil, there is also a problem in getting soyabean and palm oil from Indonesia since rates have skyrocketed. So, what is the Ministry going to do and what are the alternative arrangements made to meet these demands?

Russia is also the world's second largest exporter of muriate of potash fertilizer which we import. Out of 5.09 metric tonnes that we import, one-third come from Belarus and Russia. Ukraine is the third largest supplier of urea to India. How is the Government of India planning to address this problem?

We are also importing crude oil from Russia, albeit less than one per cent. But the Minister of Petroleum and Natural Gas is on record saying that it will take time to fill this shortage of one per cent. Also, there were reports that India will import more oil from Russia and pay in rubles. Kindly explain this point.

Exports from India like medicines, tea, etc. to Russia are impacted due to shipment concerns as war is blocking them and rerouting through Iran increases the costs. Secondly, there is also shortage of containers. How is the Government planning for safe transportation of our exports to Russia?

Sir, I would not subscribe to the statement made by Mr. Biden that the stand taken by India is shaky. I would not subscribe because earlier America had conceded that India was an exception among its allies.

So, a carefully calibrated stand by New Delhi, I feel, has created a distinctive space for diplomacy by not only maintaining equi-distance between the two powers but also moving towards a multipolar world.

Sir, I pray for the Ukranian people and for peace in Ukraine.

श्री रेबती त्रिपुरा (त्रिपुरा पूर्व): सभापति महोदय, मैं सबसे पहले आदरणीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं और विदेश मंत्री, जयशंकर जी और इनकी टीम को धन्यवाद देना चाहता हूं। जिन चारों मंत्रियों ने वहां जा कर सभी को सुरक्षित निकालने का काम किया है, इसके लिए मैं उनको धन्यवाद देना चाहता हूं।

सर, इस ऑपरेशन का नाम ऑपरेशन गंगा दिया गया। इसमें कहा गया कि यह ऑपरेशन ह्यूमरटेरियन ग्राउंड पर होना चाहिए। इसीलिए हम लोगों ने देखा कि सिर्फ भारतीय नागरिकों को ही नहीं लाया गया है, बल्कि पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत बहुत सारे देशों के मेडिकल स्टूडेंट्स और नागरिकों को वहां से लाने के लिए भारत सरकार ने मदद की है। उनको वहां से सुरक्षित लाया गया है।

सर, मैं कहना चाहता हूँ कि विरोधी पक्ष की तरफ से कहा गया कि जब मोदी जी ने पूरी दुनिया में सब देशों के साथ अच्छे संबंध बनाने के लिए काम करना शुरू किए, तो उस समय अपोजिशन की तरफ से यह कहा गया कि मोदी जी इतना विदेश भ्रमण क्यों कर रहे हैं। मोदी जी, दुनिया के देशों के साथ जो रिलेशन बनाना चाहते थे, हम लोगों को उसका फायदा अभी देखने को मिला है। इंडिया ही एक ऐसा देश है, जिसका नैशनल फ्लैग लगाकर पाकिस्तान और अन्य देशों ने अपने नागरिकों को वहाँ से निकालने की कोशिश की, खास करके बांग्लादेश और पाकिस्तान की सरकार ने। जो भी पॉवरफुल देश हैं, चाहे चाइना हो या अन्य जो भी देश हों, उन देशों की सरकारों की भी अपने नागरिकों को वहाँ से निकालने के लिए उनकी तरकीब काम नहीं कर पा रही थी, लेकिन इंडिया के फ्लैग की मदद से इंडिया ने उन देशों के लोगों को भी वहाँ से निकलने में मदद की। मैं त्रिपुरा से हूँ। वहाँ से लगभग 23 हजार मेडिकल स्टूडेंट्स को लाया गया। उनमें से मेरे संसदीय क्षेत्र के 13 स्टूडेंट्स भी खारकीव में पढ़ाई कर रहे थे। साउथ त्रिपुरा के अंतर्गत बिलौनिया सब-डिविज़न में 26 फरवरी को 'दिशा' कमेटी की मेरी मीटिंग थी। जब मेरी मीटिंग समाप्त हुई और जब मैं मीटिंग से बाहर निकल रहा था, तो उन स्टूडेंट्स के माता-पिता ने आकर हमसे कहा कि हमारे बच्चों को वहाँ से निकालने में हेल्प कीजिए। आप यहाँ के एम.पी. हैं। मैंने तुरन्त विदेश

मंत्रालय के कार्यालय से सम्पर्क किया। श्री आर.के. रंजन जी, जो इस मंत्रालय में एमओएस हैं, मैंने उनसे सम्पर्क किया और श्री एस. जयशंकर जी के कार्यालय में मैंने ई-मेल भेजा। एक दिन के बाद, इनमें से चार स्टूडेंट्स को वहाँ से निकाला गया और बाकी स्टूडेंट्स को भी वहाँ से निकालने में विदेश मंत्रालय ने बहुत काम किया। इस विषय पर, मैं यह कहना चाहता हूँ कि यूक्रेन और रशिया के युद्ध में एक मौका आया, जैसे अभी रशिया ने इंडिया को ऑफर दिया कि हम लोग वहाँ से क्रूड ऑयल खरीदें। यह मौका हाथ से नहीं जाना चाहिए। अमेरिका और नाटो ने शुरू में जंग की सिचुएशन क्रिएट की, लेकिन अभी इंडिया को यह युद्ध समाप्त करने के लिए एक्टिव रोल प्ले करना चाहिए। इन्हीं शब्दों के साथ, मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ।

SHRI S.C. UDASI (HAVERI): Thank you, hon. Chairman, Sir, for allowing me to speak on the discussion on the Ukraine situation under Rule 193. We all have been hearing heartening tales of the war in Ukraine. Our Government led by Shri Narendra Modi has acted swiftly and decisively with all its diplomatic strength to ensure the safety of our citizens in the war-torn country of Ukraine.

Under Operation Ganga, we have evacuated more than 22,500 citizens back to our motherland. While other countries struggled with this situation, India's efforts in this regard stand out in the world. This shows our Government's commitment to the citizens and it also shows India's growing dominance in the world.

I sincerely thank Shri Narendra Modi, Dr. S. Jaishankar, Indian Embassies in Russia, Poland, Ukraine, Hungary, Romania and Slovak Republic for this achievement. I also thank our four Union Ministers who were involved in this task, Scindia ji, Rijiju ji, V.K. Singh ji and Hardeep Singh Puri ji.

I also thank Shri Basavaraj Bommai, our hon. Chief Minister for his timely intervention. He set up a nodal office to coordinate with the MEA and the Indian Embassies abroad to facilitate safe evacuation of our citizens.

Sir, several citizens, mainly medical students from my constituency were also stuck in the war zone. One of them, Mr. Naveen Shekharappa, who was studying in Karkiv, unfortunately lost his life. I have discussed about this previously on the floor of the House. I met Dr. Jaishankar with the request of his family members to bring back his mortal remains. We were able to bring the mortal remains of Mr. Naveen Shekharappa back home due to the intervention

of Narendra Modiji and Jaishankarji. I thank them on behalf of the family of Mr. Naveen Shekharappa for bringing back his mortal remains and helping them to deal with this terrible loss.

I wish to take a minute to discuss what Mr. Shekharappa Gyangoudar told me when I visited their family. My colleague Siddeshwarji is also here. We all went to meet their family members. Even though Mr. Shekharappa Gyangoundar was struggling to deal with the terrible loss, it was heartening to know about the concern he has for the society and public good.

In that moment, he questioned the situation which made all these bright students to leave the country in pursuit of educational opportunities. Even Mr. Naveen Shekharappa scored 97 per cent marks in PUC. So, he questioned about the future of the students who have returned from Ukraine and he discussed about the structural changes needed in the education system of our country. I also feel the need for a discussion and discourse on this matter. We have to find a solution to this problem.

Sir, I end this short talk with a feeling that we, the law makers, owe an answer to Mr. Shekharappa.

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर) : सर, आज की चर्चा में यह बात बार-बार सदन में उठी है। It sounds like music that the statesmanship of Pandit Nehruji has been remembered again given the contemporary political and diplomatic situation prevailing across the world.

हमारा देश स्वामी विवेकानंद जी का देश है। Swami Vivekanandaji once exhorted the people of the world, 'help, not fight; assimilation, not destruction; peace and harmony, not dissension'.

सर, आज जयशंकर जी यहां हैं, वे हमारी बात सुन रहे हैं। उनके साथ चार और मंत्री भी उनको सहयोग करने के लिए बैठे हैं, यह अच्छा लगता है। मैं यह जानता हूं कि वे आत्मनिर्भर हैं, फिर भी बार-बार बीच में मंत्री खड़े होकर उनकी रक्षा करते हैं। …(व्यवधान)

मेरा यह कहना है कि इतना सारा श्रेय लेने की क्या जरूरत है? हम तो इस बारे में जानते हैं। श्री किरेन रिजीजू ने एक बात बहुत अच्छी कही कि जो भी सरकार में रहे, उसको यह जिम्मेदारी निभानी चाहिए थी, वह जिम्मेदारी हम निभा रहे हैं। यही तो हमारी परंपरा है। हमारे देश के आजाद होने से पहले यही परंपरा तो चलकर आ रही है कि कोई भी देश किसी भी पार्टी के नेतृत्व में रहे, उस देश का जो प्रधान होता है, उसकी जिम्मेदारी के तहत यह आता है। फिर भी हम क्यों चर्चा करते हैं? ताकि यदि कोई चूक हो, तो सरकार को सतर्क करना, सरकार को सलाह देना, यह विपक्ष का धर्म होता है, जिसका हम पालन करते हैं।

आप लोगों का अलग रवैया है। आप बार-बार एक ही बात पर श्रेय लेने की होड़ में लगे हुए हैं। यह शोभा नहीं देता है। आप खुद कहते हैं कि यह संवेदनशील मसला है। जब मसला संवेदनशील होता है, तो संवेदनशीलता के तहत उस पर चर्चा होनी चाहिए। मैं सबसे पहले यह कहूंगा - Could we explore any idea that Indian Parliament could pass a unanimous resolution to suggest both the warring countries of Russia and Ukraine that they may restrain from their present situation? The situation is

really terrible, horrendous, and heart-rending. Still, the memory of the World War II is still haunting us. So, could we explore any idea to make a fresh appeal to those warring countries to restrain from war so that peace and tranquillity prevail in the world?

सभापति जी, कोई माने या न माने, असर सभी पर होता है और हम पर भी हुआ है। जिस दिन से क्रीमिया एनेक्सेशन हुआ है, उसी दिन से मान लीजिए हजारों की तादाद में वहां लोगों की मौत की खबर आ रही है। क्रीमिया एनेक्सेशन और जंग, एक ही समय शुरू हुई है। जयशंकर जी एक कदवार और काबिल विदेश मंत्री हैं। मैं उनसे दो तीन सवाल पूछना चाहता हूं, जो मुझे हंटिंग कर रहे हैं।

First, does the Ukraine-Russia conflict really test India's Foreign Policy resilience?

Second, what are the complications outlining India's restraint?

Third, will it affect India's efforts to engage with Eurasia?

Fourth, will India's stance affect the growing synergy with the West as well as the Quad in the Indo-Pacific?

Fifth is, whether any adverse impact may have been occurred due to the sanctions insofar as India's stance is concerned.

हमारी पार्टी की तरफ से हमने यह बात जरूर उठाई है कि जिस तरीके से ज्यादा तत्परता बरतनी चाहिए थी, वह तत्परता दिखाने में कहीं न कहीं चूक जरूर हुई है। आप कहते हैं कि हमारे चार मंत्री वहां गए। हमारी पार्टी के नेता गुरजीत सिंह औजला जी भी वहां गए थे। एम्बेसी की पोस्ट के साथ-साथ वहां के लोकल स्टूडेंट्स की पोस्ट भी आप जोड़ लीजिए कि किस तरह की दिक्कत का सामना उन्हें करना पड़ा था। हमारे स्टूडेंट्स के वापस आने के बाद उन्हें एकोमोडेट कैसे किया जाए, यह भी हमें सोचना चाहिए।

Advisories sent out by the Indian Embassy were also vague in how students ought to conduct themselves. It was reported that the students had to make their own way to bordering countries because of lack of response from the Embassy regarding their evacuation. Indian students were reportedly harassed at borders crossing out of Ukraine in retaliation for India's abstention during the UN Security Council Resolution against Russia's invasion.

There have also been reports of Indian students being asked to clean toilets to ensure their evacuation out of Ukraine. In March, four Union Ministers were deployed to bordering nations to supervise evacuation efforts. Certainly, India had the first casualty that had been referred also that खारकीव में हमारे एक छात्र का निधन भी हो चुका है। ये आज के हालात हैं। आज रिस्ट्रिक्शन्स इम्पोज हो गए हैं, सैंक्शन इम्पोज हो गए हैं और रशिया को वहां से जल्दी निकालने का प्रयास हो रहा है। इसका रिस्पोंस कैसा होगा? क्या हम रूपी-रूबल ट्रेड सिस्टम अपनाने जा रहे हैं? रूपी-रूबल ट्रेड सिस्टम में हमें अगले दिन कौन सा कदम उठाने की जरूरत है, इस विषय पर अगर हमारी सरकार कुछ एक्सप्लेन करे, तो हमें समझने में सुविधा होगी क्योंकि अभी भी हम यूरो-डॉलर सिस्टम में चलते हैं। रिस्ट्रिक्शन के कारण जो नई परिस्थिति पैदा हुई है, इससे निपटने के लिए हमें क्या रणनीति अपनानी चाहिए, आप इसके बारे में हमें बताइए? हमारे यहां बताया जाता है कि रशिया और यूक्रेन के बीच जंग हो रही है, इसलिए तेल की कीमत बढ़ती जा रही है। दूसरी तरह हमारे फाइनेंस मिनिस्टर कह रहे हैं कि हमें डिस्काउंटेड तेल मिलता है और हम डिस्काउंटेड तेल खरीदते हैं।

On 1st April, the Finance Minister confirmed that India had procured three to four days' worth of crude oil supply from Russia at heavily discounted pricing. In ordinary circumstances, India imports only three per cent of its

crude oil from Russia. India is expected to increase imports from Russia in the coming months with the sanctions imposed on them, with Russia reportedly offering its crude at a discount of up to 35 dollars per barrel. This discount comes at a time when Brent Crude Prices have been staying at more than USD100 mark even reaching a 14 year high of USD 139 per barrel in early March. However if cheap Russian crude imports will translate into cheaper fuel prices for the citizens, is yet to be seen.

हमारा मुद्दा यह इसलिए है, क्योंकि एक तरफ आप कहते हैं कि इसी वजह से दामों में बढ़ोत्तरी होती है, वहीं दूसरी तरफ आपकी सरकार की वित्त मंत्री कहती हैं कि हम तेल सस्ते में खरीदते हैं। कौन-सी बात सच है, आप बताइए। यह जो नजारा आज दिख रहा है, इसी तरह वर्ष 1962 में क्यूबा को लेकर पोर्ट क्वारंटाइन की नीति अमेरिका के केनेडी साहब ने अपनाई थी। अब लगता है कि उस तरह के स्पेशल ऑपरेशन के नाम पर यूक्रेन के साथ रशिया ने यह जंग छेड़ी है। सर, एक और मुद्दा मैं जयशंकर जी के सामने उठाना चाहता हूं। As a new Iron Curtain falls over Russia, analysts warn not me Jaishankar ji that Putin's growing dependence on Xi Jinping would make it difficult for India to navigate its critical interests. Seeing an important ally being completely economically and diplomatically dependent on a key strategic adversary – China – is not to Delhi's advantage. Sino-Russia ties have taken a whole different logic and it is much more in favour of China.

रशिया के साथ हमारा आज का संपर्क नहीं है, यह एज-ओल्ड रिलेशन है। जब हमारी इंडो-यूएस न्यूक्लियर डील को यूपीए सरकार ने सदन में पास कराया था, तो उस समय न्यूक्लियर सप्लाई ग्रुप हमें समर्थन करे, इसमें रशिया ने हमारी काफी मदद की। हमारा रशिया के साथ केवल बायर या सेलर का संबंध नहीं है, बल्कि हमारे साथ रशिया की जॉइंट रिसर्चेज होती हैं, जॉइंट

डेवलपमेंट्स होते हैं, जैसे कि ब्रह्मोस, सुखोई, टी90 टैंक आदि । हमारे साथ रशिया का जॉइंट कारोबार चलता है, लेकिन अगले दिन इसका नतीजा क्या होगा, इस विषय पर सरकार की क्या सोच है, यह मैं जानना चाहता हूं। सर, हमारी तरफ से हम यह बात रखना चाहते हैं कि हम देश की रक्षा के लिए, देशहित के लिए पार्टी नहीं देखते, हम देश को आगे ले जाना चाहते हैं। हमारा रवैया अपनाते हुए, हमारा तर्क अपनाते हुए आप बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। हम लोग यह श्रेय नहीं लेना चाहते हैं। राजनाथ सिंह जी खुद कहते हैं कि मोदी जी ने यूक्रेन और रशिया की जंग में इस तरह का काम किया कि सारी दुनिया में उनकी वाह-वाह हो रही है। मैं जानना चाहता हूं कि आखिर उन्होंने ऐसा क्या काम किया कि उनकी सारी दुनिया में वाह-वाह हो रही है? यह मैं नहीं, राजनाथ सिंह जी कह रहे हैं। श्रेय लेने की होड़ में आप लगे हुए हैं। हम लोग श्रेय लेने की होड़ में नहीं रहते, क्योंकि यह हमारी परम्परा है। इसे हमें करना ही पड़ेगा। हम पार्टी के कार्यकर्ता हैं और देशहित में हम लड़ेंगे। यह हमारी नीति है, यह हमारी विचारधारा है। इसी को लेकर हम चलते हैं। धन्यवाद।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. वी.के. सिंह): सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैंने पूरी डिबेट सुनी। मैं केवल छोटे इंटरवेन्शन से कुछ चीजें बोलना चाहूंगा, क्योंकि कई बार लगता है कि हम लोग मीडिया और बाकी चीजों को सुनकर ज्यादा तूल देते हैं, न कि फैक्ट्स पर। मैं तीन अलग-अलग विषयों को लेकर चलूंगा। First is about the policy issues and the second is about how exactly the whole thing has been done. मीडिया और लड़ाई के बारे में हम जो बात कर रहे हैं, उसमें क्या वास्तविक सच्चाई है? सबसे पहले तो मैं एक चीज स्पष्ट करना चाहूंगा कि यहां पर कोई श्रेय लेने के लिए नहीं आया है। न हमारे विदेश मंत्री श्री जयशंकर जी को श्रेय चाहिए, न ही उसको श्रेय चाहिए, जो वहां गया है। अगर यह आपके मस्तिष्क की उपज है, तो कृपया इसको बाहर छोड़ दीजिए। हम केवल किसी काम के लिए गए थे और वह देश का काम था, हमारी पार्टी का काम नहीं था। वर्ष 2014 से हम देश के काम से एक बार नहीं, बल्कि अनेक बार गए हैं। हम देश के लिए गए हैं, अपने श्रेय के लिए नहीं गए हैं। कृपया मेहरबानी करके इस शब्द को हटा दीजिए। जहां तक पॉलिसी इश्यूज का सवाल है, मैं बहुत नम्रतापूर्वक कहना चाहूंगा कि वर्ष 2014 से सरकार ने इन विषयों के ऊपर जिस तरह से काम किया है, उससे एक कॉन्फिडेंस देने की कोशिश की है।

सरकार ने जनता को, हमारे प्रवासियों को एक कॉन्फिडेंस देने की कोशिश की है कि अगर कुछ गड़बड़ होगी, अगर कुछ दिक्कत आएगी तो भारत की सरकार उनकी मदद के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। मैं इसको दोबारा कह रहा हूँ कि भारत की सरकार, यह हमने एक कॉन्फिडेंस दिया है।…(व्यवधान)

श्री मनीष तिवारी (आनंदपुर साहिब): सर, क्या इससे पहले इवैक्युएशन नहीं हुए?…(व्यवधान)

जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. वी.के. सिंह : सर, मैं उसकी भी बात कर रहा हूँ।…(व्यवधान) मनीष जी, बैठिए।…(व्यवधान) मैं उसकी भी बात कर रहा हूँ।…(व्यवधान)

आप सब लोग वर्ष 1990 की बात कर रहे थे। अगर आप उस इवैक्युएशन को देखें तो शायद आपको अपने आप शर्म आने लगेगी।...(व्यवधान) सॉरी।...(व्यवधान) वर्ष 1990 का आप इवैक्युएशन देख लीजिए।...(व्यवधान) वर्ष 1990 का कुवैत का इवैक्यूएशन देख लीजिए।...(व्यवधान) I am talking about the year 1990 in specific because everybody mentioned about that. … (*Interruptions*) There have been many evacuations. … (*Interruptions*)

जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. वी.के. सिंह : सर, मेरे को बोलने दीजिए।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : मनीष जी, कृपया बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. वी.के. सिंह : मुझे बोलने दीजिए।...(व्यवधान) एक मिनट आप बैठ जाइए।...(व्यवधान) Please sit down. … (*Interruptions*) Everybody mentioned about the year 1990, and that is why, I am saying so. … (*Interruptions*)

माननीय सभापति : मंत्री जी, आप बोलिए।

...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Minister, please do not reply to them.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : माननीय मंत्री जी, आप उनका उत्तर मत दीजिए। उनका जवाब मत दीजिए।

...(व्यवधान)

GEN. (RETD.) DR. V.K. SINGH: Whosoever was in power is immaterial. … (*Interruptions*) We have had many evacuations. … (*Interruptions*)

महोदय, बहुत इवैक्युएशंस हुए हैं। हरेक इवैक्युएशन की सिचुएशन अलग होती है। हरेक सिचुएशन के अंदर काम करने का तरीका अलग होता है। कृपया उसको कम्पेयर मत कीजिए। अगर आप कहेंगे कि अब जो चीज हुई है, वह हमने पहले भी की थी, नहीं की थी या अगर यमन में

कुछ हुआ था, वह पहले हुआ था, वैसा नहीं हुआ था। अगर लीबिया में कुछ हुआ था, उससे पहले वैसा नहीं हुआ था। हरेक सिचुएशन अलग है और अगर हम इस चीज को नहीं समझेंगे तो हम गलती करेंगे।…(व्यवधान)

माननीय सभापति : अधीर बाबू, आप बैठिए।

…(व्यवधान)

जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. वी.के. सिंह : सर, आपने बोल लिया है। आप बोल चुके हैं। आप बैठिए।…(व्यवधान)

माननीय सभापति : किसी की कोई बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है। अधीर जी, मनीष जी, आपकी कोई बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है। केवल माननीय मंत्री जी की बात ही रिकॉर्ड में जाएगी।

… (*Interruptions*)…*

HON. CHAIRPERSON: Hon. Minister, please do not pay attention to them.

… (*Interruptions*)

GEN. (RETD.) DR. V.K. SINGH: Hon. Chairperson Sir, I am not yielding. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please do not listen to them and do not reply to them. Please address the Chair.

… (*Interruptions*)

GEN. (RETD.) DR. V.K. SINGH: The problem is this. … (*Interruptions*) I am repeating that again. … (*Interruptions*) औजला साहब, बैठ जाइए।…(व्यवधान)

माननीय सभापति : अधीर बाबू, औजला जी, आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

* Not recorded

जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. वी.के. सिंह : अधीर दादा, बैठ जाइए।…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: No, you have already spoken. आप बोल चुके हैं। आपकी पार्टी से कई माननीय सदस्य बोल चुके हैं। आप बैठिए। कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं जा रहा है। माननीय मंत्री जी के अलावा किसी की भी बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी।

… (*Interruptions*)…*

जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. वी.के. सिंह : आपको शायद मेरी बात समझ में नहीं आई है। मैं दोबारा से रिपीट करता हूँ। हर सिचुएशन अलग होती है।…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Minister, please address the Chair.

… (*Interruptions*)

जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. वी.के. सिंह : उसमें काम करने का तरीका अलग होता है। दोनों के बीच में कोई तुलना नहीं होती है, बहुत सिम्पल चीज है। मैं अपने अनुभव के आधार पर आपको बोल रहा हूँ। मैं राजनीति के अंदर नहीं बोल रहा हूँ। …(व्यवधान) दूसरी चीज है कि जहाँ तक हमारी विदेश नीति का सवाल है।…(व्यवधान) विदेश नीति पर काफी बात की गई है, हमारे विदेश मंत्री उसके ऊपर बोलेंगे। मैं एक ही चीज कहना चाहता हूँ कि किसी भी देश की विदेश नीति एकसार रहती है। थोड़े बदलाव आते हैं, थोड़ा उसको ट्वीक करना पड़ता है, अलग-अलग समय पर और वे चीजें चलती रहती हैं। उसके अंदर टीका-टिप्पणी करना कि नहीं जी हमने पहले ऐसा किया था, अब ऐसे हो रहा है, वह गलत होगा। आज के हालात के अंदर क्या विदेश नीति होगी, वह आज के हालात पर निर्भर करेगी। It will be dependent upon how you look at each nation. Today, we are looking at greater strategic autonomy. We are looking at how our interests will get us better results, and that is why, you will find that over a period of time, our relationships have changed a little bit. That is what the foreign policy is all about.

Let me now come to the situation that emerged during the crisis. I think, the media has shown that India was very late. I think, the warnings had been given in time but there is one problem. Again, I am speaking from my experience. हमारे भारतीय जहाँ पर भी होते हैं, यह मैंने साउथ सूडान में भी देखा, यह मैंने यमन में भी देखा और यह मैंने यहाँ पर भी देखा।

आखिरी मिनट तक कोई नहीं हिलता है। जब तक गोली नहीं गिरेगी या गोला नहीं गिरेगा, तब तक कोई नहीं हिलता है। वे सोचते हैं कि शायद सब कुछ ठीक हो जाएगा। यहां पर एक और दिक्कत थी, यूनिवर्सिटी के अंदर जो लोग थे, जो कॉन्ट्रेक्टर्स थे, वे इस चीज के बारे में स्टूडेंट्स को बोलते रहे कि कुछ नहीं होगा, शांति से बैठो, सब ठीक हो जाएगा। ऐसे हालात के अंदर अगर लोग रुके और देरी हुई तो इसका कारण सरकार की देरी नहीं है।...(व्यवधान)

माननीय सभापति: आप अपनी बात बोलिए। मंत्री जी, आप बोलिए।

...(व्यवधान)

जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. वी.के. सिंह : आपको शायद यही लगता है, क्योंकि आपके रिसर्च सेल ने यह बोला है।...(व्यवधान) दूसरी चीज है कि हमारे जो स्टूडेंट्स हैं, जिनके साथ भी हमने बात की, हमने बहुत लोगों के साथ बात की और मैं आपको कह सकता हूं कि आपकी धारणा बिल्कुल गलत है। जिन स्टूडेंट्स के साथ बात की, शायद आपने बाद में बात की होगी, लेकिन आप इस चीज को समझेंगे नहीं।...(व्यवधान) औजला साहब, आप तो आखिरी दिन आए थे। आप क्यों बोल रहे हो? आप बैठ जाइये। आप तो पौलेंड में आखिरी दिन आए थे।...(व्यवधान) You did not even meet anybody. Please sit down.

माननीय सभापति : आप इधर बोलिए।

...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: You address only the Chair.

जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. वी.के. सिंह : इस चीज की चर्चा आई कि हमारे स्टूडेंटस को चलने में दिक्कत हुई। यह वे स्टूडेंट्स थे, जो 25 किलोमीटर लम्बे जाम के अंदर फंसे हुए थे, जिसमें सड़क से दूसरी तरफ जाने का रास्ता नहीं था, जिसमें भारी संख्या में यूक्रेन के लोग मेडिका, पौलेंड की जो क्रॉसिंग है, उसको पार करने की कोशिश कर रहे थे। 25 किलोमीटर लम्बे जाम के अंदर पैदल चलना पड़ेगा। वहां हवाई जहाज नहीं आएगा, वहां ड्रोन नहीं आएगा और अगर कष्ट हुआ है, उस टाइम पर इलाज नहीं था, हमने कोशिश की कि हमारे एम्बेसी के लोग उन तक कम्बल पहुंचाये, जो दो-दो, तीन-तीन दिन तक वहां पर रुके हुए थे। उनको खाना भेजे। सभी तरह की कोशिशें की गई। लेकिन लोगों की एक अपेक्षा होती है कि हम आए हैं तो हमको वहीं पर गाड़ी के अंदर रिसीव किया जाए, हमको गाड़ी के अंदर लेकर पार किया जाए। इसी तरह से एक चीज का जिक्र आया कि पुलिस के द्वारा दुर्व्यवहार हुआ। इन बॉर्डर क्रॉसिंग्स के ऊपर भीड़ थी। जैसे हमारे लोगों की मन:स्थिति होती है कि कोई डिसिप्लिन में नहीं रहते, मैं उसमें नहीं पड़ना चाहता, कोई लाइन नहीं लगाना चाहता और जहां पर उन्होंने बुजुर्गों को धक्का दिया, वहां पर पुलिस ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। हमने यह सभी जगह पर्सनली चैक किया और जहां पर भी हमारे स्टूडेंट्स के साथ दुर्व्यवहार हुआ, वह इसलिए नहीं हुआ कि हमने एब्स्टेन किया था, वह इसलिए हुआ कि हमारे स्टूडेंट्स बुजुर्गों को धक्का देकर आगे निकलने की कोशिश कर रहे थे। कई चीजें होती हैं, जिनके बारे में एक गलत धारणा बन जाती है। मेरा ऐम था कि इस धारणा को मैं ठीक करूँ।

एक बहुत बड़ी चीज के बारे में ज्योतिरादित्य सिंधिया जी ने बोला कि हमारे एनजीओज़ का, प्रवासियों का और प्रवासी ऑर्गेनाइजेशंस का काफी बड़ा रोल मदद करने के अंदर रहा। चाहे वह धार्मिक संगठन था। It was an NGO or it was a company which was working out. पोलैंड के साथ हमारे जो रिश्ते हैं, निशिकांत जी ने बताया था कि किस प्रकार जाम साहब जी के कारण पौलेंड के अंदर भारत की एक तस्वीर है। इसलिए जो भी हमारा स्टूडेंट पोलैंड के बीच से आया, उनको 15 दिन का Schengen वीजा दिया गया। किसी और देश ने नहीं दिया, सिर्फ

पोलैंड ने 15 दिन का Schengen वीजा लगाकर दिया ताकि उनको अगर आगे जाना है, जर्मनी से जाना है या कहीं ओर से जाना है तो उनको दिक्कत न आए।

एक चीज आई थी कि मिनिस्टर्स क्यों बोल रहे हैं, वे क्या कर रहे थे। श्याम सिंह जी ने काफी बातें कीं, मैं आपसे निवेदन करूंगा कि उन्होंने जो कुछ चर्चाएं कीं, उनको थोड़ा निकाला जाए। हमारा काम था कि कैसे सहूलियत दी जाए, कैसे रिसोर्सेस को इकट्ठा किया जाए, कैसे लोगों को सही तरीके से लेकर आया जाए? जब वे आते हैं तो उनको खाना वगैरह दिया जाए। मानकर चलिए कि जब हजार लोग होते हैं तो हजार में से दो या चार आदमी असंतुष्ट जरूर होंगे। सबकी संतुष्टि पोसिबल नहीं है। उन हालात के अंदर जब आप बड़े-बड़े हॉलों के अंदर लोगों को सुलाते हैं, अगर कोई कहे कि मुझे तो चारपाई चाहिए थी, तो शायद वह एक गलत तरीके से उस चीज का उपयोग करना था।

इस सबके अंदर हमारे प्रधान मंत्री जी का बड़ा रोल रहा है, और उन्होंने किसी से श्रेय नहीं मांगा। वह क्या रोल था, जो कि वह रोल उन्होंने यमन के अंदर भी निभाया था। जो भी राष्ट्राध्यक्ष थे, उन्होंने उनसे बात की कि कैसे हमारे स्टूडेंट्स को निकाला जा सकता है। जब रशिया ने एक वॉर्निंग दी कि आप खारकीव और सूमी से अपने लोगों को निकाल लें, तब बातचीत की गई कि उनको कैसे निकाला जाए। अगर वहां पर हमारे राजनायिकों ने ट्रेन अरेंज की तो उसके लिए भी जो बातचीत हुई, उसके कारण हुआ है। नहीं तो हमारे लोगों को ट्रेन नहीं मिलनी थी, हमारे लोगों को बसें नहीं मिलनी थीं। हर एक सीट का किराया 500 डॉलर मांगा जा रहा था। …(व्यवधान)

श्री गुरजीत सिंह औजला (अमृतसर): सर, स्टूडेंट्स दे कर आए हैं, 500 डॉलर्स किराया दे कर आए हैं। …(व्यवधान)

माननीय सभापति: औजला साहब, आप बैठ जाइए।

माननीय मंत्री जी, आप बोलिए।

…(व्यवधान)

जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. वी.के. सिंह: औजला साहब, बैठ जाइए, सुन लीजिए, मैं बता रहा हूँ। …(व्यवधान) कुछ स्टूडेंट्स ऐसे थे जो अपने आप, बिना किसी के इंतज़ार किए वहां से निकले और वे अपनी मर्ज़ी से अपने तरीके से आए और उनमें से कोई एक दुखी नही था। मैं उन सबसे मिला, कोई उनमें से दुखी नहीं था। …(व्यवधान) बाद में आप आ कर अपना दुख जो भी देना है, वह दे कर जाएं। लेकिन वहां पर, बॉर्डर क्रॉसिंग के ऊपर कोई दुखी नहीं था।

अगर मैं हरजोत सिंह का एग्ज़ांपल लूं, तो हरजोत सिंह को लाने में शायद जितनी मेहनत करनी पड़ी होगी, उतनी किसी और ने नहीं की होगी। हरजोत सिंह चले, रास्ते में Vinnytsia Airport पर बमबारी हुई। ट्रैफिक जाम हुआ, गाड़ी फंसी, उसको कम से कम चार-पांच घंटे चक्कर लगाना पड़ा, गाड़ी का गैसोलीन खत्म हो रहा था, हमारे डिफेंस अटैशे और उनके स्टाफ गाड़ियां ले कर गए, एंबुलेंस को ढूंढा, जेरीकेन से उसमें गैसोलीन डाली, वे आगे आए, दोबारा उसके लिए किया। ऐसा कोई और देश नहीं कर सकता है। कोई देश ऐसा नहीं कर सकता है और मैं बड़े फक्र के साथ कहता हूँ कि जो काम हमारे देश ने किया है, दुनिया के किसी देश ने नहीं किया है।

मैं आखिर में दो-तीन चीजें और कहना चाहूंगा। War is destruction. War throws up corpses, it does not throw living people. War results in massive damage, and as the wars become more modern, this damage increases. What you are watching today on the television is only a part of it.

Secondly, in modern day, wars result in great amount of disinformation. हमको नहीं पता क्या हो रहा है? मीडिया जिस तरीके से चीज़ों को उठाता है, अलग-अलग तरह के मीडिया, अलग-अलग तरह से उठाते हैं। इसलिए इसके बीच में से सच्चाई ढूंढना बड़ा मुश्किल काम है। इसलिए मेरा निवेदन यही रहेगा कि जो सिचुएशन है, मेरे ख्याल से आपके पास एक बड़ी सक्षम सरकार है, जो इसको अच्छे तरीके से हैंडल कर रही है, उनको हैंडल करने दीजिए। बहुत-बहुत धन्यवाद। जय हिंद।

18.47 hrs

CONSTITUTION (SCHEDULED CASTES AND SCHEDULED TRIBES) ORDERS (AMENDMENT) BILL, 2022

सभापति महोदय : आईटम नंबर 17 – संविधान (अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2022।

माननीय मंत्री जी।

जनजातीय कार्य मंत्री (श्री अर्जुन मुंडा): महोदय, मैं प्रस्ताव* करता हूँ:

"कि झारखंड राज्य के संबंध में अनुसूचित जातियों की सूची में से भोगता समुदाय का लोप करने के लिए संविधान आदेश (अनुसूचित जातियां), 1950 तथा झारखंड राज्य के संबंध में अनुसूचित जनजातियों की सूचियों में कतिपय समुदायों को सम्मिलित करने के लिए संविधान आदेश (अनुसूचित जनजातियां), 1950 का और संशोधन करने वाले विधेयक, राज्य सभा द्वारा यथापारित, पर विचार किया जाए।"

महोदय, यह झारखंड राज्य के संबंध में संविधान (अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2022 के संबंध में विचार करने का प्रस्ताव है। झारखंड राज्य की अनुसूचति जाति एवं अनुसूचित जनजातियों की सूची में निम्नलिखित बदलाव करने का प्रस्ताव है। अनुसूचित जातियों की सूची में क्रम संख्या 3 पर सूचिबद्ध 'भोगता' को विलोपित करना, अनुसूचित जनजातियों की सूची में 'पुरान' के तौर पर नई प्रविष्टी को शामिल करना। अनुसूचित जनजातियों की सूची में क्रम संख्या 16 पर "भोगता, देशवारी, गंझू, दौलतबन्दी, पटबन्दी, राउत, माझिया, खैरी" को खरवार के पर्यायवाची के रूप में प्रविष्ट करना। अनुसूचति

---

* Moved with the recommendation of the President.

जनजातियों के क्रम संख्या 24 पर 'मुंडा' के पर्याय के रूप में "तमरिया (तमड़िया)" को शामिल करना।

माननीय सभापति महोदय, मैं आग्रह करता हूँ कि इस पर विचार किया जाए और जो भी सुझाव आएंगे, उसके अनुरूप फिर सरकार उत्तर देते हुए आग्रह करेगी कि इसको पास किया जाए।

माननीय सभापति: प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ :

> "कि झारखंड राज्य के संबंध में अनुसूचित जातियों की सूची में से भोगता समुदाय का लोप करने के लिए संविधान आदेश (अनुसूचित जातियां), 1950 तथा झारखंड राज्य के संबंध में अनुसूचित जनजातियों की सूचियों में कतिपय समुदायों को सम्मिलित करने के लिए संविधान आदेश (अनुसूचित जनजातियां), 1950 का और संशोधन करने वाले विधेयक, राज्य सभा द्वारा यथापारित, पर विचार किया जाए।"

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Hon. Chairperson, Sir, I thank you for giving me a chance to speak on the Constitution (Scheduled Castes and Scheduled Tribes) Orders (Amendment) Bill, 2022, which has already been passed by Rajya Sabha. This Bill seeks to include certain communities in the list of Scheduled Tribes in relation to the State of Jharkhand.

Sir, in this Session, this is the third time that such a Bill has been brought before the House. The first Bill sought inclusion of some community from Scheduled Caste to Scheduled Tribe in Tripura. The second Bill related to inclusion of some Scheduled Caste and Scheduled Tribe communities in Uttar Pradesh. Now, the hon. Minister of Tribal Affairs, Shri Arjun Mundaji, brings another Constitution (Scheduled Castes and Scheduled Tribes) Orders (Amendment) Bill to include certain communities in Jharkhand.

I have no objection to this. I can understand the compulsion of the Government, the pressure on the Government and the election point of view due to which they are continuously including many communities from Scheduled Castes to Scheduled Tribes and from backward castes to Scheduled Castes. This is not good. As I said while participating in the debate on the previous Bill, continuously, the Government is, due to vote-bank, including many communities in the list of Scheduled Castes and the list of Scheduled Tribes. Due to such things, the availability of funds and the reservation benefits are going down. There is no mechanism for the enhancement of allocation of funds for the welfare of the Scheduled Tribes and

reservation for them. So, I would like to appeal, through you, to the hon. Minister that I have no objection if he wants to include any community into the Scheduled Castes or the Scheduled Tribes, but at the same time, he must understand the real problems being faced by these communities, the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes.

Sir, I now come to certain issues which exist throughout the country. The Scheduled Tribes in various parts of the country are facing so many problems and are being denied their rights. Recently, the rights of the Scheduled Tribes in Gujarat were being denied by the State Government of Gujarat which has decided to go ahead with Par-Tapi-Narmada river-linking project, in the face of grass-root level protests.

This ecological disaster is likely to result in displacement of thousands of Adivasis. The hon. Minister was keeping quiet. There was no reaction from the Ministry of Tribal Affairs. What is the role of the Ministry? They have to protect the interest of the tribal communities. This project will result in eviction of thousands of tribal people in that area, but the Ministry of Tribal Affairs is keeping quiet. Now, the project is being stopped temporarily as elections are approaching in Gujarat, much like the stoppage of price rise of petrol and diesel during the recently held elections in five States. The BJP has decided to pause the project only in Gujarat while the ecologically disastrous Ken-Betwa link project in Madhya Pradesh continues.

Chairman Sir, this is the attitude towards the Adivasi community by the BJP ruled States, especially Gujarat.

Now, I will come to the question of how the project will affect villages. According to a report by the National Water Development Agency, about 6,065 hectares of land area will be submerged due to the proposed reservoirs of the Par-Tapi-Narmada river-linking project. A total of 61 villages will be affected, out of which one will be fully submerged and the remaining 60 will be partly submerged. The total number of affected families would be 2,509. In Gujarat, 793 families from 17 villages would be affected by the Kelwan reservoir; 563 families would be affected by the Dabdar reservoir across 11 villages; 379 families would be affected by Chasmandva reservoir spread over seven villages; 345 families would be affected by Chikkar reservoir across nine villages; and 331 families would be affected due to Paikhed reservoir spread over 11 villages.

The main issue here is that the ancestral lands and houses of Adivasi families will be submerged when the reservoirs will be created. No amount of compensation can compensate their loss of culture, their lineage, their heritage, and their collective memories. But did the BJP Government in Gujarat care? No, they went ahead with the project only to realize that the protests by the affected tribals will submerge their election victory. This is the level of duplicity by the BJP Government that has no pain of remorse in demolishing the ancestral lands of Adivasis in the name of development. If this is the situation of Adivasis in tribal areas, are their brothers and sisters in the other parts of the country prospering?

On 18th December, 2006, the historic Scheduled Tribes and Other Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act, FRA, was passed in Parliament by the UPA Government when Manmohan Singh ji was the Prime Minister of India, and hon. Sonia Gandhi ji was the Chairperson of UPA. That revolutionized the lives of tribals by correcting the historical injustice done to the tribal community and other traditional forest dwellers by granting right of forests to the original owners of the forests.

However, no significant improvement is seen in the efforts by the NDA Government in implementing the Forest Rights Act. It is shocking to note that only 14.75 per cent of the minimum potential forest areas for forest rights in India have been recognised since the Act came into force. Even within this lower recognition rate, there is an uneven implementation of FRA across States. For example, Andhra Pradesh has recognised 23 per cent of 29,64,000 acres of its minimum potential forest claim, while Jharkhand with 52,36,400 acres of minimum potential forest area has recognised only 5 per cent. Let us examine the performance of States in granting rights to tribals under FRA since promulgation. I would like know from the hon. Minister whether the Ministry of Tribal Affairs has ensured that FRA is being implemented by all the State Governments to benefit the tribals. But I think there is no progress in implementing FRA. Many of the State Governments are not ready to implement FRA. The Government of India is not taking any initiative to implement FRA.

I will now come to the issue of crimes against Scheduled Tribes. I have figures for this also but due to time constraint I am not going into the details.

19.00 hrs

Sir, the Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act for protection of Scheduled Tribes has not been implemented properly. The tribals are still victims of the upper caste people. The backlog in vacancies for appointment of Scheduled Tribes is not being filled up regularly. In 2016, ST backlog was 6,955; in 2017, the backlog was 13,040; in 2018, it was 12,679; and in 2019, it was 12,612. This is the backlog of ST vacancies in the Government of India service.

So, I would like to say that there is no proper recruitment. The PoA Act is not being properly implemented for the protection of Scheduled Tribes. The Forest Rights Act is also not being implemented in various parts of the county like Gujarat. They are forcefully being thrown out from their own properties. This is going on in this country. So, I would request the hon. Minister to protect the interests of the Scheduled Tribes in the country.

With these few words, I conclude my speech.

माननीय सभापति: एक मिनट रुकिए। यदि सदन की सहमति हो तो 8 बजे तक सदन का समय बढ़ा दिया जाए।

…(व्यवधान)

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): बिल पास होने तक बढ़ाइए।

माननीय सभापति: बिल 8 बजे तक ही पास करने की कोशिश करेंगे।

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा): माननीय सभापति जी, आपने मुझे संविधान (अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2022 पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। इस बिल के द्वारा झारखंड राज्य की अनुसूचित जातियों की सूची से भोगता समुदाय का लोप करने के लिए तथा अनुसूचित जातियों की सूची में भोगता, देशवारी, गंझू, दौलतमंदी (द्वालबंदी), पटबंदी, राउत, मझिया और खैरी (खेरी), तमड़िया, तमरिया और पुरान समुदाय को शामिल करने के लिए यह बिल लाया गया है।

माननीय सभापति जी, मैं जानता हूं कि समय की मर्यादा है। मैं एक निवेदन करना चाहता हूं कि आज यह बिल, जिस समुदाय को हम देने जा रहे हैं, 74 साल के लगातार अन्याय के बाद भारत की किसी सरकार ने उनकी सुध ली है, आज उनकी आवाज को मुकाम मिल रहा है और जिंदगी मिल रही है। मैं हाथ जोड़कर यह जरूर विनती करूंगा कि अभी लाखों लोग टीवी की ओर टकटकी लगाकर बैठे हैं। दिन भर से फोन आ रहे हैं कि आएगा, नहीं आएगा, तो मुझे आज उनकी व्यथा इसलिए भी व्यक्त करने दीजिए कि देश को यह जानने का अधिकार है कि 74 साल में 58 साल से ज्यादा जिन्होंने शासन किया, उन्होंने क्या अत्याचार किया, क्या अन्याय किया? यह कोई इनक्लूजन नहीं है। एक जाति, एक समुदाय जो वर्ष 1872 के सेंसस से लगातार ट्राइबल कही जाती रही, उसको आपने वर्ष 1950 के आदेश में छोड़ दिया। उसी की उपजाति को जोड़ लिया और इसको छोड़ दिया। महोदय, मैं सबसे पहले खरवार जाति की जो उपजातियां हैं, जिसमें भोगता, गंजू, खैरी, देशवारी स्वाधीनता, स्वतंत्रता, स्वाभिमान, संस्कृति और सनातन संस्कृति की ध्वजवाहक हैं। यह उनके सम्मान और सहभागिता का बिल है। भोगतावंशी वीर नीलांबर, पीतांबर, जो खरवारवंशी थे, खरवारवंशी वीर भोगता बंधुओं को 28 मार्च, 1859 को लेस्लीगंज में देश की आजादी के संघर्ष करने के लिए फांसी पर चढ़ा दिया गया। 1857 की क्रांति में ये दोनों भाई लड़ते रहे। इनको श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ मैं आज इस देश के सर्वोच्च सदन से नीलांबर, पीतांबर के साथ नकलौट मांझी, रतन शाह, नारायण, कुटकुन शाह, भोजा, भरत, भूखा शाह, शिवचरण माझी, गणपत माझी, कुर्तू माझी, राजा सिंह, मंगू, गंझू, तमाम ऐसे सैकड़ों शहीदों को नमन करता हूं।

मैं उनको विश्वास दिलाता हूं कि आज आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनी है, जिसमें जनजातीय मंत्रालय का कार्यभार श्री अर्जुन मुंडा जी ने संभाला है, आज आपको न्याय मिलेगा। यह देखने में सामान्य बिल लगता है, लेकिन अगर आप इसकी कहानी सुनेंगे, चूंकि समय का अभाव है इसलिए मैं इसका सिर्फ क्रॉनोलॉजिकल आर्डर पढ़ रहा हूं। 10.8.1950 को भोगता समुदाय को अलग जाति बनाकर अनुसूचित जाति क्रम संख्या-3 पर सूचीबद्ध किया गया। 71 वर्षों से भोगता समाज अपनी पहचान और अस्तित्व की लड़ाई लड़ता आ रहा है। 5.10.2004 को पत्रांक संख्या-473, झारखंड जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, रांची के निदेशक द्वारा खरवार जाति की उपजातियों का अध्ययन करने के लिए कल्याण विभाग को प्रेषित किया गया, फिर 3.2.2012 में भारत सरकार के पास आया, फिर 18.12.2013 में रजिस्ट्रार जनरल की संस्तुति प्राप्त हुई।

3.12.2014 को जनजातीय मंत्रालय ने भोगता और खरवार पर अपनी राय मांगी। मैं एसटी कमिशन का उल्लेख इसलिए कर रहा हूं क्योंकि एसटी कमिशन ने इसकी संस्तुति की है। अभी झारखंड में जो सरकार हैं, वह इसका विरोध कर रही है, लेकिन एसटी कमिशन के चेयरमैन जो अभी झारखंड सरकार में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव जी थे, उन्होंने 3 गांवों का अध्ययन किया। मैं संक्षेप में ही नाम लूंगा, वे लातेहार जिले के तीन गांव में चंदवा ब्लॉक के बसडीहा जिसकी पंचायत हुटाप है, उन्होंने चीरो और कैलाखंड गांव में जाकर स्टडी की और पाया कि सामाजिक स्थिति, जन्म संस्कार, छठी संस्कार, विवाह संस्कार, कन्या मूल, दहेज प्रथा, मरण संस्कार, आर्थिक स्थिति और धार्मिक स्थिति, इन सभी जातियों में समान पाया। जिन जातियों को आज इनक्लूड किया जा रहा है, ये खरवार की उप-जातियों के अनुरूप हैं।

झारखंड सरकार के ट्राइबल कमिशन के चेयरमैन प्रकाश उरांव जी वर्ष 2004 में थे, उनसे 31.7.2014 को आदरणीय रामेश्वर उरांव, जो एनसीएसटी के चेयरमैन थे मिले और उन्होंने भी संस्तुति दी कि इसको शामिल करना चाहिए।

आज इसको शामिल किया जा रहा है, लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि यह गलती हुई है। मेरे हाथ में सेंसस ऑफ बंगाल 1872 है, चूंकि समय का अभाव है, इसमें हर जगह उल्लेख है, यहां खरवार और उनकी जनसंख्या के बारे में बहुत साफ-साफ लिखा हुआ है। खासकर भोगता किस तरह से भारत के हर कोने में थे, खासकर जो बंगाल का प्रोविंस है, इसमें साफ-साफ लिखा है कि भोगता बड़ी संख्या में हजारीबाग, मानभूम और पलामू जिले में रह रहे थे। बंगाल का 1852 का एक वॉल्यूम है, उसमें एक चार्ट दिया हुआ है। चूंकि हमारे मित्र निकल गए, क्योंकि इनको पता ही नहीं है कि बंगाल में हर जगह वर्द्धमान, बांकुरा, वीरभूम, मिदनापुर, हुबली, हावड़ा, चौबीस परगना, नादिया, मुर्शीदाबाद, रंगपुर, दार्जिलिंग, लोहरदगा, हजारीबाग, सिंहभूम और मानभूम, ये सभी बंगाल में आते थे। हर जगह भोगता की आबादी है। इसको खरवार का ट्राइबल माना जाता रहा है।

उसके बाद सवाल उठता है कि इसको सूची में क्यों नहीं शामिल किया गया? खरवार-भोगता समाज संघ ने लगातार इसकी मांग की है। उनका कहना था कि दुर्भाग्यवश भोगता समुदाय के लोगों का हिन्दू धर्म में आस्था रखने और ईसाई धर्म में धर्मांतरण नगण्य होने के कारण उनको जानबूझकर सूचीबद्ध नहीं किया गया क्योंकि वह अंग्रेजों की नीतियां थीं।

महोदय, अंग्रेजों की जो नीतियां थीं, वही नीतियां अब तक चलती रहीं। खरवार समुदाय के बारे में स्पष्ट रूप से बिहार गेजट, हजारीबाग में लिखा हुआ है कि यह भोगता ट्राइब्स हैं। पलामू, द बिहार गजेटियर बाए पीसी राय चौधरी, इन्होंने साफ लिखा है –"Till recently, it is peculiar that while the tribals in some other Chota Nagpur districts have been studied, the tribals of Palamu district did not attract the same amount of attention from the anthropologists." चूंकि पलामू की वीरभूमि लगातार लड़ती रही। विदेशी आक्रांताओं का, मुस्लिम मुगलों का और अंग्रेजों का आक्रमण हुआ तो इन्होंने धर्मांतरण से इंकार कर दिया, इसलिए उनको सुविधा नहीं मिली। इसमें साफ कहा है कि वर्ष 1857 का बहुत लंबा इतिहास है।

महोदय, आप समय नहीं दे रहे हैं, मैं नीलांबर और पितांबर के बारे में कहना चाहता हूं कि किस तरह से वर्ष 1857 से 1859 तक एक ट्राइबल समूह के दो नौजवान बालक, जिन्होंने कुंवर सिंह सेना की मदद करके कुंवर सिंह के निधन के बाद भी वर्ष 1959 तक लगातार लड़ाई लड़ी। अंत में अंग्रेजों ने उन्हें 28 मार्च को पकड़ा और बिना किसी सुनवाई के फांसी पर चढ़ा दिया। इसकी उपेक्षा लगातार इसलिए की गई कि उनके मरने के बाद भी वहां आंदोलन नहीं रुका। बहुत महत्वपूर्ण बात यह है कि सभी इतिहासकारों ने माना कि पलामू में जो आंदोलन हुआ, जो स्वतंत्रता संग्राम हुआ, वह सिपाहियों का संग्राम नहीं था, बल्कि इसमें आम जन की भागीदारी थी। इसमें आम लोगों ने भाग लिया था। यह लगातार चलता रहा। पलामू गजेटियर में उल्लेख है। D.H.E. Sunder in his final report of Survey and Settlement Operation of the Palamu Government Estate published in 1898, has clearly written that Kharwars of Palamu are divided into six clans or sub-castes, namely, Sarujbansi, Dualbandi, Patbandhi, Kheri, Bhogti or Ganjha and Manjhia. All of them count themselves as among the 1,800 pr *atara hazaar* Kherwars.

महोदय, मैं इसलिए सुना रहा हूं, अभी सुरेश जी ने कहा कि हम वोट बैंक के नाते इसे ला रहे हैं। आपने जो अन्याय किया, आपने जो गलती की, हम उसे सुधारने के क्रम में हैं। झारखंड इतिहास और संस्कृति के पृष्ठ संख्या 533 पर डॉ. वीर वीरोत्तम ने लिखा है कि डॉल्टन के अनुसार खरवार चार उपजातियों में विभक्त थे - भोगता, मांझी, राउत और महतो, किंतु सेंडर ने उन्हें छः उपजातियों में विभक्त बताया। दुआसाती, पटबंदी, खेरी, भोगती, गंजो, मांझी। इन सब में भोगता सर्वाधिक महत्वपूर्ण थे। यह अंतर्विवाही उपजातियां, बाहरी विवाही गोत्रों में बंटी हुई थीं। रिस्ले के अनुसार 75 योगी पवित्र धारण करने वाले खरवार सगाई विवाह नहीं करते थे। धार्मिक कृत्य में ब्राह्मण पुरोहितों की सेवा लेते थे, किंतु बलि चढ़ाने के लिए जनजातीय पाहन अथवा अनुसूचित बेगा की सहायता ली जाती थी। मैं इसलिए कह रहा हूं कि मुझे समय चाहिए क्योंकि यह बहुत

महत्वपूर्ण है। कुछ लोग कहते हैं कि हिंदू ट्राइबल कैसे हो गया? यह वह जाति है जो दोनों प्रथाओं के बीच समानता स्थापित करती है।

महोदय, अधीर जी बार-बार कहते हैं कि आप पुरानी चर्चा करते हैं। आपने इतने मुर्दे गाड़ रखे हैं जो समय-समय पर भूत बनकर खड़े होते हैं। वे आपको डराते हैं और आप चिल्लाते हैं। मैं ज्वाइंट पॉर्लियामेंटरी कमेटी की बात करना चाहता हूं। द एससी एंड एसटी ऑर्डर अमेंडमेंट बिल, 1967, मेरे हाथ में कम्पोजिशन है। इस बिल को लेकर जेपीसी बनी, 30 लोगों की कमेटी बनी। चेयरमैन अनिल कुमार चंदा, कांग्रेस के बंगाल से थे। 30 में से 21 लोग कांग्रेस के सदस्य थे।

उसमें झारखंड से कार्तिक बाबू थे। उस कमेटी ने क्या कहा, वह जानना जरूरी है, जो उनके लिए हिन्दुत्व की चर्चा करते हैं। "The Committee are of the opinion that no person who has given up the tribal faith or faiths and has embraced either Christianity or Islam shall be deemed to be a member of Scheduled Tribes.

Amendments to the Scheduled Tribes Order have been made accordingly." जेपीसी यह साफ कह रही है और इसमें एक भी डिसेंट नोट नहीं है। वह कहती है कि कंडिका-2 में निहित किसी बात के होते हुए कोई भी व्यक्ति, जिसने जनजाति आदि मत अथवा विश्वासों का परित्याग कर दिया है और ईसाई या इस्लाम धर्म ग्रहण कर लिया हो, वह अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं समझा जाएगा। वह जेपीसी भारतीय जनता पार्टी की सरकार की नहीं है। वह जेपीसी श्रीमती इंदिरा गांधी की सरकार की थी। जब उस पर बहस हुई, तो बहुत दु:ख की बात है, चूंकि समय का अभाव है, मैं उस इतिहास के बारे में कहने वाला हूं, मुझे नियमों की जानकारी नही है, लेकिन मैं आपके माध्यम से यह मांग करने वाला हूं कि वर्ष 1967 की उस जेपीसी रिपोर्ट, जिस पर पार्लियामेंट में बहस हुई थी, उस पर अगर नियम या प्रावधान है, तो उस पर फिर से चर्चा कराने की जरूरत है। यह समय की मांग है। क्योंकि, यह पाप किया गया है। एक जेपीसी, जिसने रिक्मेंडेशन दी थी, मैं कोट करना चाहता हूं, उस पर हमारे नेता सूरजभान जी का

बहुत अच्छा ऑब्जर्वेशन है । मैं थोड़ा सा समय और लूंगा । मैं जेपीसी की चर्चा करके अपनी बात समाप्त करूंगा । मैं जानता हूं कि समय का अभाव है।

माननीय सभापति: आपको बोलते हुए काफी समय हो गया है । 16 मिनट हो गए हैं।

श्री सुनील कुमार सिंह: सर, जनसंघ के ओम प्रकाश त्यागी जी ने कहा था कि –'एक राजनीति इस देश में चलाई जा रही है । एक षडयंत्र भी चल रहा है । न मालूम आगे क्या मांग होगी? धर्म परिवर्तन के खेल से भी यह ज्यादा खतरनाक खेल है।' इसी में सूरजभान जी ने जो कहा था, वह बहुत आश्चर्यजनक है, आप सुनिए । उन्होंने कहा था कि –'मैं आपके सामने एक प्वाइंट और रखना चाहता हूं । इस पार्लियामेंट में यह रिवाज है, वह रिवाज आज भी है । रिवाज यह है कि ज्वाइंट सेलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट आमतौर पर यूनैनमस्ली या थोड़े-बहुत संशोधनों के साथ मंजूर कर ली जाती थी । लेकिन, आज मुझे दु:ख के साथ कहना पड़ रहा है कि यह रिपोर्ट तो सिर्फ 159 पेज की है, लेकिन उस गवर्नमेंट की तरफ से 234 अमेंडमेंट्स पेश किए गए, जो उस रिपोर्ट से भी ज्यादा हैं।' उन्होंने आगे कहा कि-'इस ज्वाइंट कमेटी की रिपोर्ट पर यदि एक धब्बा लगता तो किसी सुंदर चेहरे पर तिल की तरह उसे हम अच्छा समझ सकते थे । लेकिन, यहां तो गवर्नमेंट के ज्वाइंट सेलेक्ट कमेटी के चेहरे पर कालिख पोत दी है और सारी रिपोर्ट खराब कर दी है । मैं आशा करता हूं कि गवर्नमेंट इंसाफ करेगी और ज्वाइंट सेलेक्ट कमेटी की इस रिपोर्ट को एज इट इज मान लेगी । लेकिन, ऐसा नहीं हुआ।'

माननीय सभापति: सुनील जी, अब समाप्त कीजिए।

श्री सुनील कुमार सिंह: सभापति महोदय, मैं अंत में ट्राइबल नेता, जो कांग्रेस के हैं, कम से कम उनको मुझे कोट करने का अवसर जरूर दीजिए । मैं आपसे विनती कर रहा हूं । यह एक ऐतिहासिक पल है । लोगों को जानकारी होनी चाहिए कि इस देश में क्या हुआ है और कैसे सरकारें चली हैं?

उन्होंने कहा है कि “I must say that, if have you got the interests of the tribes of India in the heart, if you have a progressive policy and want to help downtrodden people, you must withdraw your amendment.” ये कांग्रेस के सदस्य कह रहे हैं। “Otherwise, I will have to tell you, trouble will be created.” इतिहास गवाह है कि देश के सभी ट्राइबल क्षेत्रों में उग्रवाद का जन्म हुआ । यह उन्होंने उस समय कहा …(व्यवधान) महोदय, मुझे दो मिनट का समय दे दीजिए।

महोदय, मैं यह कहना चाह रहा हूं कि उन्होंने साफ-साफ कहा है।…(व्यवधान)

माननीय सभापति : अभी बहुत से वक्ताओं को बोलना है।

श्री सुनील कुमार सिंह: महोदय, उन्होंने कहा है कि “When I am trying to fight for this right, I cannot get an answer. It is my duty and it is my right to fight for independence and governments were not hearing.”

महोदय, मैं इन बातों को इसलिए कहना चाहता हूं, क्योंकि ये कहना बहुत जरूरी है । शिवचंद्र झा जी बिहार से थे, उन्होंने कहा था कि इस संशोधन को स्वीकार कर लिया जाए, लेकिन सभी नेताओं के कहने के बावजूद इस संशोधन को स्वीकार नहीं किया गया। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं, उस सदन में कार्तिक उरांव ने गुहार लगाई थी और उन्होंने जेपीसी के सपोर्ट में श्रीमती गांधी जी को पत्र लिखा था…(व्यवधान) 342 एमपीज़ ने कार्तिक उरांव के पक्ष का समर्थन किया, जेपीसी के समर्थन में थे, लेकिन श्रीमती इंदिरा गांधी जी की सरकार ने उसे नहीं माना, इसलिए मैं अपनी बात को समाप्त करते हुए….(व्यवधान)

माननीय सभापति : अब आप अपनी बात कनक्लूड कीजिए।

…(व्यवधान)

श्री सुनील कुमार सिंह: महोदय, मैं इसलिए यहां क्वोट करना चाहता हूं कि 'हिन्दू शब्द कभी भी मत, मजहब, पंथ के कर्मकांडों से संबंध नहीं रखता है अपितु यह सनातन राष्ट्र की सदियों पुरानी भू-संस्कृतिक अवधारणा, जियो कल्चरर कॉन्सेप्ट है। इसकी परिधि में भारत में जन्मे समस्त पंथों और विश्वास का समावेश है', इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने इसे जीवन पद्धति कहा है। मैं अंत में आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में श्री अर्जुन मुंडा जी ने जो ऐतिहासिक बिल लाया है उसका समर्थन करते हुए....(व्यवधान) मैं अपनी बात को समाप्त करता हूं।

DR. DNV SENTHILKUMAR S. (DHARMAPURI): *Vanakkam*, Chairperson. Thank you for giving me an opportunity to speak on the Bill to amend the Constitution (Scheduled Castes and Scheduled Tribes) Orders, 1950 brought to omit Bhogta community from the Scheduled Castes list and to add a few communities from the State of Jharkhand to Scheduled Tribes list. Last week a similar Bill was brought in for Uttar Pradesh and earlier a similar legislation was enacted for Tripura.

Sir, unfortunately, everything boils down to election manoeuvring and election strategy. Whatever we see is being done for the sake appeasement and not in the spirit of upliftment. Why I call this appeasement is that we have had a BJP chief from a certain community who had lost elections and yet was made a Minister. That is like an individual being appeased for the sake of a community. Dr. Kalaignar Karunanidhi had given the Arundhati community 3.5 per cent of reservation within the reservation. That is what is called an act of upliftment and not of appeasement.

Sir, in Tamil Nadu, we have three per cent reservation even for the Muslim minorities. There is a community called Kuruman. It is a synonym and it has a lot of phonetic variations. Since 1978, 25 recommendations have been given to the Union Government for its inclusion in the list of Scheduled Tribes in the State. Based on the Union Government letter dated 24th March, 1999, and the Adi Dravidar and Tribal Welfare Department letter in the year 2001, the Tribal Research Centre in Ooty was entrusted with the task of taking up the ethnological studies of the community. Based on the Tribal Research Centre

recommendations sent to the Union Government for inclusion of Kuruman synonyms in the SC list vide their letter dated 19th July, 2014, as well as in the Manickam vs. Ministry of Tribal Affairs case on 23rd January, 2017, the hon. Madras High Court Division Bench directed the Union Government to consider it expeditiously for an independent analysis. In order to render social justice and affirmative action, I urge upon the Union Minister Shri Arjun Munda to expedite the process of inclusion of Kuruma, Kuruman, Kurumba, Kuruman Gounder, Kurumban, Kurumbar as synonyms of Kurumans which is already enlisted. I also moved a Private Members' Bill last Friday regarding this.

There is a long-pending demand for inclusion of a community called Lambadi in the list. It is identified as a backward class in Tamil Nadu but it figures in the Scheduled Tribes list in the adjoining States of Karnataka and Andhra Pradesh. In Tamil Nadu, there is a total of two-lakh Lambadi population. In my Constituency, about five thousand Lambadis are there in Harur, Thanda, Sitling Panchayat, Pennagaram, Dharmapuri and in Lakkimpatti in Mettur.

The State Government had recommended in 2009 to have them in the ST list. A high-level Committee constituted by the National Commission for Scheduled Castes and Scheduled Tribes in 1994 had recommended the same. I urge upon the Minister to have them also in that list.

The Tamil Nadu Government has recruited an anthropologist to study all these cases. There was a very proficient collector called Amudha Dharmapuri who had given certificates to many of these Kurumbas and other Scheduled Tribes. But their siblings have not got it.

Regarding the Narikuravars and Kuruvi Karargal, already Mr. Raja from our party and VCK party chief Thirumaavalavan.. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Shrimati Pratima Mondal *ji*.

… (*Interruptions*)

DR. DNV SENTHILKUMAR S.: Sir, it is a very important issue. I am just concluding.

HON. CHAIRPERSON: Please conclude immediately.

DR. DNV SENTHILKUMAR S.: Yes, Sir. I would just like to take one minute to talk about the Dravidian Model. Many people ask what Dravidian Model is. I would like to say that there are 40 Members from Tamil Nadu and Pondicherry over here. None of us have a caste surname. I would like to say why we are insisting on that. If we stand here, I challenge from the opposition whether they can identify that I am from the forward caste or from the MBC list or from the ST list. They will not be able to do that. So, what I am saying is that the Scheduled Tribes do not have the caste surname in their name because it is a privilege. We have only Aiyars, Iyengars, Modis, Banerjees, Naidus etc. to have their caste … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

DR. DNV SENTHILKUMAR S.: Sir, I am just concluding. So, what I am saying is that the caste surname is only a privilege. But a person from the Scheduled Caste who is downtrodden, who belongs to the marginalised community will not have it. So, I insist upon this. After listening to this, even if one person from India changes his caste surname and has only his given name, it will be a big thing for the Dravidian Model.

Thank you, Sir.

SHRIMATI PRATIMA MONDAL (JAYNAGAR): Sir, I am honoured to participate in the discussion on the Constitution (Scheduled Castes and Scheduled Tribes) Orders (Amendment) Bill, 2022. It is nearly 75 years that our country has got its freedom its freedom and almost 70 years that our Constitution came into being. But it is a matter of regret that even after so many years, the policy on reservation has had little impact on the lives of the Scheduled Caste and the Scheduled Tribe people. These socially deprived people live a precarious life, unable to still fulfil their bare necessities of life. The age-old caste system is the main cause of this social inequality in our country. It has largely contributed in keeping a large portion of the country's population backward. Caste and creed-based divisions continue to dominate in housing, marriage, employment, and general social interactions in our country. We should therefore make all efforts in every form to fight back so that we all live in a society that encourages only liberty, equality, and fraternity, irrespective of caste. Although our Constitution has provisions for reservation for these socially deprived people, they have benefited from reservation only in a limited manner. But we need to put in efforts to make these people become a part of the mainstream society. Our attempt should be to help the weak grow strong, not to let the weak become weaker and give them a level-playing field with all members of the society. Hence to echo what Dr. Ambedkar said our efforts must be aimed to help 'break the chains once and forever'.

The Bill seeks to remove Bhogta community from the list of Scheduled Castes and include it in the Scheduled Tribes list along with other communities also, as mentioned by the previous speaker. Inclusion of more castes and making laws are not enough. More funds are required to be allocated. Most importantly, implementation is to be looked after. A social activist, an Adivasi rights activist from Jharkhand, Father Stan Swamy had been imprisoned for seven months as an undertrial in the Bhima Koregaon, Elgar Parishad case. Charged under the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967, he died in custody. His death came four years after he had moved a public interest litigation in the Jharkhand High Court praying for the release of thousands of undertrial prisoners in Jharkhand. Numerous other innocent Adivasis have lost their lives by being mistaken as Maoists.

The hon. Minister must look into the matter of the undertrials and their current situation.

Hon. Chairperson, Sir, the tribals have witnessed continued encroachment upon their resources both at individual and community level. Shockingly, outsiders have been able to literally purchase the land of the Adivasis, and in some cases, it is happening without the permission of the Government. This needs to be stopped immediately and the lands that were taken away from them should be handed over to the original landholders. Finally, I would like to mention here that under the leadership of our hon. Chief Minister, the Government of West Bengal has largely been successful in abolishing Maoist activities by implementing several developmental projects.

I would like to mention a few developmental projects. Women from Scheduled Caste and Scheduled Tribe communities are receiving Rs. 1000 per month under the 'Lakshmi Bhandar' scheme. It is a symbol of women empowerment. People above the age of 60 years are also receiving Rs. 1000 under 'Jai Johar' scheme, which is meant for Scheduled Tribes, and 'Taposili Bandhu' scheme, which is meant for Scheduled Castes.

Finally, on behalf of the All India Trinamool Congress, I support this Bill.

SHRI N. REDDEPPA (CHITTOOR): Thank you, hon. Chairperson, Sir.

The Constitution (Scheduled Castes and Scheduled Tribes) Orders (Amendment) Bill, 2022 was introduced in Rajya Sabha on February 7, 2022 by the hon. Minister Shri Arjun Munda Ji. The Bill amends the Constitution (Scheduled Castes) Order, 1950 and the Constitution (Scheduled Tribes) Order, 1950. The Scheduled Castes Order specifies the castes, races, and tribes deemed to be Scheduled Castes in various States and Union Territories, while the Scheduled Tribes Order specifies the tribes and tribal communities which are deemed to be Scheduled Tribes in various States and UTs.

With regard to changes in the lists of Scheduled Castes and Scheduled Tribes in Jharkhand, the Bill amends the schedule to the Scheduled Tribes Order to include certain communities in the list of Scheduled Tribes in Jharkhand. These communities include, Ganjhu, Dautalbandi, Patbandi, Raut, Maajhia, Khairi, Tamaria, and Puran communities. Further, the schedule to the Scheduled Castes Order is being amended to omit the Bhogta community from the list of Scheduled Castes in Jharkhand and the community is instead being included in the list of Scheduled Tribes in the State.

The Scheduled Castes are sub-communities within the Hindu caste system who have historically faced deprivation, oppression, and extreme social isolation in India on account of their perceived ‘low status’. These communities were notified as Scheduled Castes as per the provisions contained in Clause 1 of Article 341 of the Constitution. The Census of 2011 places the number of Scheduled Castes, in India, at 16.6 per cent of the population or 166 million.

Now, I come to the Scheduled Tribes. The Scheduled Tribe communities are communities with primitiveness, geographical isolation, and social, educational and economic backwardness. The definition for Scheduled Tribes – which was carried over from British-era legislation – has been retained from the 1931 Census. Tribal people constitute 8.6 per cent of the total population. According to Census of 2011, the population is about 84 million people.

I stand to share a few thoughts on the proposed amendments in the Constitution. Let me begin by seeking to place the present amendments in its perspective.

There have been many amendments to the Constitution (Scheduled Castes) Order, 1950 and the Constitution (Scheduled Tribes) Order, 1950 to modify the list of Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

The Bill seeks to omit Bhogta community from the list of Scheduled Castes in relation to the State of Jharkhand and for inclusion of certain communities in the lists of Scheduled Tribes. We have had multiple legislations in the past seven decades on this very important subject considering the Scheduled Caste and Scheduled Tribe communities, as a priority to be taken up in this session.

The addition of castes in the Amendment to the list of Scheduled Tribes will channelize the flow of outlays and benefits from the general sectors in the Central Ministries/Departments for the development of Scheduled Tribes in proportion to their population.

There are over 705 Scheduled Tribes notified under Article 342 of the Constitution of India and in keeping with the vision of *'Sabka Saath, Sabka Vikas, Sabka Vishwas',* the focus on development of tribes and conservation of their heritage has become a priority.

SHRIMATI APARAJITA SARANGI (BHUBANESWAR): Thank you, Mr. Chairman, Sir.

I stand here to support The Constitution (Scheduled Castes and Scheduled Tribes) Orders (Amendment) Bill, 2022. Sir, the Constitution Order (Amendment) 2022 seeks to amend Constitution SC Order, 1950 and Constitution ST Order, 1950.

Sir, this particular Bill which has been presented before this august House by the Ministry of Tribal Affairs seeks to omit the Entry of Bhogta community from the list of Scheduled Castes and also, it seeks to bring in certain communities in the list of Scheduled Tribes.

Sir, here, it is very pertinent to mention that we have about 8.6 per cent tribal population in our country, that is almost 10.4 crore.

Sir, under Article 342 of the Constitution of India, there are around 705 Scheduled Tribes and this figure pertains to December, 2021.

Sir, today, as we stand here and as we gather here to approve the proposal of the Ministry of Tribal Affairs, I must mention that this is not a new thing. In the last session, two States, Arunachal Pradesh and Karnataka had brought in such proposals and we had approved those cases and, in this Session too, the proposals presented by the Ministry of Tribal Affairs pertaining to Uttar Pradesh and Tripura had been approved by my esteemed friends from this august House.

Sir, as I stand here, I am reminded of the words of Dr. B. R. Ambedkar, the architect of the Constitution of India. He has said: “I do not believe that we can build up a free society in India so long as there is a trace of the ill-treatment and suppression of one class by the other”.

Sir, he had also said this. I would like to mention this because it is very important and it comes from no less than Dr. B.R. Ambedkar. He had said: “Equality could also be a fiction nonetheless one should settle for it as a governing precept. We have to have equality in the society”.

जब मैं बात करूं समानता की तो निश्चित तौर पर हमारे आदरणीय श्री बिरसा मुण्डा याद आएंगे। उनका कथन है कि यदि हमें देश का वास्तविक विकास करना है तो हमें सभी धर्म एवं सभी जाति के लोगों को साथ लेकर चलना ही होगा।

Sir, in line with these thoughts of these great leaders, our Prime Minister Shri Narendra Modi has been constantly emphasising ‘सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास’

Sir, I would definitely like to remind the House that a couple of months back, he had mentioned that 15th November, the birthday of Birsa Munda, would be celebrated as बिरसा मुण्डा जनजाति गौरव दिवस

This shows the importance that this particular Government pays to the upliftment of the tribals. … (*Interruptions*)

Sir, I will take 2-3 minutes more. … (*Interruptions*)

Sir, it is very important to know what this Government has been doing for the upliftment of the tribals. In 2013-14, we had just 167 Eklavya Model Residential Schools and this number has gone up to 679 today.

Sir, I must mention here that 30 lakh students of these schools have been given scholarship by Prime Minister Modi's Government.

Sir, I would also like to mention here that we talk of reaching the last. Everybody should rise under the concept of *Antodaya.* That is why all the people-oriented schemes are reaching all, including the tribals. Here, the hon. Minister of Tribal Affairs had given some figures. I would like to like to reiterate that under the *Jal Jivan* Mission, 1,28,22,205 persons have been given water tap connections. We have been able to construct toilets under *Swachh Bharat* scheme for 1.45 crore people. … (*Interruptions*)

Sir, thank you for giving me this opportunity.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): सभापति महोदय, मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे the Constitution (Scheduled Castes and Scheduled tribes) Orders (Amendment) Bill, 2022 पर अपनी बात रखने का मौका दिया है । झारखंड राज्य के भोगता समुदाय को ओमिट करने के लिए संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश, 1950 और झारखंड राज्य के अनुसूचित जनजातियों की सूची में कुछ समुदायों को सम्मिलित करने के लिए संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश, 1950 का संशोधन करने के लिए यह विधेयक लाया गया है।

महोदय, झारखंड राज्य सरकार की सिफारिशों के आधार पर इसमें संशोधन का प्रस्ताव है । वर्तमान विधेयक के द्वारा भोगता समुदाय जो कि Part-VIA के Entry-3 में वर्णित है जिसको ओमिट करना है, अनुसूचित जाति की सूची से और Part -XXII के Entry-16 के अनुसूचित जनजातियों की लिस्ट में देशवरी, गंझू, दौतलबन्दी, पटबंदी, राउत, मांझिया, खैरी समुदाय को शामिल करना है । इसके साथ-साथ तमरिया समुदाय को Entry-24 के बाद और पुराना समुदाय को Entry-32 के बाद शामिल करना है । इस विधेयक के पास होने से निश्चित ही इन समुदायों का आर्थिक विकास के साथ-साथ शैक्षणिक विकास भी होगा और उन्हें fruit of development का फायदा मिलेगा । महोदय, विकास के प्रवाह में एससी/एसटी आज भी पीछे के पड़ाव पर हैं, उन्हें मेन स्ट्रीम में लाना आवश्यक है । डॉ. बाबसाहेब भीम राव अंबेडकर हमेशा समाज में moral concience की जागरूकता के फेवर मे थे । वे हमेशा constitutional means को ध्यान रखकर विकास चाहते थे । उनका कहना था कि नियम बना कर हम केवल अधिकार की रक्षा नहीं कर सकते हैं, बल्कि समाज में social and moral conscience की भी जरूरत है और हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि समाज में social and moral conscience और जिम्मेवारी पैदा करें ।

भारत के संविधान के Article-46 में एससी और एसटी के शैक्षणिक और आर्थिक विकास के इंट्रेस्ट को स्टेट के द्वारा स्पेशल केयर करना है तथा यह स्टेट की जिम्मेदारी है कि एससी और एसटी के साथ किसी प्रकार की social injustice and exploitation न हो ।

महोदय, संविधान के प्रारूप के निर्माण के कार्य संपत्र हो जाने के बाद संविधान सभा में बाबा साहेब की प्रशंसा में संविधान सभा के अनेक सदस्यों ने अपने उद्गार व्यक्त किए थे। ऐसे में एक सम्मानित सदस्य ने कहा था कि भारत की स्वाधीनता का श्रेय महात्मा गांधी जी को दिया जाएगा तथा भारत की स्वाधीनता को संहिताबद्ध करने का सेहरा हमारे महान संविधान के महान शिल्पी डॉक्टर अंबेडकर के सिर पर बंधेगा। महोदय अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के विकास के लिए constitution के articles में निहित दिशा निर्देश को कार्य रूप देने के लिए अनेक संस्थान बनाए गए हैं और प्रक्रियाएं लागू की गई हैं, जिनसे काफी सुधार भी हुए हैं, लेकिन हमारे देश में समाज द्वारा और भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। वंचित वर्गों के बहुत से लोग अपने अधिकारों तथा उनके हितों में चल रहे सरकार के अनेक कार्यक्रमों के बारे में नहीं जानते हैं।

अत: महोदय, मेरा यह सुझाव है और हम सभी की जिम्मेवारी बनती है कि जानकारी और वेलफेयर स्कीम्स के बारे में इन समुदायों को बताया जाए और जागरूक किया जाए। इसी के साथ-साथ, मैं इस बिल का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Sir, thank you very much for giving me this opportunity. I will try to put forward my views as quickly as possible. This Constitution Scheduled Caste Scheduled Tribe (Amendment) Bill, 2022 which was introduced in the Rajya Sabha has now been passed by that House. As has already been stated, according to provisions contained in article 341 and 342 of the Constitution, the first List of Scheduled Castes and Scheduled Tribes were notified in 1950 and subsequently, these Lists were modified from time to time. List of Scheduled Tribe for the State of Jharkhand had been modified *vide* Constitution Scheduled Caste and Scheduled Tribe Order in 2002.

Sir, deprivation has forced the Constitution-makers to provide some support to the deprived section of our society and it is not only the Government which supports the deprived section of our society but it is the society at large which also supports it. In that respect, the State Government of Jharkhand has requested to transfer Bhogta community from the list of Scheduled Castes to the list of Scheduled Tribes and to include certain communities, that is, Bhogta, Deshwari, Ganjhu, Dautalbandi, Pathandi, Raut, Maajhia, Khairi communities in Entry 16, Tamaria (Tamadia) community in Entry 24 and Puran community after Entry 32 in the lists of Scheduled Tribes in respect of the State of Jharkhand.

From the Odisha point of view, I would say that we have Bhogta community in Odisha also. The Government of India Scheduled Castes Order, 1936 had identified 54 sub-caste groups of Odisha as SCs but during the last

70 years, the number of sub-castes has increased in the State and till 2017, it was 95 while some sub-caste groups are still in queue to be enlisted as Scheduled Castes. The Scheduled Tribes identified from Odisha are 62 in number including the tribes of Gadaba, Ghara, Kharia, Khond, Matya, Oraons, Rajuar, Santhals, etc.

Sir, a Task Force was formed in 2015 under the Chairmanship of the Secretary of the Ministry of Tribal Affairs and that Task Force examined the proposals for inclusion from various States including 107 proposals from Odisha. In its Report notified in 2014, it recommended inclusion of the following ten communities of Odisha in the ST list of the State on priority basis.

Puran community of Jharkhand has been approved. This community of Odisha should also be added. If this tribe is not treated at par with the similar tribe from Jharkhand, it will amount to historical injustice.

The other communities are Bhagata/Bhukta/Bhogta or Bhokta, Durua, Kalanga, Nakasia, Paba, Khandayat Bhuyan, Tamudia or Tamadia, Chapua Kamar and Kandhia. These are the ten tribes that have been recommended by the Task Force and this list is pending with the Ministry. When are these communities going to be included in the ST list? Odisha Government has sent 107 proposals and the Task Force identified ten tribes of them but that list of ten tribes also is pending since 2014. I would like to understand from the hon. Minister as to when these ten tribes are going to be listed in the ST list.

Similarly, I have spoken last time about Saara community. It is a great demand and everybody knows that they are tribals but somehow or the other, they have been excluded for the last many years. Injustice is being meted out to them. They should be included in the Scheduled Tribes.

On the inclusion of communities in the SC list of Odisha, since 1978, proposals for inclusion of different Castes/communities are being submitted to the Government of India at different points of time. I will just mention three or four names. For instance, the proposal for inclusion of Chambhar as synonym of Chamar at Sl. No. 19 of SC list of Odisha was sent to the Government of India in 1981. The same is pending with the Government of India. Now we are in 2022. Regarding Chik or Chik Badaik, the proposal of inclusion of Chik or Chik Badaik as synonym of Badaik in Sl. No. 4 of ST list of Odisha was sent to the Government of India in 2007. That is also still pending.

The proposal for inclusion of Siala or Sial which is synonym to Siyal at Sl. No. 86 of the ST list of Odisha was sent to the Government of India in 2009. The same is pending with the Government of India.

Regarding Mahara, everybody knows that we have Mahar Regiment and in Maharashtra, Mahar is a Scheduled Caste. The inclusion of Mahara, Mohara, Mohra and Mahra community in Sl. No. 59 of ST list of Odisha was sent to the Government of India in 2015 and that is also still pending.

I would like to know from the Minister as to when these communities are going to be included in the SC list of Odisha.

श्री राजेन्द्र धेड्या गावित (पालघर) : माननीय सभापति महोदय, संविधान (अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2022 का उद्देश्य झारखंड में अनुसूचित जातियों की सूची में से भोगता समुदाय को निकालने तथा भोगता, देशवारी, गंझू, दौतलबंदी (द्वालबंदी), पटबंदी, राउत, माझिया, खौरी (खेरी), तमरिया (तेमड़िया) और पुराने समुदायों को अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल किया जाना है।

महोदय, मैं इस बिल को सपोर्ट करने के लिए खड़ा हुआ हूं। जब संविधान का निर्माण हुआ तब डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा दबे और कुचले हुए, सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से पिछड़ी हुई जातियों और जनजातियों के विकास को मुख्य प्रवाह में लाने के लिए अनुसूचियां बनाई गई थीं। इसके माध्यम से दस सालों में इन जातियों को आरक्षण तथा अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करके उन्हें अन्य अगड़ी जातियों के बराबर रखने का लक्ष्य था। लेकिन दुर्भाग्य से हर दस साल के बाद यह अवधि बढ़ती जा रही है और अभी तक 75 साल हो गए हैं, लेकिन हम अनुसूचियों में शामिल की गई किसी भी अनुसूचित जाति का डेवलपमेंट करके उसे इन अनुसूचियों से बाहर नहीं निकाल पाए हैं। यह हमारा दुर्भाग्य है।

इन अनुसूचियों में जातियों की संख्या कम होने के बजाए दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। माननीय मंत्री जी से मेरा कहना है कि जो एग्जिस्टिंग कम्युनिटीज हैं, उन एग्जिस्टिंग कम्युनिटीज को हम किस तरह से डेवलपमेंट कर सकते हैं? जिन कम्युनिटीज का डेवलपेंट हुआ है, जो आर्थिक तौर पर अन्य कम्युनिटीज से आगे बढ़ी हैं, उन कम्युनिटीज के लिए मैं 'एक्सक्लूजन' नहीं बोलना चाहता हूं, लेकिन जिन कम्युनिटीज की आर्थिक तौर पर प्रगति हुई है, धीरे-धीरे उनका एक्सक्लूजन करना चाहिए।

जो एग्जिस्टिंग कम्युनिटीज हैं, वे हर जगह पर हैं। बड़ी-बड़ी सिटीज डेवलप हो रही हैं, जैसे मुंबई है। मेरे मतदान क्षेत्र के आजू-बाजू में बहुत बड़े-बड़े डैम्स हैं। उन डैम्स के बनने के बाद वहां आदिवासी विस्थापित होते हैं। विस्थापित होने के बाद उनकी बहुत दुर्दशा होती है, उनकी हालत बहुत खराब होती है, उनको कोई भी कॉम्पनसेशन सही ढंग से नहीं दिया जाता है। मैं एक

एग्जाम्पल देना चाहता हूं। गुजरात में बहुत बड़ा नर्मदा डैम है। वहां स्टैच्यु ऑफ सरदार पटेल बहुत अच्छी तरह से बनाया गया है। …(व्यवधान)

सर, मैं शिव सेना की तरफ से, पार्टी की तरफ से बोल रहा हूं। मैंने जस्ट अभी स्टार्ट किया है। नर्मदा के आजू-बाजू में करीब ऐसे 14 विलेजेज हैं, जहां के आदिवासी संघर्ष कर रहे हैं। अत: मेरा मंत्री जी से भी कहना है कि उनको कृपया उसके ऊपर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि वहां मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कई गांव पानी में डूबे हुए हैं। यहां कई आदिवासी लड़वय्या मतलब नेता हो चुके हैं, जैसे भगवान बिरसा मुंडा। श्री अर्जुन मुंडा साहब भी इसी स्टेट से हैं। भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के अगेंस्ट में कर लगाया था और जमीदारों के अगेंस्ट में संघर्ष किया था। संघर्ष करते-करते उनको जेल हो गई। हजारीबाग केंद्रीय जेल में उनको जहर पिलाकर मारा गया।

इसके बावजूद भी एक प्रेरणा लेकर हमारे आदिवासी भाई भगवान बिरसा मुंडा को 'धरती आबा' के नाम से बुलाते हैं। मुंडा साहब, मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपके प्रयास से 15 नवंबर को, भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन को जनजातीय गौरव दिन - एक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। मैं सरकार को इसके लिए धन्यवाद देना चाहता हूं, लेकिन उसके आगे जाकर अर्जुन मुंडा साहब, मेरी आपसे रिक्वेस्ट है कि भगवान बिरसा मुंडा को भारत रत्न दिया जाए। उन्होंने जो कार्य किया है, उससे आदिवासी प्रेरणा लेते हैं। अन्य कम्युनिटीज के भी बड़े-बड़े नेता हैं, लेकिन हम किससे प्रेरणा लेंगे? हम भगवान बिरसा मुंडा से प्रेरणा लेंगे।

अत: मेरी आपसे रिक्वेस्ट है कि अब समय आ गया है कि हम इस बारे में गंभीरता से विचार करें।

श्रीमती संगीता आजाद (लालगंज): सभापति जी, आपने मुझे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आदेश संशोधन विधेयक, 2022 झारखंड पर चर्चा में भाग लेने हेतु मौका दिया, इसके लिए आपकी आभारी हूं।

झारखंड राज्य के भोगता समुदाय को अनुसूचित जाति की सूची से अनुसूचित जनजाति की सूची में स्थानांतरित करने और कुछ समुदायों जैसे देवश्वरी, गंझू, दौलतबंदी, पटबंदी, राउत, मझिया, खेरी, तमडिया को भी शामिल करने के लिए यह बिल लाए हैं। बहुजन समाज पार्टी की तरफ से इस बिल का पुरजोर समर्थन करती हूं। हम सभी जानते है कि अनुसूचित जाति और जनजाति की श्रेणी में किसी जाति को शामिल करने का जो उद्देश्य उस जाति की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक विकास करने का होता है। इसी क्रम में इस बात का भी ध्यान रखा जाता है कि उक्त जाति का आर्थिक विकास के लिए सरकार ने अपनी सभी सरकारी नौकरियों में आरक्षण का जो प्रावधान किया है, उस जाति के सदस्यों को नौकरी और आर्थिक सहायता मिले। भोगता समुदाय के लोग लम्बे अर्से से अनुसूचित जाति से अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग करते चले आ रहे हैं। इसके लिए उन्होंने कई आंदोलन भी किए हैं। यह समुदाय अधिकांश घने जंगलों और पहाड़ों में सने के कारण अपने सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक विकास से कोसों दूर रहे हैं। जिसके कारण अपनी मूलभूत सुविधाओं एवं अधिकारों से वंचित हैं और इसलिए अभी तक इनका विकास नहीं हो पाया है।

महोदय, अनुसूचित जनजाति की सूची में जातियों की संख्या बहुत अधिक है, इस कारण इन जातियों से संबंधित लोगों की संख्या भी बहुत ज्यादा है। आरक्षण के साथ-साथ एससी की तुलना में एसटी के लिए अधिक कल्याणकारी और विकास की योजनाएं केंद्र सरकार द्वारा लाई जाती हैं और बजट वर्ष 2022-23 में भी 12 परसेंट अधिक बजट इसके लिए दिया गया है। यह लाभ इस समुदाय को शामिल होने पर मिले और इसके माध्यम से इन जातियों के सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति में भी सुधार हो, ऐसी अपेक्षा है। इन जनजाति वर्ग के लोगों के विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण है कि उनकी शिक्षा कायदे से हो। जब तक इस वर्ग के लोगों को शिक्षित नहीं किया

जाएगा, तब तक इस समाज का विकास होना नामुमकिन है। इसी क्रम में मैं यह भी कहना चाहती हूं कि एससी और एसटी लोगों का विकास तब तक पूरा नहीं हो पाएगा, जब तक कि डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी द्वारा दिए गए आरक्षण को पूर्ण रूप से लागू नहीं किया जाएगा। मैं यह भी मांग करती हूं कि उत्तर प्रदेश में पहले जो शून्य बैलेंस में एडमिशन होता था, अब उसे बंद कर दिया गया है। यदि एससी और एसटी के लोगों के पास फीस जमा करने के पैसे होंगे, तो उन्हें छात्रवृत्ति की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। मैं मांग करती हूं कि जिस तरह पहले जीरो बैलेंस पर एडमिशन होता था, उसी तरह फिर से एडमिशन हो और एससी तथा एसटी के लोगों को शिक्षा प्रदान करने के लिए छात्रवृत्ति दी जाए।

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर): सभापति जी, आपने इस महत्वपूर्ण विधेयक पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं। अनुसूचित जाति से अनुसचित जनजाति में शामिल करना तथा अनुसूचित जनजाति सूची क्रम 16 पर भोगता, देवेश्वरी, गंझू, दौलतबंदी, राउत, मझीया, खरवार को शामिल करना है। अनुसूचित जनजाति के क्रम 26 पर तमरिया जाति को भी शामिल करना है। देश के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी तथा जनजातीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा जी के नेतृत्व में यह समुदाय आगे चल कर अपने भविष्य के निर्माण में आगे बढ़ेगा।

महोदय, सभी जातियां काफी गरीब है और जंगल में अपना जीवन व्यतीत करती हैं। हमारे यहां अधीर रंजन दा हमेशा कहते हैं कि कुड़मि जाति को एसटी में शामिल किया जाए, लेकिन इतने लम्बे समय शासन करने के समय कांग्रेस ने कभी भी इस जाति का ध्यान नहीं किया। वर्ष 1913 से 1931 तक कुड़मि जाति ट्राइब में थी। देश के स्वाधीनता संग्राम में चुआर विद्रोह में रघुनाथ महतो जी ने वर्ष 1769 से वर्ष 1805 तक इन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया और अपनी शहादत दी।

माननीय सभापति : यदि सदन की सहमति हो तो इस बिल पर निर्णय होने तक सदन का समय बढ़ा दिया जाए।

अनेक माननीय सदस्य : जी हाँ।

श्री बिद्युत बरन महतो: सभापति जी, इसी तरह कोल विद्रोह वर्ष 1820 में एवं वनगांव में वर्ष 1831-32 में कोल विद्रोह हुआ। वर्ष 1855 से 1856 तक संथाल विद्रोह हुआ। मुंडा विद्रोह भगवान सिरसा मुंडा के नेतृत्व में 1885 से 1900 तक हुआ। हमारे रघुनाथ महतो के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम में कुड़िया समुदाय के लोगों ने आजादी में भी भाग लिया। छोटा नागपुर के अंतर्गत झारखंड, ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल और असम राज्य के विभिन्न जिलों में संथाल परगना में लगभग दो करोड़ की संख्या में कुड़मि जनजाति कई वर्षों से जनजाति सूची में सूचीबद्ध करने की मांग करते रहे हैं। कुड़मि जनजाति समुदाय वर्ष 1931 की ट्राइब सूची में शामिल थी, लेकिन वर्ष 1950 में बनी अनुसूचित जनजाति की सूची में बिना किसी नोटीफिकेशन के हटा दिया। वर्ष 1951

में गृह मंत्रालय द्वारा जारी ज्ञापन में छूटे हुए अनुसूचित जनजाति समुदायों को राज्य सरकारों द्वारा चिह्नित कर केंद्र सरकार ने प्रस्ताव पारित किया, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। संभवत: इसके पीछे इनके जमीन हस्तांतरण और आदिवासियों की जनसंख्या प्रतिशत कम करने का कुटिल उद्देश्य कांग्रेस का रहा है। इसी वजह से कुड़मि जनजाति समुदाय पिछले 70 वर्षों से अपने वाजिब और संवैधानिक हक अधिकारों से वंचित रही है। वर्ष 1872 छोटा नागपुर, झाड़ी कुड़मि या जंगल के कुड़मि देवताओं की पूजा करते हैं। छोटा नागपुर पठार प्रांत में, कुड़मि लोगों के पूर्वजों ने बहुत ही दूरस्थ काल में आदिवासी जनजातियों के बीच पैर जमा लिया था। मानभूम में बसे कुड़मियों के कथनानुसार वे वहां 52 पीढ़ियों से थे। वर्ष 1891 ई. में एचएच रिजले के अनुसार मानभूम में और ओडिशा के उत्तर में एक कुड़मि को एक संथाल या एक भूमिज और बाद के जनजाति से विभेद करना मुश्किल है। उन्होंने विभिन्न शारीरिक मापदंड़ों और सामाजिक मानदंडों का आंकलन कर छोटा नागपुर और ओड़िशा के कुड़मियों को बिहार एवं अन्य संयुक्त प्रांतों के कुड़मियों से पूर्णतया अलग द्रविड़ प्रजाति का जनजाति माना। उनके अनुसार कुड़मियों के टोटेम यानी कुल चिन्ह भी उन्हें द्रविड़ वंश को दर्शाते हैं।

20.00 hrs

सन् 1903 में जी ए ग्रियर्सन ने भी छोटा नागपुर और ओड़िशा के कुड़मियों को द्रविड़ियन वंश का एबोरिजिनल ट्राइब माना है। सन् 1910 ई में एल.एस.एस. मैले भी वर्तमान झारखंड के सिंहभूम के कुड़मियों के संबंध में ग्रियर्सन के तथ्यों की पुष्टि करते हैं। सन् 1910 में एच कूपलैंड लिखते हैं कि कुड़मियों के ग्राम प्रधान 'महतो' ठीक उसी प्रकार से हैं, जिस प्रकार संथालों के मांझी, भूमिजों के सरदार और हो के ग्राम प्रधान मुंडा हैं।

महोदय, सन् 1910 में एल ई बी कोबडेन वर्तमान ओडिशा के क्योंझर और मयूरभंज के कुड़मियों को जुआंग, कोल, संथाल, गोंड आदि के साथ एवं सन् 1917 ई में एम.जी. हैलेट रांची के कुड़मियों व ई. लिस्टर हजारीबाग के कुड़मियों को आदिम जनजाति की श्रेणी में रखते हैं। सन् 1913 और 1931 के गजट नोटिफिकेशन में कुड़मि समुदाय को अन्य 12 समुदायों के साथ

उत्तराधिकार और विरासत के प्रथागत नियमों से संचालित जनजाति मानते हुए भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1865 और 1925 के प्रावधानों से मुक्त रखा गया है।

महोदय, सन् 1931 और बाद के विद्वानों जे.एच.हटन, बी एस गुहा इत्यादि ने कुड़मि सहित संथाल आदि कोलारियन शाखा के जनजातीय समुदायों के द्रविड़ों से भी पूर्व प्रोटो ऑस्ट्रेलॉयड नस्ल का माना है। कुड़मि जनजाति की स्वायत्त कबिलावाची मातृभाषा कुड़मालि है। ग्रियर्सन, कूपलैंड, लैसे आदि विद्वानों ने इसे जनजातीय भाषा माना है। इसके अलावा वर्ष 2013 में यूनिसेफ के सहयोग से झारखंड जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, कल्याण विभाग, झारखंड सरकार द्वारा जारी शोध रिपोर्ट में भी कुड़मालि भाषा को जनजातीय भाषा की सूची में रखा गया है। कुड़मि जनजाति की तरह ही इनकी मातृभाषा कुड़मालि के साथ भी घोर अन्याय हुआ है। सन् 1951 के बाद 1961 से अचानक से कुड़मालि भाषा को भारत की जनगणना की भाषा सूची से अकारण हटा दिया गया है।

अत: मैं यह मांग करता हूं कि वर्षों से उपेक्षित कुड़मि समुदाय को सूचीबद्ध किया जाए। मैं आदरणीय प्रधान मंत्री जी तथा जनजातीय कार्य मंत्री जी को हृदय से साधुवाद और धन्यवाद देता हूं।

धन्यवाद।

श्री विजय कुमार हांसदाक (राजमहल): महोदय, धन्यवाद।

महोदय, मैं अपनी पार्टी जेएमएम की तरफ से संविधान (अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। कुछ हमारे स्टेट का मसला है, इसलिए वहाँ पर जो कुछ हमारे नेतागण बोले हैं, अगर हम उनकी पंक्तियों से बात करें तो वहाँ की सारी बातें यहाँ पर आ जाएंगी। 5/12/2017 का मंत्री परिषद के अनुमोदन हेतु संलेख में कुछ पंक्तियाँ हैं, मैं उनसे शुरू करता हूँ।

भोगता जाति के संबंध में जनप्रतिनिधियों द्वारा दर्ज करायी गयी आपत्तियों को ध्यान में रखते हुए सम्यक् विचारोपरान्त प्रस्ताव है कि भोगता को छोड़कर खरवार (अनुसूचित जनजाति) की शेष उपजाति यथा,…(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप इन्हें बोलने दीजिए।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : हांसदाक जी, आप चेयर को ऐड्रेस कीजिए। आप बोलिए।

…(व्यवधान)

श्री विजय कुमार हांसदाक : सर, हम वहाँ के नेताओं की बात यहाँ पर रख रहे हैं, जो आपके भोगता समाज के वहाँ के नेता हैं, जो वहाँ के प्रबुद्ध समाज के लोग हैं, हम उनकी बातों को यहाँ पर रख रहे हैं।…(व्यवधान)

देशवारी, गंझू, दौलतबन्दी, पटबन्दी, राउत,…(व्यवधान) हम वहाँ के लोगों की बातों को ही रख रहे हैं। मंत्री जी भी वहीं के हैं, इन बातों को वे भी समझेंगे। माझिया तथा खैरी को राज्य की अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध करने का अनुरोध जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार से किया जाए। यह वहीं की बात है और उसके बाद वहाँ के श्री मथुरा प्रसाद महतो, श्री नलिन सोरेन, श्री उमाशंकर अकेला एवं श्री सुखराम उरांव, माननीय सदस्य, विधान सभा से प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना के लिए सरकार का वक्तव्य है, मैं उसकी एक पंक्ति पढ़ना चाहूँगा।…(व्यवधान)

माननीय सभापति : नहीं, ऐसा मत कीजिए। आपने अपनी बात कह दी है।

...(व्यवधान)

श्री विजय कुमार हांसदाक : अनुसूचित जाति की संख्या में भोगता जाति की बहुतायत, जिस समाज की बात हो रही है, उसको क्या फायदा, क्या नुकसान होगा, उसका भी यहाँ पर उल्लेख है, संख्या लातेहार और चतरा जिला में है। वर्ष 1985 से लगातार चतरा विधान सभा में भोगता जाति का प्रतिनिधित्व होता रहा है। इन्हीं क्षेत्रों में, इन दो जिलों में विधान सभा की सीटें एवं त्रिस्तरीय पंचायत समिति की भी अधिकांश सीटें अनुसूचित जाति हेतु आरक्षित हैं, जिसके कारण अधिकांश सीटों पर भोगता जाति को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है। बिना स्थलीय और धरातलीय सच्चाई को जाने भोगता जाति की इच्छाओं के विपरीत भारत सरकार के कल्याण मंत्रालय में भोगता जाति को अनुसूचित जनजाति में सम्मिलित करने हेतु संविधान संशोधन का प्रस्ताव राज्य सभा में रख दिया गया है, जिसके कारण भोगता जाति के लोगों में काफी आक्रोश है। उक्त संशोधन के बाद भोगता जाति का प्रतिनिधित्व न तो विधान सभा में और न ही त्रिस्तरीय पंचायत में रह पाएगा।

इसके बाद वर्ष 2019 में सरकार का वक्तव्य आया है, मैं उसे भी पढ़ना चाहूँगा। तत्पश्चात् इस मामले में विभाग द्वारा समीक्षा की गई। तत्कालीन मुख्य (विभागीय) मंत्री के द्वारा प्रस्ताव पर अद्यतन पुन: समीक्षा का आदेश प्राप्त है। उक्त आदेश के आलोक में डॉ. रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, राँची से पुन: अद्यतन समीक्षा करने हेतु अनुरोध करने का निर्णय लिया गया। उक्त निर्णय के आलोक में विभागीय पत्र सं.-1653, दिनांक 21.02.2019 द्वारा अद्यतन पुन: समीक्षा कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का अनुरोध संस्थान से किया गया है। प्रतिवेदन अब तक प्राप्त नहीं है।

यह वहाँ के नेताओं और समाज के लोगों की बात आ रही है। हम झारखंड से होने के कारण उनकी बात को यहाँ पर रख रहे हैं। माननीय मंत्री जी वहीं से हैं, मेरा अनुरोध रहेगा कि समाज के लोगों की बातों को लेते हुए उसके बाद इस पर कोई निर्णय करें। वहाँ की राज्य सरकार से भी इसका निर्णय जान लें। बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI P. RAVINDHRANATH (THENI): Thank you Chairperson, Sir, for giving me this opportunity to speak on the Constitution (Scheduled Castes and Scheduled Tribes) Orders (Amendment) Bill, 2022.

Sir, the founding fathers of our Constitution, especially, the Bharat Ratna, Dr. Babasaheb Ambedkar, were aware of the political, social, and economic inequalities of the country which arose out of historical reasons.

Sir, our hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi ji, had laid a comprehensive roadmap for the inclusive development of our nation along with our tribal community. I thank our Minister of Tribal Affairs, Shri Arjun Munda ji, for implementing several schemes and policies to safeguard the lives of the tribal people with a view to protecting them from social injustice and all forms of exploitation.

Sir, I wish to mention here the case of three major tribes. The State Government has already commended their inclusion to the Central Government in Scheduled Tribes Classification which is still pending. First, I wish to refer the case of the nomadic community of Narikuravars who are closely identified as nomadic or gypsy population. Though the State Government have been providing them facilities in several settlements, the community has not been able to access full benefits of the welfare schemes of the Government due to the fact that they fall under the category of ‘most backward classes’. Their socio-economic level is extremely low and the community is struggling with high levels of illiteracy and unemployment.

Sir, the ST status to this community would allow them to access education and employment reservation which will considerably help in the upliftment of this community.

Similarly, Sir, the Bagada community is an indigenous community in the Nilgiris district of Tamil Nadu. There are claims that in the pre-Independence period, they were classified under the 'Important Primitive Tribes' category. However, post-Independence, they were deleted from the list of Scheduled Tribes. They have been fighting for this cause for several decades.

The Tamil Nadu Government had, on earlier occasion, sent recommendations for re-instating their lost status to the Central Government. So, I request that this community may be included in the list of Scheduled Tribes.

Also, I demand for inclusion of Kuruman Tribal community as 'Kurumans' in the Scheduled Tribes list of the Central Government.

Sir, various anthropological studies as well as the study by the Tribal Research Centre of Tamil Nadu Government have suggested that the names Kurumba, Kurumbar and Kurumans are synonymous.

Sir, in conclusion, I wish to recollect here that the late former Chief Ministers of Tamil Nadu, our beloved Leaders, Puratchi Thalaivar Dr. MGR and Puratchi Thalaivar Amma had launched extensive welfare schemes for the upliftment of the Scheduled Tribes community. … (*Interruptions*) I wish to highlight that there is an urgent need to provide all the constitutional guarantees envisaged in the Constitution of India to enable the above

communities to lead a life of equality and dignity with other citizens of the country.

I wish to conclude by extending my support to this. Thank you.

*__SHRI K. NAVASKANI (RAMANATHAPURAM):__ Hon. Chairman Sir, Vanakkam. Thank you for allowing me to take part in this discussion on Constitution Scheduled Castes and Tribes Order Amendment Bill.

We are celebrating 75 years of our Independence. Even after 75 years of independent India, we are still in a situation to include several sections of people of our society by way of amendments in the lists of Scheduled Castes and Tribes. It is a matter of great concern. Still there are demands made continuously for inclusion of the people who are socially, educationally and economically backward in the Scheduled Castes list.

The present Bill aims to include a certain section of people from Jharkhand in the list of Scheduled Tribes. I want to ask this Government whether they came to only now that this particular section of people are socially and economically backward?. It means that they have been stopped in getting their rights for all these years. I want to ask this Government why is it so? Not only Jharkhand, there are several sections of people in several States of the country who are backward and downtrodden want them to be included in the list of Scheduled Castes and Tribes.

It is so unfortunate that even after 75 years of Indian independence, this Union Government is unable to have a clear stand who are all Scheduled Castes and Tribes in the country. Will this be the last amendment Bill, Whether this Union Government can ascertain this? In my State of Tamil Nadu, since

---

* English translation of the Speech originally delivered in Tamil.

1965, the State Government has been continuously demanding for including Narikkuravars (Narikkuravas) in the list of Scheduled Tribes. Narikkuravar, Kuruvikkarar, Kurumbar communities in Tamil Nadu are socially, economically and educationally backward without employment opportunities. Tamil Nadu has been continuously demanding for inclusion of these communities in the Scheduled Tribes list. Our Tamil Nadu Chief Minister *Thalapathi* Shri M.K. Stalin has been stressing this demand to be fulfilled by the Union Government.

Several recommendations are brought to the notice of this Government. Why these communities are not included in the Tribes list? Several fishermen communities in my Ramanathapuram constituency have been demanding for including them in the list of Scheduled Tribes.

Fishermen who are totally dependant on sea for their livelihood. They are economically educationally and socially backward without employment opportunities. They should be included in the Scheduled Tribes list so as to uplift them and to provide reservation facilities for them. On one side, this Government is bringing amendments to add sertain sections of the people to the Scheduled Castes and Tribes list. But on the other hand this Government by way of privatization has been selling all PSUs to private players. If this privatization is done, the reservation facilities extended to the weaker sections will be denied in private sector. I want to say that this Government should give up privatisation.

Thank you

DR. K. JAYAKUMAR (TIRUVALLUR): Hon. Chairperson, Sir, I thank you for the opportunity.

This Bill has already been passed in the Rajya Sabha. In both the Houses, there was a suggestion made to the Minister on the Bill that a comprehensive Bill could be brought, rather than bringing in two or three or four Bills for every State separately. That will reduce the work, and also that will solve the problems. For example, in Tamil Nadu, like the Kurumbar, Narikuravar, Kurivikarar, Kurumba communities, other communities have already been waiting for inclusion in the Scheduled Tribes category. I request the hon. Minister to bring a comprehensive Bill on this subject.

While the Minister was piloting this Bill in the Rajya Sabha, he made an observation that the Centre is concerned about the development of tribal people, and its main objective is to bridge the gap between the rich and the poor. The aim is very lofty and it is a great imagination. As its first step, it should bridge the gap in the Budget that would make the difference in the gap to be narrowed because this Government's budget has not been very big for the Scheduled Tribes and the Scheduled Castes. For example, the NITI Aayog has given the guideline as to how the Budget should be drawn for the Scheduled Caste and Scheduled Tribe people. That guideline has not been complied with.

The fund has to be allotted in proportion to the population. I suppose the hon. Minister is aware that there is a gap in the Budget of Rs.40,634 crore, compared to the last year's Budget, for the Scheduled Castes, and Rs.9,309 crore for the Scheduled Tribes, compared to the last year's Budget.

At first, the Minister should kindly take up steps to reduce this gap and re-instate the Budget to that extent. The Budget has failed to ensure the welfare of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. When the fund is not provided, where is the point in talking about the development of the Scheduled Caste and Scheduled Tribe people? Why do you say you are going to develop the Scheduled Caste and Scheduled Tribe people? This is an imaginary thing.

For example, Rs.225 crore has been reduced for the Post-Matric Scholarship Scheme. Rs.127 crore has been reduced for the National Scholarship Scheme. Rs.25,000 crore has been reduced for the MGNREGA.

MGNREGA used to provide employment. This Government has put the highest figure of unemployment in the country. But today the situation is that MGNREGA saves the people but the allotment for MGNREGA has been reduced by Rs.25,000 crore.

HON. CHAIRPERSON: Please speak on the Bill.

DR. K. JAYAKUMAR: The country is in fifth place in the poorness category. (*Interruptions*) I have taken only one minute time.

There is a reverse migration because of privatisation. Privatisation is the biggest ill of this particular Government. What is the function of the Public Sector Undertakings? Why have we brought the Public Sector Undertakings? It

is for giving employment, making availability of goods at an affordable price, area development, etc.

HON. CHAIRPERSON: You please speak on the Bill.

DR. K. JAYAKUMAR: Sir, privatisation is the biggest ill of this Government. The hon. Minister may kindly note this and take steps to avoid all sorts of privatisation, so as to provide employment for the Scheduled Caste and Scheduled Tribe people. This Government is robbing the employment potential of the SC/ST people. Thank you.

*__DR. THOL THIRUMAAVALAVAN (CHIDAMBARAM):__ Hon Chairman Sir, Thank you for this Opportunity. I welcome this Constitution Scheduled Castes and Tribes Order Amendment Bill brought to add certain sections of people from the Jharkhand in the list of Scheduled Tribes and removing them from list of Scheduled Castes. Similarly MPs form Tamil Nadu have made certain demands. I fully support those demands. Kurumbans, Lambadi, Badugars, Narikkuravar communities of Tamil Nadu have been continuously demanding for inclusion in the Scheduled Tribes list after removing the from the list of Scheduled Castes. Even after the proposals were mooted by the State Government in this regard, Union Government has kept it pending I therefore urge that these sections of people should be added to the list of Scheduled Tribes.

A ruling party MP who spoke hear expressed his agony that the people belonging to Scheduled Castes and Tribes are engaed in religious conversions. The Union Government which is worried about their conversion; the Government which wants to stop this religious conversion, has not showed its concern in preventing the atrocities faced by these people. Why is it so? This question bothers our mind. You should sympathetically think about why these people opt for religious conversion. Honour killing is one of the worst atrocities faced by these people. It takes place in almost all the States of the country. Prevention of honour killing Act should be legislated by this

* English translation of the Speech originally delivered in Tamil.

Government and necessary action has to be taken in this regard by this Government. Nowhere in the world we have such an atrocity. It makes us to put our heads down in shame in front of the world. We don’t accept inter-caste marriages in this society.

Therefore I make this demand to the Hon. Minister and to the Government through you that a law should be legislated to prevent honour killings in our country.

Thank you.

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): सभापति महोदय, माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय मंत्री अर्जुन मुंडा जी के लिए आज हमारे झारखण्ड में कुछ जातियों ने होली, दीवाली और राम नवमी एक साथ मनाने का फैसला किया है। मैं खरवार, भोगता, गंझू, दौतलबन्दी, पटबन्दी, राउत, माझिया, खैरी, तमरिया और पुरान जातियों की तरफ से इस देश के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी और अर्जुन मुंडा जी का, इस सदन के माध्यम से, झारखण्ड की तरफ से अभिनन्दन करता हूं। सर, उत्तरदायित्व का ज्ञान बहुधा हमारे संकुचित विचारों का पथ प्रदर्शक होता है। मुझे यह अनुभव हुआ कि जो जातियां 75 सालों से परेशान थीं, चाहे किसी किरानी की गलती से, किसी सरकार की गलती से, वे शिड्यूल्ड ट्राइब नहीं बन पा रही थीं, जो पहले शिड्यूल्ड ट्राइब थी और शिड्यूल्ड ट्राइब से उनका नाम कट गया था। शिड्यूल्ड ट्राइब को शिड्यूल्ड कास्ट में कन्वर्ट कर दिया गया था, उसके लिए यदि हमारी सरकार यह बिल लेकर आई और उसका जिस तरह से काँग्रेस और झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के लोगों ने विरोध किया, वह निंदनीय है, अशोभनीय है। मुझे लगता है कि झारखण्ड की वह जनता और वह जाति इनको कभी माफ नहीं करेगी, कभी इन्हें एक वोट नहीं मिलेगा, जो वोट बैंक की राजनीति करते हैं। काँग्रेस ने लगातार शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स के साथ छलावा किया है। इस सदन का सदस्य बने हुए मुझे 13-14 साल हो गए। मैं इतिहास देख रहा था कि उन्हें कमेटी बनाने का बहुत बड़ा शौक है। ढेर सारी कमेटीज बनी। वर्ष 1953 में उन्होंने कालेलकर कमेटी बना दी, वर्ष 1959 में एल्विन कमेटी बनाई, वर्ष 1960 में ढेबर कमेटी बना दी। वर्ष 1965 में लोकुर कमेटी बनाई, जिसके बारे में मुंडा जी पिछली बार जिक्र कर रहे थे। फिर शिलू कमेटी आई, भूरिया कमेटी आई, ढेर सारी कमेटीज बनी। वर्ष 2009 में जब मैं सांसद बना तो मैंने लगातार एक बात की तरफ केन्द्र सरकार का ध्यान आकृष्ट किया कि हमारे यहां झारखण्ड में कुछ ऐसी जातियां हैं, जिनका हिस्टोरिकल ओमिशन है। ये जितनी भी कमेटियां मैंने देखी, चाहे लोकुर कमेटी देखी, चाहे ढेबर कमेटी देखी, चाहे कालेलकर कमेटी, जो कमेटी इन्क्लूजन और एक्सक्लूजन के लिए बनाई गई, उसने कोई भी रिकमेंडेशन नहीं किया, लेकिन 26 नवम्बर, 1949 को जब संविधान पास हुआ, उसमें जिन जातियों को शिड्यूल्ड ट्राइब्स माना गया

और उसका जब वर्ष 1950 में नोटिफिकेशन हुआ तो उनका नाम नहीं था। पार्लियामेंट की ताकत इतनी है कि उसका जिक्र भर्तृहरि महताब साहब कर रहे थे, इसी पार्लियामेंट में, वर्ष 2013 में मेरे हंगामा करने के बाद, पूरी भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आंदोलन करने के बाद उस वक्त के जो ट्राइबल अफेयर्स के सेक्रेटरी थे, श्री हृषिकेश पांडा साहब, उनके नेतृत्व में एक कमेटी बनी। उस कमेटी में, क्योंकि यह काफी कॉम्प्लीकेटेड है और माननीय मंत्री जी और भारत सरकार हमेशा इन बातों का जिक्र करती है कि एस.टी. में कोई जाति तभी आएगी जब वहां से स्टेट इसे रिकमेंड करे। फिर जिस तरह रामदयाल मुंडा इंस्टीट्यूट की बात कर रहे थे कि आपकी एथनोग्राफी रिपोर्ट आनी चाहिए। उस एथनोग्राफी रिपोर्ट को आर.जी.आई. वेट करेगा, एस.सी./एस.टी. कमीशन वेट करेगा। वैसे झारखण्ड मुक्ति मोर्चा तो एस.सी./एस.टी. कमीशन और एथनोग्राफी रिपोर्ट, और रामेश्वर उरांव, जो मंत्री हैं, उनकी रिकमेंडेशन को भी मानने को तैयार नहीं है, इसलिए झारखण्ड में जे.एम.एम. और काँग्रेस में बड़ी लड़ाई चल रही है और मुझे लगता है कि किसी दिन सरकार गिरने ही वाली है।

सर, मैं आपसे यह कह रहा था कि उसमें आर.जी.आई. का प्रतिनिधि था, एस.सी./एस.टी. का प्रतिनिधि था और उसमें राज्य के सारे मेम्बर्स को भी बुलाया गया था।

वर्ष 2014 में हमारी सरकार आने के ठीक पहले मई 2014 में वह रिपोर्ट आई थी। उस रिपोर्ट ने जो कहा, उसने बड़े चौंकाने वाले खुलासे किये। अभी सुप्रीम कोर्ट में हेमंत गुप्ता की एक जजमेंट आई है। अभी मैं मंत्री जी से बात कर रहा था। यदि आप इन दोनों को जोड़ेंगे तो उन दोनों को जोड़ने से आपको आश्चर्य होगा। यह जो शेड्यूल ट्राइब है, शेड्यूल ट्राइब यह माना जाता है कि उनका कल्चर अलग है, उनका एरिया अलग है, उनका ट्रेडिशन अलग है और उसी आधार पर हम उनको शेड्यूल ट्राइब का दर्जा देते हैं।

सभापति महोदय, मैं आपको बताऊँ कि जिस संथाल समाज से विजय हांसदाक आते हैं, संथाल परगना से मैं भी सांसद हूँ।…(व्यवधान) सुरेश जी, आप चुप रहिए। आप हमें बात करने दीजिए। …(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप बोलते रहिए।

डॉ. निशिकांत दुबे : सभापति जी, हृषिकेश पांडा के नेतृत्व में एक कमेटी बनी । उस हृषिकेश पांडा की रिपोर्ट में यह कहा गया, वर्ष 1810 तक कास्टेयर की एक किताब को कोट किया गया है, जो वर्ष 1865 से लेकर वर्ष 1895 तक संथाल परगना में एसडीओ, डीएम और कमिश्नर थे । उन्होंने यह कहा है कि वर्ष 1810 तक संथाल लोग संथाल परगना में नहीं थे । इसलिए, उनको आदिवासी का दर्जा नहीं होना चाहिए । उन्होंने कहा कि संथाल परगना में केवल पहाड़िया थे या खेतौड़ी थे या घटवाल थे । इसलिए, खेतोड़ी और घटवाल जो आज तक एक्सक्लूडेड हैं, वह हिस्टोरिकल ओमिशन है और वह इसका पार्ट होना चाहिए । उसी तरह से सुप्रीम कोर्ट में हेमंत गुप्ता की अभी रिपोर्ट आई है । वह यह कह रहा है कि इन 70-75 सालों में, आजादी के इतने वर्षों के बाद आज हम लोग आगे बढ़ रहे हैं और विकास हो रहा है । विकास होने के कारण डिसप्लेसमेंट हो रहा है । मान लीजिए कि मेरा घर बिहार में है, हम झारखंड से एमपी हो गए, मेरे बेटे कहीं बाहर चले गए । लेकिन, वे शेड्यूल ट्राइब हैं और वहाँ शेड्यूल ट्राइब रहते हैं, शेड्यूल कास्ट हैं और शेड्यूल कास्ट रहते हैं, इस आधार पर उनका ओमिशन नहीं होना चाहिए । अभी हेमंत गुप्ता की जजमेंट मार्च महीने में आई है।

सर, मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से आग्रह है । बस मैं दो-तीन मिनट में अपनी बात खत्म करूँगा । 'नर हो न निराश, करो मन को कुछ काम, कुछ काम करो', 13-14 साल हो गए, लेकिन मैं लगातार लड़ाई लड़ रहा हूँ । हृषिकेश पांडा कमेटी की रिपोर्ट है, सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट है । खेतौड़ी और घटवाल, जिनके साथ हिस्टोरिकल ओमिशन हुआ है, जिनको बिना किसी कारण के, और भी कई एक जातियाँ हैं, जिनके बारे में तमिलनाडु के रविन्द्र कुमार जी बता रहे थे, उन सभी को उस कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर, क्योंकि आरजीआई भी उसका मेम्बर है, एससी/एसटी कमीशन भी मेम्बर है । उसके लिए बहुत ज्यादा आवश्यकता नहीं है । आप उन जातियों को शामिल करिए । मैं एक बार फिर से, भोगता कम्युनिटी की तरफ से और सुनील सिंह जी जैसे बड़े आदमी की तरफ से मैं मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ, माननीय प्रधानमंत्री जी

को धन्यवाद देना चाहता हूँ। जब आपने भोगता को बना ही दिया है तो जो परिसीमन है, एमएलए की सीट का क्या होगा, जिला परिषद की सीट का क्या होगा, पंचायत की सीट का क्या होगा? उस परिसीमन को भी पेशा एक्ट की तरह आप इम्प्लीमेंट कर दीजिए। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ।

श्री एस. एस. अहलुवालिया (बर्धमान-दुर्गापुर): …(व्यवधान) विजय जी, आप बैठिए।

माननीय सभापति: माननीय सदस्य, आप बैठिए।

अहलुवालिया जी

श्री एस. एस. अहलुवालिया : महोदय, हमारे जनजातियों के पंजीकरण के लिए संविधान संशोधन विधेयक माननीय अर्जुन मुंडा जी लेकर आए है। मैं उसका समर्थन करते हुए, सिर्फ इतना ही कहूँगा, अभी हमारे पूर्व वक्ता निशिकांत दुबे जी ने पूरा इतिहास बता दिया। वह वहाँ पर 14 साल से सांसद हैं। मैं भी 12 साल तक झारखंड का सांसद रहा हूँ। मैं कहना चाहता था कि संविधान में करीब 700 जनजातियों का नाम अंकित है। अगर यह गलत हो तो माननीय मंत्री जी संशोधन करेंगे। यहाँ झारखंड के लिए शायद 33वाँ संशोधन लाया गया है।

सर, आठवीं शेड्यूल में संथाल भाषा को मान्यता दी गई है। आठवीं अनुसूची के अनुसार जिन भाषाओं को दर्जा दिया गया है, उनमें संथाल भी है। वहाँ 51 प्रतिशत से ज्यादा आबादी संथालों की है। ये जो 700 जनजातियां हैं, विभिन्न क्लान के, विभिन्न समाज के, विभिन्न कैटेगरी के, इनकी भी मातृभाषायें हैं, इनके भी डाइलेक्ट्स हैं। जैसे मैं दुर्गापुर बर्द्धमान जिले से आता हूं, वहां पर जो आदिवासी लोग हैं, वे कालची नहीं बोलते हैं। मैं जब भी जाता हूं तो उनकी मांग यही होती है कि हमारी मातृभाषा का कब परिचय होगा? हम लोग कहते हैं कि कई कोस जाने पर वाणी और पानी दोनों बदल जाते हैं, वैसे ही जब आप जनजातियों के समाज में घूमेंगे, तो वहां पर भी वाणी और पानी बदल जाता है। इनकी वाणी अर्थात इनकी मातृभाषा के संरक्षण के लिए भी मैं मंत्री महोदय से आग्रह करूंगा कि अपनी मातृभाषा में वे पढ़ सकें, बेसिक एजुकेशन ले सकें और उसका प्रचार-प्रसार कर सकें। उसमें लोक-संगीत है, उसमें हर तरह की बातें हैं, उनकी परम्परायें हैं, उनके नृत्य हैं, उनकी सब चीजों का संरक्षण हो सके, सरकार इस पर भी ध्यान दे तो मैं कृतार्थ रहूंगा।

माननीय सभापति : माननीय मंत्री जी।

…(व्यवधान)

श्री विजय कुमार हांसदाक : मैं मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं।...(व्यवधान)

माननीय सभापति: हांसदाक जी आप बोल चुके हैं।

माननीय मंत्री जी, आप बोलिए।

...(व्यवधान)

माननीय सभापति: आप बोल चुके हैं, आपको समय दिया जा चुका है। आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

श्री अर्जुन मुंडा: महोदय, झारखंड राज्य के संबंध में जो संविधान (अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2022 आया है, उस पर पक्ष और विपक्ष के माननीय सदस्यों ने चर्चा की। अधिकांश माननीय सदस्यों ने इस विधेयक का समर्थन किया है। मैं सदन के सभी माननीय सदस्यों का आभारी हूं।

माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में जनजाति समाज, जनजाति क्षेत्रों के विकास के लिए जो प्रतिबद्धता है, उसी कड़ी में इस तरह की तमाम समस्याओं, विसंगतियों को दूर करने का कार्य लगातार चल रहा है। इसी सदन में हमने अरुणाचल से संबंधित विधयेक पर चर्चा की, कर्नाटक से संबंधित विधेयक पर चर्चा की और उसे पारित किया। उत्तर प्रदेश से संबंधित, त्रिपुरा से संबंधित, हमने लगातार विभिन्न राज्यों के ऐसे मामलों पर गम्भीरता से विचार किया, जिस पर सदन में सबकी मंशा, सबके सुझाव, सबके वक्तव्य आए और ऐसी चीजों **के** समाधान निकाले, इसके लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं। प्रधान मंत्री जी का यह एक प्राथमिक क्षेत्र है, जहां विशेष रुचि लेकर यह प्रयास करते हैं कि ऐसी समस्याओं का समाधान कैसे हो। आजादी के अमृत महोत्सव का जो मूल उद्देश्य है, जो मूल अवधारणा है, उसे हम इन परिवारों, इन समाजों, इन समुदायों के बीच में देख सकें, ताकि हम यह लक्ष्य निर्धारित कर सकें कि आजादी के समय में पीछे की पंक्ति में रहने वाले लोगों को 75 साल में आगे लेकर नहीं लाया जा सका, तो अमृत महोत्सव का संकल्प यह हो कि 100 साल जब पूरे हों, तो देश के आदिवासी मूल धारा से जुड़े हुए दिखें और सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ें।

सभापति महोदय, माननीय सदस्यों के कुछ विषयों की तरफ मैं आपका ध्यान दिलाना चाहूंगा। जैसे, सुरेश जी ने वैसे तो समर्थन किया है और कहा है नो ऑब्जेक्शन, लेकिन साथ ही साथ यह कहा है कि पॉलिटिकल रिजोल्यूशन के रूप में या पॉलिटिकल इंट्रेस्ट के साथ। यदि आपको ऐसा लगता था तो पॉलिटिकल लाभ लेने के लिए आपने पहले क्यों नहीं किया? आपको तो लंबे कालखंड तक मौका मिला था। लेकिन आपने इस पर राजनीति किया, उन लोगों का लाभ कैसे मिले, न्याय कैसे मिले, इस बारे में नहीं सोचा। हम अब सोच भी रहे हैं और कर भी रहे हैं, निष्पक्षता के साथ, संवैधानिक प्रावधानों और मापदंडों के आधार पर कर रहे हैं।

<u>20.35 hrs</u> (Hon. Speaker *in the Chair)*

इसमें कोई राजनीति नहीं है, विशुद्ध रूप से मेरिट पर सारी चीजें की जाती हैं। इस संबंध में माननीय सदस्य निशिकान्त जी भी बता रहे थे कि कितनी फार्मलिटीज की जाती हैं। उन्होंने एक समिति का भी जिक्र किया, वर्ष 2013 में पांडा समिति बनाई गई थी, उसके भी बहुत सारे सुझाव और मंतव्य आए, मैं इस पर बाद में आऊंगा।

अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि जहां पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ जनजातीय समुदाय के हितों को विशेष रूप से ध्यान रखने की आवश्यकता थी, जोकि पूरी नहीं हो सकी।

हम आज भी इस अवस्था में चर्चा करते कि वे आज भी पीछे हैं, आज भी नीचे हैं, आज भी समस्याओं से जकड़े हुए हैं। ये जो बातें कह रहे हैं, यह बात ऐसे लोगों के माध्यम से कही जाए तो यह उपयुक्त नहीं है, जिन्होंने लंबे काल खंड तक इस देश में शासन किया। जिन माननीय सदस्यों ने इसका समर्थन किया है और जिन लोगों ने कुछ चीजों के बारे में चिंता जाहिर की है। हमारे भर्तृहरि महताब जी और अपराजिता जी ने ओडिशा से संबंधित बातें की हैं।

सभी समुदायों के बारे में मंत्रालय शोध के साथ कार्य कर रही है, किसी के साथ अन्याय न हो, सभी को न्याय मिले, हम इसकी चिंता करते हैं। कुछ लोगों ने फाइनेन्शियल डेफिसिट की बात की, ट्राइबल मिनिस्ट्री या ट्राइबल के लिए जो बजटिंग होती है, मैं उसके बारे में बताना चाहता हूं। जो नीति बनाई गई थी, वह 70 के दशक में बनाई गई थी कि किस तरीके से राज्य बजट का

प्रावधान करेगा, किस तरीके से विकासात्मक कार्यक्रमों को प्लान और ट्राइबल सब-प्लान के आधार पर राज्य उन राशियों का व्यय और योजनाओं का कार्यान्वयन करेगा या चिहिन्त करेगा या प्राथमिकता देगा।

यह नीति होने के बावजूद, मैं जब रिपोर्ट देखता हूं, इस नीति को यू.एन. ढेबर के समय बनाया गया था। यू.एन. ढेबर इस कमिशन के मेंबर थे, जिन्होंने इसकी अनुशंसा की थी कि देश के डेवलपमेंट के लिए ट्राइबल एरिया में क्या पॉलिसी होनी चाहिए। इसको कभी भी फॉलो नहीं किया गया। इसके साथ ही जातियों से संबंधित विसंगति को लेकर बात है।

यह बात सही है, हम इस देश के पार्लियामेंट में बैठे हुए हैं, यह पूरे देश का प्रतिनिधित्व करने वाला संसद है। यहां बहुत सारे कम्युनिटीज के लोग और बहुत सारे प्रदेशों के लोग हैं, किसी भी समुदाय का नाम लेते समय फोनेटिक्स में वेरिएशन होगा। ऐसे भी कई समुदाय देखे गए हैं, जिसमें इस तरह की विसंगति है, इसलिए उस समुदाय को यदि झारखंड में पर्यायवायी के रूप में लाया गया है क्योंकि ऐसी चीजें अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग तरीके से होती है।

यदि हम 100 साल पहले की बातों को देखें तो पहला डॉक्यूमेन्टेशन हुआ था, हम सब लोग इतिहास जानते हैं। इस देश में यदि देखा जाए तो डॉक्यूमेन्टेशन का काम खासकर पैमाइश आधारित लैंड रिकार्ड्स टोडरमल के समय में शुरू हुआ था और दूसरा अंग्रेजों के समय शुरू हुआ था। अंग्रेजों के समय में ट्राइबल और ट्राइबल एरिया में एजुकेशन कितनी थी या कितनी समझ थी, वे कास्ट के रूप में नहीं जीते थे बल्कि कैरेक्टर के रूप में जीते थे। उनके चारित्रिक गुण थे, इसी बात को लोकुर कमेटी ने अपनी अनुशंसा में कहा कि जब आप इन सारे मानकों को तय करें तो इन विशिष्ट गुणों को ध्यान में रखते हुए ही रिसर्च करना चाहिए। पांच मापदंड तय किए गए जिसमें उनके करैक्टर को डिफाइन किया गया कि वे किस तरीके से रहते हैं।

महोदय, अंग्रेजों के शासन से पहले मुगलों का शासन था। मुगलों से पहले रियासतें थीं और रियासतों से पहले का बहुत इतिहास है जैसे पाल वंश था, मौर्य डाइनेस्टी थी। देश में कई तरह की डाइनेस्टीज़ थीं । मुगल रियासत थी और तरह-तरह के नवाब थे । इसके बाद अंग्रेजों का शासनकाल आया। अंग्रेजों के शासनकाल में एन्थ्रोपोलिजिकल ओर लैंड रिलेटिड विषय आए।

पहला चार्टर वर्ष 1600 में आया था। पहली प्रेसीडेंसी, जहां अंग्रेजों की हुकूमत थी, बंगाल प्रेसीडेंसी में कानून और गवर्नेंस की मान्यता सबसे पहले प्रारंभ हुई। डॉक्युमेंटेशन का कार्य अंग्रेजों ने किया था। उस डाक्युमेंटेशन में कई प्रकार की चीजों का उल्लेख किया गया था। वर्ष 1931 के बाद सैंट्रल गवर्नेंस की पॉलिसी बनी और इंडिया एक्ट 1935 में इन सब बातों का जिक्र किया गया था कि किस तरीके से, किस एरिया में, किस भूभाग में कितने लोग रहते हैं, उनका रहन-सहन क्या है। इसके बाद देश आजाद हुआ और आजादी के बाद हमने संविधान सभा में चर्चा की।

महोदय, संविधान सभा में चर्चा करते हुए बहुत चीजों को सम्मिलित किया । क्षेत्र का विश्लेषण किया गया और जातियों का विश्लेषण किया गया। कई जातियों के बारे में हमने सीधे तौर पर भाषागत दृष्टि से अध्ययन किया कि कौन किस लिंग्विस्टिक रूप में आती है, इनका वर्गीकरण किया। बहुत जातियों का समावेश किया, लेकिन बहुत पर्यायवाची शब्द छूटते चले गए। हम आपके सामने जो लेकर आए हैं, इसमें लोकुर कमेटी का रिकमेंडेशन है। वर्ष 1965 में लोकुर कमेटी बनने के बाद भी उस समय की सरकार ने उस रिकमेंडेशन का अनुपालन नहीं किया। आप समझ लीजिए कि वर्ष 1965 के बाद हमने औपचारिकता की, वह मापदंड तय कर सकते थे, लेकिन फिर से सब चीजों का शोध कराना पड़ा। हमारे पास जो प्रतिनिधि आए या जो रिपोर्ट आई, उसके आधार पर हमने सभी राज्यों को कहा। यह लगातार चल रहा है। यहां जितनी जातियों के बारे में कह रहे हैं, मेरिट पर डिसकशन होती है, रिसर्च पेपर बनता है। टीआरआई या राज्य सरकार जिसे शोध के लिए देती है, उसकी अनुशंसा राज्य के माध्यम से केंद्र सरकार को प्राप्त होती है और केंन्द्र सरकार आरजीआई को वैटिंग के लिए रैफर करती है कि इसे एन्थ्रोपोलिजिकल साइट से लें, क्योंकि सेंसस के डेटा का कार्य आरजीआई देखती है। उसके बाद कमीशन फील्ड में विजिट

करके सारी चीजों का पुनर्मूल्यांकन करता है । हम इतनी सारी चीजों को पूरा करने के बाद मंत्रिपरिषद् के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति जी के अनुमोदन उपरांत सदन में चर्चा के लिए लेकर आते हैं। माननीय सदस्यों के जितने भी जाति संबंधी विषय हैं, उन मामलों को सरकार गंभीरता से देख रही है कि मेरिट के आधार पर सब चीजों को कैसे लेकर आएं।

महोदय, वर्ष 2013 में पांडा कमेटी बनी थी, उसके मामले पर गंभीरता से चर्चा हुई और कमेटी ने ऑब्जर्व किया कि सारी चीजें शोध के साथ आएं। यह बात सही है कि इसमें कई मैम्बर्स थे, लेकिन वे मैम्बर भी इस बात से सहमत नहीं हुए जिसका उल्लेख रिपोर्ट में आया है। हम चाहते हैं कि इन सब चीजों की औपचारिकता पूरी हो । हमने सब राज्यों को पत्र लिखा है । मैंने सब मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है, क्योंकि 75 वर्नेबल ट्राइब्स ग्रुप हैं, जिसे पीवीटीजी कहते हैं। इनकी संख्या या तो स्टेगनेंट है या घट रही है। हमने वर्ष 2011 सेंसस से स्टडी करते हुए मुख्यमंत्रियों से कहा कि जिनके राज्य में इन जातियों का निवास है, जो जंगलों के ऊपर रहते हैं, पहाड़ों में रहते हैं, इनकी संख्या घट रही है और ये ट्राइबल सूची में ही नहीं हैं। जबकि इनका चिह्नितकरण किया गया है लेकिन फिर भी इनकी संख्या घट रही है, ये प्रिमिटिव ट्रैक को रखते हैं । इनमें भी औपचारिकता पूरी होनी चाहिए, तभी हम इसे मंत्रिपरिषद के सामने ले कर जा सकते हैं।

ऐसे सारे मापदंडों को पूरा करते हुए हम अपना कार्य कर रहे हैं । डेवलपमेंट का नया आयाम जोड़ने का काम माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में हो रहा है । मैं समझता हूं कि यह एक ऐतिहासिक कालखंड है, जब आदिवासियों के समग्र विकास की चिंता, बहुआयामी व्यक्तित्व की चिंता और उसके हर तरह के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक विरासत बनी रहे और शिक्षा में प्रगति हो, इसकी चिंता हम कर रहे हैं । इसी सरकार ने सबसे अधिक विद्यालयों की संख्या सभी ब्लॉक स्तर और खंड स्तर तक बनाने का निश्चय किया है, जिसकी स्वीकृति वित्त मंत्रालय ने वर्ष 2024 तक के लिए की है और हमें 25,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि देने की स्वीकृति दी है।

अध्यक्ष महोदय, आज वास्तविक रूप से जिन जातियों के बारे में इस सदन ने विचार किया है, उसमें अनुसूचित जनजातियों की सूची में भोगता, देशवारी, गंझू, दौतलबन्दी, पटबंदी, राउत, माझिया, खैरी को खरवार के पर्यायवाची, मैं निश्चित रूप से कहूंगा कि नीलाम्बर और पीताम्बर इस धरती के लाल थे । उन आदिवासी की कोख से जन्म लेने वाले योद्धा थे, जिनके वंशज को आज यहां पर इस सदन में चर्चा करने के बाद माननीय नरेन्द्र भाई मोदी जी के माध्यम से स्वीकृति मिल रही है।

अध्यक्ष महोदय, इसलिए, मैं अनुसूचित जनजातियों की सूची क्रम संख्या झारखंड के मुंडा के पर्यायवाची के रूप में तमरिया (तमड़िया) को शामिल करने और पुरान को क्रम संख्या-32 के बाद जोड़ने के प्रस्ताव को आपके समक्ष और सदन के समक्ष रखता हूं। आपने इस विषय पर चर्चा कराने का हमें मौका दिया है।

अध्यक्ष महोदय, कुछ माननीय सदस्यों की चिंता है कि जहां पर आबादी के हिसाब से इसमें पेसा एक्ट और पंचायत एक्सटेंशन, जो पूरे देश भर में अनुसूचित क्षेत्र में लागू है, वह इन सारे क्षेत्रों में लागू होगा । यह प्रावधान निश्चित रूप से इसके माध्यम से होगा । मैं आपका अभारी हूं । मैं प्रस्ताव करता हूं कि इस विधेयक को पारित किया जाए।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:-

"कि झारखंड राज्य के संबंध में अनुसूचित जातियों की सूची में से भोगता समुदाय का लोप करने के लिए संविधान आदेश (अनुसूचित जातियां), 1950 तथा झारखंड राज्य के संबंध में अनुसूचित जनजातियों की सूचियों में कतिपय समुदायों को सम्मिलित करने के लिए संविधान आदेश (अनुसूचित जनजातियां), 1950 का और संशोधन करने वाले विधेयक, राज्य सभा द्वारा यथापारित, पर विचार किया जाए।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

माननीय अध्यक्ष : अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

प्रश्न यह है :

"कि खंड 2 और 3 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 और 3 विधेयक में जोड़ दिये गये।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी प्रस्ताव करें कि विधेयक को पारित किया जाए।

श्री अर्जुन मुंडा : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ:

"कि विधेयक को पारित किया जाए।"

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक को पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: सभा की कार्यवाही बुधवार, 6 अप्रैल, 2022 को ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

20.48 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, April 6, 2022/Chaitra 16, 1944 (Saka).

INTERNET

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following addresses:

http://www.parliamentofindia.nic.in
http://www.loksabha.nic.in

LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjourn of the House.

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha (Sixteenth Edition)